राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 269
नई दिल्ली
बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"
नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री ...
06 करोड़ों लोगों के लिए प्रणास्त्रोत हैं...
12 गाजा युद्धविराम समझौते के समर्थन में दस्तावेज पर...

## संक्षिप्त सार

### बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

नई दिल्ली। भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय



कुमार सिन्हा को क्रमशः तारापुर और लखीसराय सीट से टिकट दिया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और राज्य मंत्री रेणु देवी को क्रमशः कटिहार और बेतिया से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा द्वारा जारी सूची के अनुसार, राज्य मंत्री नीतीश मिश्रा फिर से झंझारपुर सीट और मंगल पांडे सीवान से चुनाव लड़ेंगे। श्रेयसी सिंह जमुई सीट से चुनाव लड़ेंगी। बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी मुख्यालय, 'लॉन्च पैड्स' तबाह कर दिए गए : शाह



मानेसर (हरियाणा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और 'लॉन्च पैड्स' को तबाह कर दिया गया। आतंकवाद रोधी 'ब्लैक कैट' कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस पर यहां उसके मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बल का छठा केंद्र स्थापित करने जा रही है। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में आतंकवादी मुख्यालयों, उनके प्रशिक्षण केंद्रों और लॉन्च पैड्स को नष्ट किया है।' भारतीय रक्षा बलों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत मई में पाकिस्तान में आतंकी बुनियादी ढांचे और रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। एनएसजी गृह मंत्रालय के अधीन एक संघीय आकस्मिक बल है। इसकी स्थापना 1984 में हुई थी।

### जयराम रमेश ने बीआर आंबेडकर की बौद्ध धर्म में औपचारिक दीक्षा की वर्षगांठ पर उन्हें किया याद



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि 69 वर्ष पहले आज ही के दिन डॉ बी.आर. आंबेडकर और उनकी पत्नी सविता आंबेडकर को नागपुर में औपचारिक रूप से बौद्ध धर्म की दीक्षा दी गई थी और उसके बाद संविधान निमार्ता ने करीब पांच लाख लोगों को खुद तैयार की गई 22 क्रांतिकारी शपथ दिलाई थीं। कांग्रेस महासचिव रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी बताया कि भारत ने 1956 में गौतम बुद्ध के जन्म की 2500वीं वर्षगांठ मनाई थी। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर 1956 को ही डॉ. आंबेडकर और उनकी पत्नी डॉ. सविता आंबेडकर को नागपुर में बर्मा के बौद्ध भिक्षु भिक्कू चंदीरमानी ने औपचारिक रूप से बौद्ध धर्म में दीक्षित किया था। रमेश ने कहा, इसके बाद भारतीय संविधान के प्रमुख निमार्ता ने लगभग पांच लाख लोगों को दीक्षा प्रदान की तथा उन्हें स्वयं द्वारा तैयार की गई 22 क्रांतिकारी शपथ भी दिलाईं।

# मंगोलिया के नागरिकों को नि :शुल्क ई-वीजा देगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगोलिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की है।




मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक बहुत विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निःशुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दस वर्ष पहले हुई रणनीतिक साझेदारी का विस्तार हुआ है और यह प्रगाढ हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी लगातार मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत और मंगोलिया के संबंध केवल राजनयिक नहीं है यह हमारे बीच आत्मीय और आध्यात्मिक बंधन है। हमारे संबंधों की असली गहराई और व्यापकता हमारे लोगों के बीच संपर्क में दिखाई पड़ती है।' प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच अध्यात्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों – सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया की 'गंदन मॉनेस्टेरी' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेगा ताकि वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके मोदी ने मंगोलिया में बौद्ध धर्म के लिए नालंदा विश्वविद्यालय की अहम भूमिका का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि नालंदा और 'गंदन मॉनेस्टेरी' को साथ जोड़कर हम इस ऐतिहासिक संबधो में एक नई उर्जा लायेंगे। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने वृक्षारोपण भी किया। मोदी ने कहा, 'राष्ट्रपति हुरेलसुख ने अपनी स्वर्गीय माताजी के नाम पर जो वटवृक्ष लगाया है, वह आने वाली कई पीढ़ियों तक हमारी गहरी मित्रता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रहेगा।

## गूगल की निवेश योजना को देश को टेक्नोलॉजी नेतृत्व देने वाली : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी टेक कंपनी गूगल की निवेश योजना को विकास के लिए उपयोगी और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करने वाला बताया है। गूगल आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब और गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर विकसित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। नरेन्द्र मोदी के अलावा केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उद्योगपति गौतम अडानी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए इसे देश की डिजिटल प्रगति, युवाओं के लिए अवसर और एआई नेतृत्व की दिशा में बड़ा कदम बताया है। नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्हें विशाखापत्तनम जैसे गतिशील शहर में गूगल एआई हब के शुभारंभ से बेहद प्रसन्नता हुई है। यह बहुआयामी निवेश गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शामिल करता है, जो विकसित भारत के उनके विजन से मेल खाता है।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार जरूरी, भारत नियम आधारित व्यवस्था का पक्षधर : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की पुरजोर वकालत करते हुए कहा है कि विश्वास के संकट का सामना कर रही यह संस्था मौजूदा वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं होने के कारण चुनौतियों से निपटने में विफल रही है। रक्षा मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सिंह ने मंगलवार को यहां भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों का योगदान देने वाले देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पुराने बहुपक्षीय ढांचे पर सवाल उठाते हुए इसमें सुधारों की वकालत की। उन्होंने कहा, हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना, संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए, हमें एक सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता है, जो आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे, सभी हितधारकों की आवाज बनें, समकालीन चुनौतियों का समाधान करे और मानव कल्याण पर केंद्रित हो। कुछ देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नियमों की खुलेआम धज्जी उडाये जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पुरानी अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूती से कायम रखने में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा, 'आजकल, कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, कुछ उन्हें कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ अपने नियम बनाकर अगली सदी पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं।



**● सिंह ने मंगलवार को यहां भारतीय सेना द्वारा सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों का योगदान देने वाले देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पुराने बहुपक्षीय ढांचे पर सवाल उठाते हुए इसमें सुधारों की वकालत की।**

# कोदो-कुटकी का पहली बार उपार्जन किये जाने का निर्णय

## सोयाबीन उत्पादक किसानों को लाभांवित करने भावांतर योजना की स्वीकृति

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रमुख कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों के कृषकों से पहली बार कोदो-कुटकी उपार्जन का किये जाने का निर्णय लिया, जिससे अधिक से अधिक जनजातीय कृषकों को फायदा होगा। इस के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रमुख कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों जबलपुर, कटनी, मण्डला, डिंडोरी, छिंदवाडा, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी एवं सिंगरौली के कृषकों से कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। साथ ही अन्य जिलों से मांग आने पर उन जिले के कृषकों से भी उपार्जन किये जाने पर विचार किया जायेगा। श्रीअन्न उत्पादक जिलों के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रुपए प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से लगभग 30 हजार मेट्रिक टन का उपार्जन किया जायेगा। इसके लिए श्रीअन्न फेडरेशन को 80 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण शासन के मूल्य स्थिरीकरण कोष से प्रदाय किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में प्रदेश के सोयाबीन के किसानों को लाभांवित किये जाने के लिए भारत सरकार की प्राईज डिफिसिट पेमेन्ट स्कीम लागू की गयी है, जो प्रदेश में भावांतर योजना कहलायेगी। प्रदेश में सोयाबीन भावांतर योजनांतर्गत 24 अक्टूबर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक सोयाबीन का विक्रय, राज्य की अधिसूचित मंडियों में किया जायेगा। प्रदेश की मंडियों में 14 दिवस के सोयाबीन के विक्रय मूल्य के औसत के आधार पर सोयाबीन के मॉडल रेट की गणना की जायेगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य से विक्रय दर/मॉडल रेट अंतर की राशि पंजीकृत कृषकों के पोर्टल पर दर्ज बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से अंतरित की जायेगी।



**● सोयाबीन किसानों के लिए भावांतर योजना की स्वीकृति**

# 'मातृ-पितृ तीर्थाटन यात्रा' का हुआ शुभारंभ : सीएम धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हल्द्वानी (उत्तराखंड। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल जनपद के हल्द्वानी सर्किट हाउस से वरिष्ठ नागरिकों के पवित्र ह्यमातृ-पितृ तीर्थाटन यात्राह्न के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सामाजिक एवं धार्मिक कल्याणकारी योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बुजुर्ग नागरिकों को निःशुल्क पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की जड़ हैं। उनके आशीर्वाद से ही समाज में नैतिकता, संस्कृति और आस्था की जड़ें मजबूत होती हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि हमारे वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने अपना जीवन समाज और परिवार के लिए समर्पित किया, उन्हें अब जीवन के इस पड़ाव में श्रद्धा, शांति और अध्यात्म का सुकून मिले। उन्होंने कहा कि मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना उत्तराखंड सरकार की एक संवेदनशील पहल है, जो 'सेवा ही धर्म' की भावना पर आधारित है। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर दे रही है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को भी मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुखद और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ तिलक लगाकर विदा किया और कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि उत्तराखंड की 'सेवा और संस्कार' की परंपरा का सशक्त प्रतीक भी है। तीर्थाटन यात्रा के पहले दल में कुल 32 श्रद्धालु (19 महिलाएं एवं 13 पुरुष) शामिल हैं। यह यात्रा पांच दिनों की होगी, जिसमें यात्री गंगोत्री धाम के साथ-साथ रास्ते में आने वाले हरिद्वार, उत्तरकाशी, काशीपुर और अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा की संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) द्वारा संभाला गया है। श्रद्धालुओं के आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा और परिवहन व्यवस्था के लिए निगम द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।



# ग्राम पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, ग्रामीण विकास की आत्मा हैं: आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नवाचार को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

एक बयान के मुताबिक, बैठक में प्रस्तुत किये गए विवरण के अनुसार पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं 'यूजर चार्ज' (उपयोगकर्ता शुल्क) संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचार पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीक के उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता, दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर या आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा तालाबों/पोखरों को सूचीबद्ध किये जाने और उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत और जिला पंचायत के अधीन तालाबों/पोखरों का पट्टा समयबद्ध तरीके से आवंटित किया जाए तथा इनसे प्राप्त राशि का उपयोग हर घर नल और जल संरक्षण आदि में किया जाए। उन्होंने इसके लिए एक स्पष्ट नियमावली तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल सेवा वितरण का प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने।



**एक बयान के मुताबिक, बैठक में प्रस्तुत किये गए विवरण के अनुसार पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं 'यूजर चार्ज' (उपयोगकर्ता शुल्क) संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचार पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीक के उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता, दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर या आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।**

**पंजीकरण** | **न्यायालय ने 15 अक्टूबर को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक**

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर 28 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की उस याचिका पर सुनवाई 28 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध की है जिसमें 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के 'उम्मीद' पोर्टल में अनिवार्य पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ से वकील निजाम पाशा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की आवश्यकता है क्योंकि छह महीने की अनिवार्य समय अवधि समाप्त होने वाली है। मंगलवार को एक और ऐसी ही याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया। पीठ ने कहा कि वह नई याचिका को भी सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। न्यायालय ने 15 अक्टूबर को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी, जिसमें एक खंड यह भी शामिल है कि केवल पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही वक्फ बना सकते हैं लेकिन इसके पक्ष में संवैधानिकता की धारणा को रेखांकित करते हुए पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। न्यायालय ने केंद्र सरकार को राहत देते हुए कहा था कि नये संशोधित वक्फ कानून में 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटाना प्रथम दृष्टया मनमाना नहीं था और सरकार द्वारा वक्फ की जमीनें हड़प लेने संबंधी दलीलें 'अमान्य' हैं।

'वक्फ बाय यूजर' से आशय ऐसी संपत्ति से है, जहां किसी संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना भी धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो।

यह प्रावधान नये कानून को चुनौती देने में विवाद का मुख्य कारण बन गया। इससे पहले नौ अक्टूबर को ओवैसी की ओर से पेश हुए पाशा ने कहा था कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने की मांग वाली विविध अर्जी पर सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संशोधित कानून में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए छह महीने का समय दिया गया था और 'फैसले में पांच महीने बीत गए, अब हमारे पास केवल एक महीना बचा है।' 'उम्मीद' पोर्टल में भारत भर में सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण छह महीने के भीतर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने का प्रावधान है।




**● 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के 'उम्मीद' पोर्टल में अनिवार्य पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया है**

# तालिबानी मंत्री के स्वागत पर भड़के जावेद अख्तर बोले-ये महिलाओं पर जुल्म ढाने वाले

नई दिल्ली। मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने तालिबानी विदेश मंत्री के भारत में भव्य स्वागत पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने खरे शब्दों में तालिबान को महिलाओं पर जुल्म ढाने वाली और उनके हक का हनन करने वाली इस्लामिक संगठन बताया है। लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने एक्स पर पोस्ट कर अपनी नाराजगी खुलेआम जाहिर की। बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब जावेद अख्तर ने किसी राजनैतिक मामले में अपना पक्ष रखा है। वो इससे पहले भी कई बार राजनीति और समाज से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रख चुके हैं। हाल ही में जावेद अख्तर ने सेंसर बोर्ड पर तंज कसते हुए फिल्म इंडस्ट्री की मदार्नी सोच पर प्रहार किया था। उन्होंने कहा था कि आज भी ज्यादातर फिल्में मर्दों के लिए बनती हैं। अपने एक्स पर अख्तर ने सहारनपुर के दारुल उलूम देवबंद को भी तालिबान मंत्री के भव्य स्वागत के लिए फटकार लगाई। लेखक और गीतकार ने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे शर्म आती है। मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। जब मैं देखता हूं कि दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकवादी समूह तालिबान के प्रतिनिधि को किस तरह का सम्मान दिया गया और उसका देश में किय तरह का भव्य स्वागत किया गया है। वो अपने पोस्ट में अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए आगे लिखते हैं, जो लोग हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज उठाते हैं, उन लोगों ने भी तालिबान का इतना भव्य स्वागत किया। देवबंद को भी शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने अपने 'इस्लामिक हीरो' का इतना आदरपूर्ण स्वागत किया, जो उन लोगों में से एक है जिन्होंने लड़कियों की शिक्षा को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। ये उन लोगों में से एक हैं जो महिलाओं पर जुल्म ढाते हैं। मेरे भारतीय भाइयों और बहनों हमारे साथ क्या हो रहा है। ये हमें क्या हो गया है। जावेद अख्तर ने अश्लील फिल्मों पर बात करते हुए कहा था कि ये सोच की वजह से है। मानसिक सेहत पर फिल्मों के असर पर कहा कि ऐसी फिल्मों की लोकप्रियता समाज की अनुमति से जन्म लेती है जो पुरुषों की मेंटल हेल्थ की वजह से बनाई जा रही हैं।



**● जावेद अख्तर ने किसी राजनैतिक मामले में अपना पक्ष रखा है**

# संभव जनसुनवाई में मिली 21 शिकायते, 5 का निस्तारण

*** नगर निगम के विभिन्न कार्यालय में अधिकारियों ने सुनी जन शिकायते**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित संभव, संतुष्टि एवं समृद्धि कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भूतेश्वर नगर निगम कार्यालय पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, वृंदावन जोनल कार्यालय पर अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय में अवर अभियंता जल अजय कुमार एवं सफाई निरीक्षक सौरभ अग्रवाल द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान जन शिकायतों के तुरंत एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया।



जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त ने समस्त शिकायतो का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया। सुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में 15 शिकायत प्राप्त हुई। जिनमें से 4 अतिक्रमण, 6 स्ट्रीट लाइट, एवं 3 स्वास्थ्य विभाग तथा 2 जलकल विभाग से संबंधित शिकायतें मिली। जिनमें से पांच स्ट्रीट लाइट संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वृंदावन जोन में कुल 6 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमे 2 निर्माण, 2 जलकर, 1 सफाई तथा एक अतिक्रमण से संबंधित शिकायत थी। कुल 21 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, कल्पना सिंह चौहान, अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल सिंह, अधिशासी अभियंता जल राम कैलाश, अवर अभियंता जल गंगासागर तथा अवर अभियंता विद्युत शैलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# दीपावली पर्व को लेकर नगर आयुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

*** परिक्रमा मार्ग व केसी घाट का किया निरीक्षण, संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** पांच दिवसीय दीपोत्सव के दृष्टिगत मंगलवार को नगर आयुक्त ने वृंदावन के केसी घाट तथा परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सफाई व्यवस्था, वाटर लागिग, अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था तथा पेच वर्क आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि यम द्वितीया पर्व से पूर्व घाटों की डि-सिल्टिंग (गाद हटाने) का कार्य पूर्ण किया जाए। घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। स्वच्छता के लिए केसी घाट के आसपास लगे डस्टबिन की साफ सफाई की जाए तथा आवश्यकता अनुसार और डस्टबिन



लगाए जाएं। नगर आयुक्त ने उज्जवल बृज संस्था को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग एवं घाटों के आसपास उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था बनाए रखें। कूड़ा स्थलों की समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए। अवर अभियंता (निर्माण) अरुण कुमार को निर्देशित किया कि यमुना नदी के दोनों किनारों पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम एवं स्टीमर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। परिक्रमा मार्ग पर आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान संचालित करें। घाटों एवं उनसे जुड़े मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए। साथ ही घाटों पर सोलर लाइट्स स्थापित की जाए। नालों की टेपिंग की जाए। घाटों एवं मार्गों पर वॉटर लॉगिंग की कोई समस्या न रहे इसकी विशेष व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक, अधिशासी अभियंता राम कैलाश, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र, सफाई निरीक्षक सुभाष चंद्र, अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी अनिरूद्धाचार्य ने कहा-टीबी से डरना नहीं, इलाज कराना है : स्वामी अनिरूद्धाचार्य

*** जिला क्षय रोग अधिकारी ने स्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज से की मुलाकात, भारत सरकार के अभियान की दी जानकारी, मांगा सहयोग**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर संजीव यादव ने अधीनस्थों के साथ वृंदावन में स्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज से मुलाकात की औरभारत सरकार के मुख्य क्षय रोग अभियान-प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। क्षयरोग (टीबी) के प्रति जनजागरूकता विभिन्न माध्यमों से बढ़ाने की अपील की। स्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज ने इसको स्वीकार करते हुए ब्रजवासियों एवं देशवासियों से अपील की कि टीबी से डरना नहीं, इलाज कराना है। यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। आइए, हम



सब 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी रोगियों की सुलभ देखभाल में सहभागी बनें। परेशानी होने पर नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें। जांच एवं उपचार कराएं। सभी सुविधाएं फ्री हैं। डीटीओ ने स्वामी अनिरूद्धाचार्य को बताया कि भारत टीबी मुक्त अभियान की जानकारी दी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि धर्मगुरुओं का साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अत्यंत प्रभावी भूमिका निभाएगा। धार्मिक आस्था और सामाजिक चेतना के इस समन्वय से मथुरा ÷क्षयरोग मुक्त जनपद÷ बनने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा रहा है। धर्मगुरुओं से धार्मिक कार्यक्रम एवं सोशल मीडिया के माध्यम से ब्रजवासियों को जागरूक करना है, जिससे मथुरा जल्द से जल्द टीबी मुक्त हो सके। धर्मगुरुओं से संपर्क किया जा रहा है। समन्वयक आलोक तिवारी, वरिष्ठ अखिलेश तिवारी ने मरीजों को उपब्लध कराई जा रही पोषण किट की जानकारी दी। साजिद बेग, लोकेश, अंकित शुक्ला, धर्मेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# खून की कमी और ब्लड कैंसर के मरीजों के लिए बड़ी राहत

*** अब आगरा में हेमेटो ऑन्कोलॉजी ओ.पी.डी.**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** अब खून की कमी, प्लेटलेट्स की कमी, थैलेसीमिया, सिकल सेल डिजीज और ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज आगरा में ही उपलब्ध होगा। आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने मरीजों की सुविधा के लिए हेमेटो ऑन्कोलॉजी ओ.पी.डी. की शुरुआत कैलाश मेडि क्लिनिक, कमला नगर, आगरा में की है। इस ओ.पी.डी. में डॉ. विवेक मोहन, कंसल्टेंट दृ हेमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम, हर महीने के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक मरीजों को परामर्श



देंगे। कार्यक्रम के अवसर पर मनोज अरोड़ा (सीनियर मैनेजर) एवं फरीद खान (ग्रुप हेड), आर्टेमिस हॉस्पिटल भी उपस्थित रहे। साथ ही, डॉ. शुभम सिंघल (कार्डियोलॉजिस्ट एवं मालिक कैलाश मेडि क्लिनिक, आगरा) ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आगरा के मरीजों को अब रक्त संबंधी रोगों के लिए दिल्ली-जयपुर तक जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श, जांच एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट संबंधी जानकारी कैलाश मेडि क्लिनिक, कमला नगर, केनरा बैंक के सामने, आगरा होगा।

# आख़िर त्योहारों पर ही क्यों खाद्य विभाग की आंखें खुलती हैं शेष समय में क्यों नहीं ?

*** खाद्य विभाग की मिलीभगत या फिर घोर उदासीनता का खामियाजा भुगत रहा नागरिक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर/चिलकाना।** आगामी त्योहारों के चलते कुछ दुकानदार सिंथेटिक दूध मावा और पनीर से रंग बिरंगी मिठाइयां तैयार कर बाज़ार में भेज जन मानस के साथ धोखा कर रहे हैं। परन्तु इन दुकानदारों से बड़ा गुनाहगार खाद्य पदार्थो की सुरक्षा का दम भरने वाला विभाग या फिर संबंधित अधिकारी भी कम दोषी नहीं है। जिन्होंने मौखिक रूप से खुली छूट प्रदान की हुई है। यही कारण है कि खाद्य विभाग केवल खानापूर्ति मात्र छापे मारी कर अपनी ड्यूटी समझ बैठा है जबकि पूरी जनता के सेहत की जिम्मेदारी विभाग के कंधों पर टिकी है। खाद्य विभाग की घोर उदासीनता के चलते ही बाजारों लगभग सभी खाद्य पदार्थ नकली बिक रहा है। सरसों का तेल जो हमारी जिंदगी में अहम भूमिका रखता है ज्यादातर नकली, घी, रिफाइंड, पिसे मसाले, दूध दही, पनीर देसी घी व मावा सहित बाज़ार में मिलने वाला मिष्ठान अक्सर सेहत को नुकसान देने वाला बिक रहा है। क्या कारण है कि खाद्य विभाग समय पर न जागरूक होकर केवल त्योहारी सीजन पर ही अपने तेवर दिखाता है।

यदि सूत्रों की मानें तो खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी छापामारी कर केवल महीना सेट करने का काम करते हैं और उन्हें नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं है। यही कारण है कि खाद्य विभाग मौन है। चिलकाना व ग्रामीण क्षेत्रों में सिंथेटिक दूध, मावे व पनीर से रंग बिरंगी मिठाइयां गुलाब जामुन सफेद रसगुल्ले बर्फी मिल्क केक आदि तैयार किये जा रहे हैं, यही नहीं मिठाइयां बनाने वाले सिंथेटिक दूध पनीर मावा सिंथेटिक पाउडर से निकल रहे हैं। तथा अपने गोदाम मे मिल्क पाउडर के गट्टे पहले रख दिये है खाद्य सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों ने कई बार चिलकाना में मिठाइयों के गोदाम में छापा मारी कर मिठाइयों के सैंपल भी लिए थे। लेकिन मिठाइयां बनाने वाले दुकानदार बेखोप होकर आज भी उसी गति से आगामी त्योहारों के लिए सिंथेटिक मिठाइयां बनकर तैयार कर रहे हैं। आखिर कब अपनी जिम्मेदारी समझेगा खाद्य विभाग? आपको बता दें कि अभिहित अधिकारी एक सरकारी अधिकारी होता है, जिसे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत नियुक्त किया जाता है, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराता है। वे खाद्य व्यवसाय की जांच करते हैं, निरीक्षण करते हैं और नियम तोड़ने पर कानूनी कार्रवाई करते हैं, जैसे कि जुर्माना लगाना या नोटिस जारी करना आदि।

आपको बता दें कि इनके मुख्य कार्यों में

खाद्य नियमों का पालन सुनिश्चित करना- यह सुनिश्चित करना कि खाद्य उद्योग से जुड़े सभी प्रतिष्ठान (जैसे रेस्तरां, होटल, आदि) खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं या फिर नहीं। निरीक्षण और जांच- खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करना, जिसमें रसोई की सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच शामिल है। खामियां मिलने पर अभिहित अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। यदि निरीक्षण में गंदगी, खराब भोजन या अन्य अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो अधिकारी संबंधित फर्म को नोटिस जारी कर सकते हैं या अन्य कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। उपायुक्त जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करवाकर खाद्य सुरक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करना इनका प्रमुख दायित्व है। परन्तु ऐसा लगता है जैसे खाद्य सुरक्षा विभाग को शासन द्वारा केवल त्योहारी सीजन के लिए ही नियुक्त किया है। यदि गंभीरता पूर्वक देखा जाए तो पूरी जनता के स्वास्थ्यों का जिम्मा इसी विभाग पर टिका है।

# दुर्गापुर गैंगरेप केस-एनसीडब्ल्यू की रिपोर्ट में अपर्याप्त सुरक्षा, कमजोर निगरानी और जांच में लापरवाही का जिक्र

**दुर्गापुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार ने आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज दुर्गापुर की मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म पर अपनी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में अस्पताल और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था, जांच प्रक्रिया और कानून-व्यवस्था में गंभीर लापरवाही की ओर इशारा किया गया है।

यह घटना 10 अक्टूबर की रात को कॉलेज परिसर के पास स्थित जंगल क्षेत्र में हुई। मीडिया में खबर सामने आने के बाद 11 अक्टूबर को डॉ. मजूमदार ने स्वयं मौके पर जाकर पीड़िता, अस्पताल प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

पीड़िता के लिखित और मौखिक बयान के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे वह अपने पुरुष मित्र वासीफ अली के साथ कॉलेज परिसर से बाहर भोजन खरीदने गई थी। दोनों लगभग 1.5 किलोमीटर दूर स्थित रेस्टोरेंट की ओर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि बाइक पर तीन लोग उनका पीछा कर रहे हैं।

खतरा भांपते हुए वे पास के जंगल क्षेत्र की ओर भागे। उसी दौरान बाइक सवार युवक उनके पीछे पहुंच गए। रिपोर्ट के मुताबिक, उनमें से दो ने छात्रा से दुष्कर्म किया, जबकि तीसरा व्यक्ति पहरा देता रहा। कुछ देर बाद दो और लोग वहां आ गए और छात्रा के फोन से उसके मित्र को बुलाकर धमकाया। बाद में पीड़िता को खून से लथपथ हालत में कॉलेज हॉस्टल लाया गया, जहां उसे तुरंत आईक्यू सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

डॉ. अर्चना मजूमदार ने अस्पताल में इलाज कर रहे स्त्री रोग विशेषज्ञों और डॉक्टरों से बातचीत की। डॉक्टरों के अनुसार, छात्रा को गंभीर रक्तस्राव और दर्द की हालत में अस्पताल लाया गया था। उसका मेडिको-लीगल परीक्षण किया गया और फोरेंसिक नमूने (स्वैब्स) पुलिस को सौंपे गए। अगले दिन छात्रा को पोस्ट-ऑपरेटिव केयर यूनिट में भर्ती किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल से जुड़ी सड़क घने जंगल से होकर गुजरती है, जहां न तो स्ट्रीट लाइट है और न ही सीसीटीवी की निगरानी। यह इलाका रात में बेहद असुरक्षित रहता है। पुलिस की नियमित गश्त का भी कोई प्रमाण नहीं मिला। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया 'रात्रि साथी' प्रोजेक्ट इस क्षेत्र में पूरी तरह निष्क्रिय मिला।

इसके अलावा अस्पताल में आंतरिक शिकायत समिति के बारे में कोई सूचना या यौन उत्पीड़न की रोकथाम गाइडलाइन का प्रदर्शन नहीं मिला, जो यौन उत्पीड़न निवारण कानून, 2013 का सीधा उल्लंघन है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 12 अक्टूबर तक पुलिस ने अपराध स्थल को सील नहीं किया, जिससे सबूतों के नष्ट होने की संभावना बढ़ गई। फोरेंसिक जांच भी अधूरी रही।

रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि पीड़िता को निशुल्क और उच्चस्तरीय चिकित्सा उपचार दिया जाए। जरूरत पड़ने पर उसे एम्स कल्याणी या भुवनेश्वर भेजा जाए। सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला चलाया जाए। सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में हो। पीड़िता की शैक्षणिक परीक्षा में रियायत दी जाए, ताकि उसकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग कॉलेज का सुरक्षा और अधोसंरचना ऑडिट करे और रिपोर्ट 1 माह में एनसीडब्ल्यू को सौंपे। पुलिस चौकी या सहायता केंद्र अस्पताल परिसर में स्थापित किया जाए। कॉलेज में लाइट, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट तत्काल तैयार की जाए। छात्राओं की सुरक्षा के लिए कैंपस के भीतर फूड आउटलेट और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

रिपोर्ट में कहा गया कि यह घटना संस्थागत सुरक्षा तंत्र की गहरी विफलता को उजागर करती है। अपर्याप्त सुरक्षा, कमजोर निगरानी और जांच में लापरवाही ने शासन की गंभीर खामियां सामने रखी हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा है कि वह इस मामले की जांच, पीड़िता के इलाज और न्याय प्रक्रिया की निगरानी तब तक जारी रखेगा, जब तक पीड़िता को पूरा न्याय नहीं मिलता।

# हरियाणा और केरल में आत्महत्या के मामलों की हो जांच : चंद्रशेखर

**नागपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने हरियाणा के दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिजनों से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

चंद्रशेखर ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने नागपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सुसाइड कहीं भी हो, इसकी जांच होनी चाहिए और सच्चाई सभी के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने आत्महत्या की और केरल में भी सुसाइड का मामला प्रकाश में आया है। दोनों मामलों की गहन जांच होनी चाहिए। यदि आत्महत्या हुई है, तो निष्पक्ष जांच से सच सामने आएगा और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा। आजाद ने कहा कि हम चाहते हैं कि जांच होनी चाहिए और सच सभी के सामने आना चाहिए। उन्होंने 14 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि आज के दिन 1956 में बाबा साहेब अंबेडकर ने दीक्षा ली और दुनिया के साथ मानवता का संदेश साझा किया। लाखों लोगों ने उनके साथ दीक्षा ग्रहण की थी। हमारी पार्टी ने इस महत्वपूर्ण दिन पर एक सम्मेलन बुलाया है, जिसमें महाराष्ट्र के पढ़े-लिखे कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। हम चर्चा करेंगे कि महाराष्ट्र को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने नागपुर में बुलडोजर कार्रवाई और अन्य समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पार्टी राज्य में संगठन का विस्तार कर रही है। यहां पर समस्याएं बहुत हैं और जब भी मैं यहां आता हूं तो मुझे कुछ लोग अपनी समस्याओं से अवगत कराते हैं। यहां पर लोग बताते हैं कि कैसे मॉल बनाने के लिए उनके घरों पर बुलडोजर चला दिया जाता है। बिहार चुनाव में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की भूमिका पर उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी की राज्य इकाई चुनाव को लेकर फैसला करेगी।

## तेलंगाना और महाराष्ट्र में 60 से अधिक नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ से आए प्रतिबंधित भाकपा संगठन के छह सदस्यों ने मंगलवार को तेलंगाना में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। वहीं, वरिष्ठ नक्सली मल्लोजुला वेंगुपाल उर्फ भूपति और उसके 60 से अधिक साथियों ने महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में आत्मसमर्पण किया है। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम के पुलिस अधीक्षक बी. रोहित राजू ने बताया कि तेलंगाना सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, साथ ही ऑपरेशन चेयुता जैसे जनकल्याणकारी और विकास कार्यों से प्रभावित होगा।

# संस्कृति विवि में साइबर सुरक्षा पर वक्ताओं ने दी ज्ञानवर्धक जानकारियां

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कामर्स ने साइबर डोजो के सहयोग से साइबर सुरक्षा को लेकर ÷साइबरएक्सप्लोर 2025 दृ जागरूकता से कार्रवाई÷ विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा को लेकर ज्ञानवर्धक जानकारियां दीं और आवश्यक डिजिटल माध्यमों के प्रयोग के बारे में बताकर जागरूक किया। मुख्य वक्ता, साइबरडोजो के सह-संस्थापक और क्षेत्रीय निदेशक हर्ष ए. रावल ने बताया कि साइबर सुरक्षा, कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों, नेटवर्क और डेटा को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने की प्रक्रिया है। इसे सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा या इलेक्ट्रॉनिक सूचना सुरक्षा भी कहा जाता है। विभिन्न उद्योगों में बढ़ती संख्या में व्यवसायों के लिए डेटा उल्लंघन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, और उच्च कुशल साइबर सुरक्षा पेशेवरों की माँग बढ़ रही है। वास्तव में, जैसे-जैसे कई व्यवसाय ऑनलाइन हो रहे हैं



और तकनीकी रूप से अधिक उन्नत होते जा रहे हैं, सूचना सुरक्षा का मुद्दा प्राथमिकता में बढ़ता ही जा रहा है और सही साइबर सुरक्षा योग्यता और कौशल वाले व्यक्ति फलने-फूलने के लिए तैयार हैं। वक्ता जय ए रावल ने बताया कि आईटी, कंप्यूटर विज्ञान या साइबर अपराध में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए, साइबर सुरक्षा एक बेहद फलदायी करियर विकल्प हो सकता है। हालाँकि, चूँकि साइबर सुरक्षा एक अत्यंत व्यापक क्षेत्र है और सूचना सुरक्षा विशेषज्ञों की ज़िम्मेदारियाँ विविध हो सकती हैं, और उन्हें कई उद्योगों में काम करना पड़ता है, इसलिए सूचना सुरक्षा विशेषज्ञों को व्यापक कौशल और योग्यताओं की आवश्यकता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसओएमसी के डीन डॉ. राधा कृष्ण शर्मा ने की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रोहित कुमार सिंघल और डॉ. शांतम बब्बर थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अनुष्का वार्ष्णेय और रूपाक्षी खंडेलवाल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का समापन डा. शांतम बब्बर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बी.काम., बीबीए, एमबीए के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन (असली) दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वेदराम सिंह यादव के नेतृत्व में दर्जनों दिव्यांगों ने मंगलवार को तहसीर परिसर पहुंचकर नवागत एसडीएम आशुतोष कुमार का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया इस दौरान भाकियू असली के जिलाध्यक्ष वेदराम सिंह यादव ने दिव्यांगों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी



सौंपा। जिसमें पत्र दिव्यांगों को आवास, अंत्योदय कार्ड, आदि दिलाने की विशेष मांग रही। इस मौक पर दिव्यांग जन रवि शर्मा, दीनदयाल, राजाराम, विनोद आदि मौजूद रहे।

# ओवरटेक के चक्कर में खंती में पलटा डंपर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** बीती रात दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर एक डंपर चालक अन्य वाहनों को ओवरटेक करने के चक्कर में खंती में पलट गया। गनीमत रही की चालक व परिचालक के साथ कोई घटना घटित नहीं हुई। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बीती सोमवार की रात एक डंपर चालक डंपर में रेत भरने के बाद मुरादाबाद मंडी के लिए जा रहा था। दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर अन्य वाहनों को ओवरटेक करने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और सड़क



किनारे खबडिया फार्म के पास डंपर खंती में पलट गया। गनीमत रही कि चालक व परिचालक के साथ कोई हादसा नहीं हुआ। वही हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया, अन्य वाहन चालकों ने हेल्पर और वाहन चालक को वाहन से बाहर निकाला।

# तुरैहा मछुआ समाज ने किया जिला कमेटी का चयन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने जिला कमेटी के पदाधिकारी का चयन किया।जिसमें बिलासपुर की कार्यकारिणी को और अधिक मजबूत करने के लिए बाल किशोर तुरैहा को जिम्मेदारी सौंप गई और कहां की अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलते हैं हैं। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा पर विशेष ध्यान



देने की जरूरत बताई। रविवार को सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि संतोषी माता मंदिर पर बैठक को संबोधित कर रहे थे।

# उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत शाहाबाद में संपन्न हुई जिसके बाद धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम शाहबाद आशुतोष कुमार को संबधित ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा बताया के किसान के धान की खरीद नहीं हो पा रही है किसान धान 15 सो रुपए कुंतल में बेचने को मजबूर है धान को क्रय केंद्र पर तुलवाया जाए यदि धान की तोल नहीं हुई तो किसान मंडी में धरना देगा बिजली विभाग मनमानी पर है किसानों को परेशान किया जा रहा है कई बार



शिकायतों के बाद भी भगवंतपुर औरओसी मैं आबादी के ऊपर बिजली की निकल रही है उससे आबादी में रहने वाले आम आदमी को कभी भी परेशानी जान माल का नुकसान हो सकता है इसको कई बार ज्ञापन के माध्यम से बताया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है।

# प्रतिदिन आयोजित किये जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर के रोशन बाग पार्क में 18 अक्टूबर तक चलने वाले यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला के छठे दिन 14 अक्टूबर को पुराने सदाबहार गीतों की संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। साथ ही ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं द्वारा बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया।

सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका जैन ने बताया कि मेले में स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क,



चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि के स्टॉल मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं, जिन्हें लोगों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। पार्क में बच्चों के लिए लगे झूले लाइटें और खान-पान के स्टॉल मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेशानुसार मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता विषय - महिला उद्यमियों की सफलताओं की कहानी एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त युवा हस्ताक्षर अभियान 3.0 का आयोजन छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर कराया गया। निबन्ध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ प्रतिभा यादव एवं डॉ जया कुमारी रहे। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन मिशन शक्ति की संयोजक प्रो सबीहा परवीन, प्रो. निशात बानो, प्रो. अनीता देवी, डॉ रजिया परवीन, डॉ वंदना राठौर, डॉ मनोरमा चौहान, डॉ मो कासिम ने किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकतर प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में लगभग 20-25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में रोड सेफ़्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-44-2025 | दिनांक 29.10.2025 को 11:00 बजे | कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), जींद, बादली (द्वितीय प्रवेश), आदर्श नगर (पी आर एस) = कुल 05 साइट |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** **1.** इच्छुक बोलीदाताओ को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता। **4.** आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। **5.** फण्ड का लियन मार्किंग। **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation)। **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डी.आर.एम. कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

सं.: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 13.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3157/25

# अदाणी और गूगल की साझेदारी से विशाखापट्टनम में बनेगा भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर कैंपस



विशाखापट्टनेम । अदाणी एंटरप्राइजेज की संयुक्त उपक्रम कंपनी, अदाणीकॉनेक्स और गूगल ने आज एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर कैंपस और नया ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। विशाखापट्टनम में गूगल का यह एआई हब अगले पाँच वर्षों (2026–2030) में लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार किया जाएगा। इसमें गीगावॉट-स्तर के डेटा सेंटर, मजबूत सबसी केबल नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा शामिल होगी, ताकि भारत में सबसे तेजी से बढ़ते एआई कामकाज को संभाला जा सके। इस परियोजना को अदाणीकॉनेक्स और एयरटेल जैसे साझेदारों के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा।

अदाणी कॉनेक्स के साथ मिलकर विकसित किए गए गूगल एआई हब के आधार स्तंभों में विशाखापट्टनम में विशेष रूप से तैयार किया गया एआई डेटा सेंटर शामिल है, जो भारत की एआई क्षमता में एक नई क्राँति लाने के लिए महत्वपूर्ण कम्प्यूटिंग क्षमता जोड़ेगा। यह प्रोजेक्टे दोनों कंपनियों की सतत

● त्गूगल क्लाउड के सीईओ, थॉमस कुरियन ने कहा, भारत की एआई क्षमता को उजागर करने के उद्देश्य के तहत हम गूगल एआई हब में निवेश कर रहे हैं

विकास से संबंधित प्रतिबद्धता पर भी आधारित है। इसमें आंध्र प्रदेश में नई ट्रांसमिशन लाइन्स, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और इनोवेटिव ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम में सह-निवेश शामिल होगा। इससे न सिर्फ डेटा सेंटर की संचालन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भारत के बिजली ग्रिड की मजबूती और क्षमता भी बढ़ेगी। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, अदाणी ग्रुप को गूगल के साथ इस ऐतिहासिक परियोजना में साझेदारी करके गर्व है, जो भारत के डिजिटल भविष्य को परिभाषित करेगी। यह साझेदारी देशनिर्माण के हमारे साझा दृष्टिकोण और हर भारतीय को 21वीं सदी के उपकरणों से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। तकनीक के मामले में विशाखापट्टनम अब एक वैश्विक केंद्र बनने जा रहा हे और हमें गर्व है कि हम इस महान यात्रा के निमार्ता के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। गूगल क्लाउड के सीईओ, थॉमस कुरियन ने कहा, भारत की एआई क्षमता को उजागर करने के उद्देश्य के तहत हम गूगल एआई हब में निवेश कर रहे हैं। यह निवेश व्यवसायों, शोधकताओं और निमार्ताओं को एआई के जरिए विकास करने और अपने काम का बड़े पैमाने पर विस्तार करने का आधार देगा। अदाणी के साथ मिलकर हम अपने अत्याधुनिक संसाधनों को समुदायों और ग्राहकों के करीब लाएँगे और उन्हें वैश्विक स्तर पर नवाचार और सफलता पाने के लिए प्रदर्शन, सुरक्षा और मापदंड प्रदान करेंगे। इस एआई हब और कनेक्टिविटी गेटवे के विकास से विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश और पूरे देश में आर्थिक विकास का एक मजबूत इंजन तैयार होगा। यह डिजिटल समावेशिता को बढ़ाएगा और प्रौद्योगिकी, निर्माण और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में हजारों नई नौकरियों के अवसर उत्पन्न करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो घर में सफेदी करने के बहाने चोरी करता था। आरोपी के पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह ने 30 जून को अपने घर में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके घर से मोबाइल चोरी हो गया है। जिस समय मोबाइल चोरी हुआ उस समय आरोपी नासिर मौजूद था। शिकायत के आधार पर इंस्पेक्टर राम कुमार और एसडब्ल्यूडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसके बाद पुलिस ने नासिर को गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई बच्चू सिंह, हेड कांस्टेबल कांतिलाल, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल महेश, कांस्टेबल अंशु और कांस्टेबल सांवरिया शामिल थे। आरोपी की पहचान बिहार के अररिया जिले के लक्ष्मीपुर बसंतपुर निवासी 20 वर्षीय नासिर के रूप में हुई है, जो अब मोतीलाल नेहरू कैंप जेएनयू, दिल्ली में रहता है।

### नाले में एक व्यक्ति मृत मिला

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अंकुर विहार इलाके में मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में तैरता मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। करावल नगर पुलिस थाने को शव के विषय में तड़के सूचना मिली। एक अधिकारी ने बताया कि एक टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शव को पहले मेडिकल जांच के लिए जेपीसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शव पर चोट का निशान नहीं मिला है और मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। करावल नगर, सोनिया विहार और लोनी बॉर्डर सहित आस-पास के इलाकों में हाल ही में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं ताकि इस व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की जा सके। आस-पास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आसमान मुख्यतः साफ रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने बताया कि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 85 प्रतिशत दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को ह्यअच्छाह्न, 51 से 100 के बीच ह्यसंतोषजनकह्न, 101 से 200 के बीच ह्यमध्यमह्न, 201 से 300 के बीच ह्यखराबह्न, 301 से 400 के बीच ह्यबहुत खराबह्न और 401 से 500 के बीच ह्यगंभीरह्न माना जाता है।

### ब्लैकमेल कर वसूली करने वाला दबोचा

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली जिला साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को ब्लैकमेल करने वाले एक शातिर ठग को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोज वर्मा के रूप में हुई है। उसके पास से मोबाइल बरामद किया है, जिसमें अश्लील वीडियो, व्हाट्सएप चैट और कई फर्जी फेसबुक अकाउंट मिले हैं। आरोपी महिलाओं से दोस्ती कर पहले भरोसा जीतता, फिर निजी तस्वीरें मंगवाकर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठता था। 21 सितंबर को एक महिला ने साइबर थाना में शिकायत की थी कि एक व्यक्ति ने खुद को महिला बताकर फेसबुक पर दोस्ती की। बाद में व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई और आरोपी ने निजी फोटो-वीडियो साझा करने को कहा। सामग्री हाथ लगते ही उसने पीड़िता को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। मजबूरी में उसने लाखों रुपए दे दिए, बावजूद इसके आरोपी लगातार धमकाता रहा। इंस्पेक्टर विकास के नेतृत्व में बीएनएस की धारा 308(2)/351(4) के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू हुई। तकनीकी जांच में आरोपी के मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई ट्रेल्स, गूगल-पे अकाउंट और आईपी लॉग के आधार पर उसका लखनऊ में लोकेशन ट्रेस किया गया।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधा केंद्र शुरू,

# सीएम रेखा ने किया निरीक्षण



नई दिल्ली। दिवाली से ठीक पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्टेशन पर बनाए गए नए होल्डिंग एरिया का अवलोकन किया और यात्रियों से बातचीत कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। फीडबैक के बाद अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया। स्टेशन परिसर को अब तीन टिकटिंग क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिससे प्लेटफॉर्म पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल आज जनसेवा, जनसुविधा और जनभावना की पहचान बन चुकी है। मैं इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को

● मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल आज जनसेवा, जनसुविधा और जनभावना की पहचान बन चुकी है

धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा, इस त्योहारी सीजन में जब दिल्ली के लोग छठ पूजा और दीपावली के लिए अपने गृहनगर जाना चाहते हैं, रेलवे स्टेशनों पर लाखों यात्रियों की आवाजाही होती है। अतीत में हमने विभिन्न स्टेशनों पर भीड़भाड़ के कारण कई घटनाएं देखी हैं। मुझे खुशी है कि दिल्ली में इतने बड़े यात्री सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस त्योहारी मौसम में हमारे पूर्वांचल के भाई-बहनों सहित देशभर के यात्रियों की सुविधा के लिए 3000 नई ट्रेनें शुरू की हैं ताकि हर कोई अपने गांव सुरक्षित और आरामदायक ढंग से पहुंच सके तथा त्योहारों को आनंदपूर्वक मना सके। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, एक व्यक्ति को हमेशा पिछली गलतियों से सीखना चाहिए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले हुई घटना के बाद सरकार पूरी तरह सतर्क और सावधान रही है। इसीलिए हमने अब एक बड़ा होल्डिंग एरिया बनाया है और देश का सबसे बड़ा अनारक्षित टिकट काउंटर स्थापित किया है, जहां यात्री तुरंत टिकट खरीद सकते हैं और बिना देरी के ट्रेन में चढ़ सकते हैं।

## ठंड के साथ ही दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण, आने वाले दिनों में एक्यूआई को लेकर मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



नई दिल्ली। जैसे-जैसे दिल्ली में ठंड का मौसम करीब आ रहा है, वैसे-वैसे राजधानी की वायु गुणवत्ता काफी खराब होती जा रही है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी है और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी चिंता में हैं। दिल्ली की हवा की खराब स्थिति को आंकड़ों से भी देखा जा सकता है। मंगलवार सुबह के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 200 से 300 के बीच था, जिसका मतलब है कि वायु गुणवत्ता का अधिक खराब होना, जिसकी वजह से शहर के कई हिस्सों में धुंध छाई हुई है और इससे विजिबिलिटी कम हो गई है। इंडिया गेट जैसे प्रतिष्ठित स्थल भी इस प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं, जहां धुंध के कारण साफ देखना मुश्किल हो रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों की मानें तो यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है। सोमवार को राजधानी का एक्यूआई 189 था, जो मध्यम श्रेणी में आता है। इससे एक दिन पहले रविवार को एक्यूआई 167 था। लेकिन केंद्र सरकार की एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में चली जाएगी। अगर ऐसा हुआ, तो यह जून के बाद पहली बार होगा जब दिल्ली का वायु गुणवत्ता का स्तर इतना गिर जाएगा। बता दें कि 11 जून को दिल्ली का एक्यूआई 245 तक पहुंच गया था, जो अब की स्थिति के करीब है। दिल्ली में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक वायु गुणवत्ता ह्यखराबह्न श्रेणी में बनी रहेगी। आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति और प्रदूषण के स्रोतों के आधार पर इसके 'बहुत खराब' श्रेणी में भी जाने की संभावना है। दिल्ली में सर्दियों में धुंध और प्रदूषण के बढ़ने की एक वजह यह भी है कि ठंडक के कारण हवा भारी हो जाती है और प्रदूषक कण जमीन के पास ही फंसे रहते हैं।

## दिल्ली एमसीडी सदन में हंगामा, एमटीएस कर्मियों के समर्थन में आप पार्षदों ने लगाए 'वेतन चोर, गद्दी छोड़' के नारे

● मेयर ने भरोसा दिलाया कि निगम प्रशासन हड़ताल समाप्त कराने के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करेगा ताकि सफाई व्यवस्था और जनस्वास्थ्य प्रभावित न हों



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की बैठक मंगलवार को उस समय हंगामेदार हो गई जब विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने डीबीसी (डेंगू ब्रिगेड कर्मी) की हड़ताल को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आप पार्षद काली पट्टी बांधकर बैठक में पहुंचे और निगम प्रशासन पर हड़ताली कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि 5000 से अधिक डीबीसी कर्मी बीते 16 दिनों से हड़ताल पर हैं, लेकिन निगम प्रशासन अब तक उनसे संवाद करने तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि हड़ताली कर्मचारी दिल्ली नगर निगम मुख्यालय के गेट नंबर 5 के बाहर धरने पर बैठे हैं, मगर भाजपा शासित निगम के किसी नेता ने अब तक उनसे मुलाकात तक नहीं की। आप का एमसीडी बैठक में हंगामाः नारंग ने कहा कि जब नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब डीबीसी कर्मियों को एमटीएस का दर्जा दिया गया था, परंतु आज भी उन्हें समान काम के लिए समान वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की है कि सभी डीबीसी कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतन दिया जाए, उन्हें चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए और करुणामूलक आधार पर रोजगार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को तत्काल स्वीकार कर उन्हें राहत दी जाए ताकि वे दिवाली अपने परिवारों के साथ मना सकें। डीबीसी कर्मियों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गयाः वहीं भाजपा पार्षद और डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बीते ढाई वर्षों तक दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता थी, लेकिन उन्होंने डीबीसी कर्मियों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। संदीप कपूर ने कहा कि भाजपा निगम प्रशासन डीबीसी कर्मचारियों के मुद्दे को गंभीरता से देख रहा है और जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। आम आदमी पार्टी पर राजनीति करने का आरोपः इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के पार्षद मुकेश गोयल ने भी आम आदमी पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप अपने शासनकाल में इस वर्ग के लिए कुछ नहीं कर पाई और अब राजनीतिक लाभ के लिए कर्मचारियों की पीड़ा का इस्तेमाल कर रही है। गोयल ने निगम प्रशासन से हड़ताल खत्म कराने और डीबीसी कर्मियों को समान वेतन देने की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की। कांग्रेस पार्षदों ने भी डीबीसी कर्मियों की मांगों का समर्थन किया और कहा कि निगम प्रशासन को जल्द से जल्द कर्मचारियों से बातचीत कर रास्ता निकालना चाहिए। सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणाः वहीं बैठक में मेयर राजा इकबाल सिंह ने डीबीसी वर्करों की समस्याओं पर विचार करने के लिए सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस समिति में सभी राजनीतिक दलों के सदस्य शामिल होंगे और यह समिति कर्मचारियों की मांगों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान का प्रस्ताव पेश करेगी। मेयर ने भरोसा दिलाया कि निगम प्रशासन हड़ताल समाप्त कराने के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करेगा ताकि सफाई व्यवस्था और जनस्वास्थ्य प्रभावित न हों। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एमटीएस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एक समिति बनाई जा रही है, जिसमें पक्ष, विपक्ष और कर्मियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महापौर की घोषणा के बाद नेता सदन प्रवेश वाही ने त्योहारी सीज़न की तैयारियों पर चर्चा शुरू की, लेकिन उसी दौरान आप पार्षदों ने फिर से नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए बाधित हो गई।

## पानी के बिलों पर 31 जनवरी तक सरचार्ज सौ प्रतिशत होगा माफ : रेखा गुप्ता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के पानी के बिल पर विलंब भुगतान अधिभार के रूप में 11,000 करोड़ रुपये माफ करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार की इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 जनवरी, 2026 तक पानी के बिल का भुगतान करने वाले परिवारों को 100 प्रतिशत विलंब भुगतान अधिभार छूट मिलेगी, 31 मार्च से पहले 70 प्रतिशत छूट मिलेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अनधिकृत घरेलू जल कनेक्शन 1,000 रुपये के भुगतान पर नियमित किए जाएंगे।

### दिवाली के मौके पर पानी बिल माफ

इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि दिल्ली सरकार दिवाली के मौके पर पानी के बढ़े हुए और बकाया बिलों पर एकमुश्त माफी योजना शुरू करने की तैयारी में है। इस योजना के तहत लेट पेमेंट सरचार्ज (देर से भुगतान पर जुमार्ना) माफ किया जाएगा। योजना की शुरूआत फिलहाल केवल घरेलू उपभोक्ताओं के लिए की गई है। व्यावसायिक उपभोक्ताओं को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

### आप सरकार ने भी किया था वादा

आधिकारिक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुल 27 लाख उपभोक्ताओं में से करीब 16 लाख को पिछले कुछ वर्षों में बढ़े हुए बिल मिले थे। कई उपभोक्ताओं ने इन बिलों का भुगतान रोक दिया था, जिससे जल बोर्ड की आय में गिरावट आई। पहली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने भी एकमुश्त निपटान योजना लाने का वादा किया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। वहीं जुलाई 2025 में, जल मंत्री परवेश वर्मा ने घोषणा की थी कि बीजेपी-शासित दिल्ली सरकार बढ़े हुए पानी के बिलों पर लगाए गए लेट पेमेंट सरचार्ज को माफ करेगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपये तक की गारंटी-मुक्त ऋण योजना की घोषणा की



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्यमियों को बिना किसी गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने की योजना की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 'पहले इंडिया फाउंडेशन' द्वारा 'भारत में एमएसएमई क्षेत्र में महिला उद्यमियों को बढ़ावा देना' रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारें भारत की बड़ी आबादी को एक बोझ के रूप में देखती थीं, लेकिन महिलाओं को सशक्त बनाकर इसे एक संपत्ति में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि जब आधी आबादी घरों में बंद रहेगी तो देश का विकास कैसे होगा। हमें समाज और राष्ट्र के विकास के लिए हर संभव मदद की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण के लिए इसे 'स्वर्ण युग' करार देते हुए गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार महिला उद्यमियों को उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा, इस योजना के माध्यम से हमारे उद्यमी, सरकारी सहायता से अपने विचारों और कड़ी मेहनत के जरिये अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## पुलिस ने 50 लाख के वॉट्सऐप निवेश घोटाले का किया भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की शाहदरा साइबर सेल ने वॉट्सऐप के जरिए चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय निवेश ठगी रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके तार चीन स्थित नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से एक आईफोन 13 मोबाइल बरामद किया गया है, जिसमें ठगी से जुड़ी चैट्स और लेनदेन के सबूत मिले हैं। पुलिस उपायुक्त शाहदरा प्रशांत गौतम ने मंगलवार को बताया कि मामला उस समय सामने आया जब शिकायतकर्ता शिखा गुप्ता ने साइबर थाना शाहदरा में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उससे एक विदेशी कंपनी में निवेश का झांसा देकर 2.90 लाख रुपए की ठगी की गई। ठगों ने पहले उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा और नकली मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर निवेश के लिए प्रेरित किया। शुरू में निवेश के बाद जब और पैसे मांगे गए, तब उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ और शिकायतकर्ता शिखा ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता द्वारा भेजे गए 50,000 रुपए आईसीआईसीआई बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुए थे। बैंक से प्राप्त केवाईसी विवरण के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई।

## तेज रफ़्तार 'देवी बस' ने स्कूल वैन और ई-रिक्शा को मारी टक्कर, कई घायल

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को हुए एक भयावह सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट से 60 फुटा रोड की ओर जा रही एक तेज रफ़्तार 'देवी बस' ने स्कूल वैन और ई-रिक्शा को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा करीब सौ मीटर तक सड़क पर घसीटता चला गया और पलट गया। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें ई-रिक्शा सवार और एक बाइक चालक शामिल हैं। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को नजदीकी आरोग्य हेडगवार संस्थान अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ़्तार इतनी अधिक थी कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने चल रही स्कूल वैन व ई-रिक्शा को सीधे टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दुर्घटना के समय वैन में कुछ बच्चे भी सवार थे, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आईं और समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया। बस और वैन की टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

जायजा | दिल्ली में 'गवर्नमेंट ऑन व्हील्स' पहल

## प्रवेश वर्मा ने नजफगढ़, कराला, कंझावाला का निरीक्षण कर समस्याओं का लिया जायजा



नई दिल्ली। दिल्ली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा ने 'गवर्नमेंट ऑन व्हील्स' नामक एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके तहत वे खुद वैन में सवार होकर शहर की हकीकत जान रहे हैं। मंगलवार को मंत्री वर्मा ने नजफगढ़, कराला और कंझावाला क्षेत्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने सड़कों, नालों और पार्कों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की शिकायतें सुनीं और तत्काल सुधार का आश्वासन दिया।

इस पहल के तहत मंत्री वर्मा ने 75 किलोमीटर का सफर तय किया। उनके साथ दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), नगर निगम (एमसीडी) और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वैन में बैठे हुए उन्होंने रास्ते भर सड़कों के गड्ढों, नालों के अवरुद्ध बहाव और पार्कों की खराब हालत का निरीक्षण किया।

विशेष रूप से, वे कई 'चोक पॉइंट्स' पर रुके, जहां ट्रैफिक जाम, जलभराव या टूटी सड़कें रोजमर्रा की समस्या बनी हुई हैं। नजफगढ़ ड्रेन के पास पहुंचकर उन्होंने सफाई अभियान की प्रगति पर नजर डाली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी नालों का डिसिल्टिंग कार्य पूरा हो। कराला और कंझावाला में उन्होंने पार्कों के रखरखाव पर सवाल उठाए और कहा कि बच्चों व बुजुर्गों के लिए ये स्थान सुरक्षित व सुंदर होने चाहिए। मंत्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा, 'पिछली सरकारों ने विकास कार्यों को रोककर रखा था, जिससे दिल्लीवासी परेशान हैं। हमारी सरकार अब जमीन पर उतरकर समस्याओं का समाधान करेगी। सड़कें, नाले और पार्क जल्द ही बेहतर होंगे।' उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत की, जिन्होंने वर्षा के दौरान जलभराव और सड़कों के खराब हाल पर शिकायतें कीं। एक निवासी ने बताया, ह्लनजफगढ़ में नाले चोक होने से हर बरसात में घरों में पानी घुस जाता है। मंत्री जी का आना अच्छा लगा।ह्व वर्मा ने आश्वासन दिया कि अगले दो महीनों में सभी कार्य शुरू हो जाएंगे और एक नई हेल्पलाइन नंबर भी लॉन्च किया जाएगा, जहां लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 10/14/2025 8:11 PM Page 1



# जातिसूचक शब्द को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने दो युवक किए गिरफ्तार

● बस में चढ़ने समय हुई कहासुनी में लाठी डंडे से चोटें मारकर किया था घायल।



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** बीते 11 अक्टूबर को बस स्टैंड पर जातिसूचक शब्दों को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस थाना शहर सोहना, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग की वारदात को अंजाम देने वाले 02 आरोपियों 1. लोकेश (उम्र-24 वर्ष) निवासी बालूदा, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) व 2. कपिल (उम्र-23 वर्ष) निवासी फिरोजपुर, जिला नूंह (हरियाणा) को आज दिनांक 14.09.2025 को गुरुग्राम से काबू करके अभियोग में नियमानुसार शामिल अनुसंधान किया गया। उपरोक्त आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि इनके साथी की उपरोक्त अभियोग में शिकायतकर्ता के साथ बस में चढ़ने को लेकर बहस हो गई थी, जिसकी रंजिश रखते हुए इन्होंने अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उपरोक्त अभियोग में मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग की गई 01 बाईक बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है।

# नूंह में बनाकर हथीन में बेची जा रही नकली मिठाई, विभाग की आंख बंद



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद तेवतिया।** दिवाली का त्योहार नजदीक है दिवाली जैसे इस पावन त्यौहार को मिठाइयों का त्योहार माना जाता है। इस त्यौहार पर हथीन शहर में नकली मिठाई खोवा और पनीर का गोरख धंधा भरपूर तरीके से पनप रहा है, हथीन जयंती मोड़ से लेकर बस स्टैंड, विश्रामगृह और मंडोकोला रोड पर खुली मिठाई की हर दुकान पर बर्फी, कलाकंद लड्डू, गुलाब जामुन ,ठंडे रसगुल्ले, पनीर और खोया सहित सभी मिठाई नकली और सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाली है, यह सभी मिठाई नूंह मेवात से बनाकर आए दिन हथीन में गाड़ी से सप्लाई की जाती है, हैरत की बात तो यह है कि हथीन जयंती मोड़ से बस स्टैंड रोड तक खुली मिठाई की इन दुकानों के सामने से आए दिन प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन हथीन क्षेत्र के लोगों के साथ हो रहे मिठाई के नाम पर खिलवाड़ को उजागर करने किसी प्रशासनिक अधिकारी या खाद्य आपूर्ति विभाग को कोई सूझबूझ नहीं है, हथीन क्षेत्र के स्थानीय नेता और यहां के विधायक को वोटो के लालच में मिठाई के नाम बिक रहे मीठे जहर के इस कारोबार की कोई परवाह नहीं है, हथीन लघु सचिवालय में जाने वाले सभी अधिकारी इन मिठाई की दुकानों के सामने बनी सड़क पर आंख बंद कर निकल जाते है, बता दे कि दो दिन पहले नोएडा में 550 किलोग्राम मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट कर दिया गया. यह पनीर हथीन के जंगी मिल्क प्लांट से दिल्ली-एनसीआर की सप्लाई के लिए जा रहा था. जांच में पाया गया कि पनीर से बदबू आ रही थी. ऐसी कितनी ही मिठाई और नकली खोवा व पनीर की गाड़ियां आए दिन हथीन थाने के सामने से होकर पलवल केएमपी और केजीपी रोड होती हुई फरीदाबाद, गुड़गांव, दिल्ली नोएडा और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों में सप्लाई करने जाती हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के चलते इन नकली मिठाई के मीठे जहर की गाड़ियों पर किसी की नजर नहीं पड़ती, वैसे तो दीवाली जैसे त्योहार पर हर वर्ष खाद्य आपूर्ति विभाग खानापूर्ति के नाम पर मिठाई की दुकानों पर सैंपलिंग करता है लेकिन हथीन क्षेत्र पिछड़ा होने के चलते यहां पर विभागीय अधिकारियों की भी आंखों से चश्मा हटाने पड़ते हैं, हथीन क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं ने हथीन में खुली इन मिठाई की दुकानों पर छापेमारी करवाने और उनकी सैंपलिंग करवाने की मांग की है

# जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह का शुभारंभ, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह-2025 का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह का शुभारंभ जिला बाल कल्याण परिषद के चेयरमैन एवं जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलित करके किया। अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने की। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त वशिष्ठ ने कहा कि बाल दिवस समारोह में प्रथम वर्ग में पांचवीं कक्षा तक, द्वितीय वर्ग में छठी से आठवीं कक्षा तक, तृतीय वर्ग में नौंवी से दसवीं कक्षा तक और चतुर्थ वर्ग में ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक की कुल चार वर्गों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, सोलो डांस, क्ले मॉडलिंग, देशभक्ति समूह गीत, पोस्टर मेकिंग, मौके पर ही स्केचिंग और समूह नृत्य, घोषणा संदर्भ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एकांकी नाटक,रंगमंच, सर्वश्रेष्ठ ड्रामेबाज, दीया,मोमबत्ती सजावट समूह नृत्य, थाली पूजन, कलश सजावट, मजेदार खेल लडके और लड़कियां, एकल नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, फैंसी ड्रेस, कार्ड बनाना, एकल गीत, समूह नृत्य, रंगोली, एकल शास्त्रीय नृत्य, हस्तलिपि अंग्रेजी और हिंदी सहित आदि प्रतियोगिता शामिल है। सुरेखा डागर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास की भावना का भी विकास होता है। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# अस्मिता खेलो इंडिया स्टेट वुशु वूमेन लीग के विजेता खिलाड़ी सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** पुलिस लाइन पलवल में पुलिस पब्लिक स्कूल में अस्मिता खेलो इंडिया स्टेट वुशु वूमेन लीग का समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जिले के 250 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजापा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरधर शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश चौधरी, एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दिनेश बोबिया, कुलदीप चोपड़ा, देवेंद्र, मास्टर अनिल गौर रहे।

इस अवसर पपर विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वुशू स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष विकास डांढ़ा और महासचिव अनिल विज, नेशनल टीम कोच डॉ. राममेहर खटकर ने ऑनलाइन आकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पलवल वुशू के प्रधान अनिल गौर ने बताया कि खेलो इंडिया अस्मिता वुशू लीग का समापन सफलतापूर्वक हुआ है।

इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सीमा राजवंशी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष आशा भारद्वाज, एडवोकेट भावना, रॉकी, अनिल कुमार मौजूद रहे।

समाचार

## निरंतर प्रभु की सेवा और प्रार्थना से ईश्वर की प्राप्ति संभव है: स्वामी भगत प्रकाश महाराज



**उत्तम भारत संवाददाता,पलवल,सुखदेव तेवतिया।** जवाहर नगर कैंप पलवल स्थित प्रेम प्रकाश मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। दोपहर को स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज को गाजे बाजे के साथ स्वामी सवार्नंद चौक से मंदिर तक लाया गया। तीन दिन चलने वाले वार्षिकोत्सव की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रवक्ता अशोक सरदाना ने बताया कि स्वामी सुमित जी की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिकोत्सव में सदगुरू स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज ने प्रथम दिवस पर अपने प्रवचनों में कहा कि जिस प्रकार दूध को रगड़ने से घी निकलता है उसी प्रकार निरंतर प्रभु की सेवा और प्रार्थना करने से एक दिन ईश्वर की प्राप्ति भी संभव है। प्रभु तो केवल भाव के भूखे है। वार्षिकोत्सव के पहले दिन पूर्व मंत्री करण दलाल की धर्मपत्नी ज्योति दलाल, पूर्व पार्षद संजय छाबड़ा सहित कई गणमान्य लोगों ने स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज का पलवल आने पर स्वागत किया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में दिवाली मेला का आयोजन आज

**– विद्यार्थियों द्वारा बनाए हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति।**

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में आज सुबह नौ बजे दिवाली मेला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह मेला आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी (ना.) नूंह अंकिता पुवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। प्रधानाचार्या प्रोमिला कुमारी ने बताया कि इस दिवाली मेला कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। इसके साथ ही मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य, संगीत, नाटक आदि कार्यक्रम व आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, ग्रामवासी एवं सभी नागरिकों को मेले में आमंत्रित किया है ताकि वे विद्यालय पहुंचकर बच्चों द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री का आनंद ले सकेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता, आत्मनिर्भरता तथा भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जागृत करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों के उत्साहवर्धन करें और दिवाली की खुशियां विद्यालय परिवार के साथ साझा करें।

# बाल दिवस प्रतियोगिताओं की रंगारंग शुरूआत

● बच्चों की प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच बना बाल भवन



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, ललित कुमार गर्ग।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा, नूंह द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की शुरूआत आज जिला बाल कल्याण परिषद, नूंह के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अखिल पिलानी के मार्गदर्शन में हुई। प्रतियोगिताएं 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक बाल भवन, नूंह में आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुसुम मलिक, जिला सांस्कृतिक समन्वयक नूंह, कुशमंदर यादव, मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी तथा जी. एस. मलिक, आजीवन सदस्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी,अनिल दहिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि बाल दिवस के अवसर पर कुल 21 प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिन्हें 46 ग्रुपों में विभाजित किया गया है। ये प्रतियोगिताएं 14 से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयोजित होंगी।

आज प्रथम दिन के अंतर्गत सोलो डांस, फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस, बेस्ट ड्रामेबाज, कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं हैंडराइटिंग (अंग्रेजी व हिंदी) प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, जिनमें लगभग 50 स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने अपने संदेश में कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य केवल जीतना नहीं, बल्कि सहभागिता और सीखने की भावना को बढ़ावा देना है।

जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया ने कहा कि हर बच्चे को बड़ा सपना देखना चाहिए और अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे आगामी प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि मानसिक व सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिले।

निर्णायक मंडल में प्रवेश कुमारी, संतोष, बबिता, एकता, प्रमीला, सीमा ठाकुर, विकास यादव, डॉ. पवन, लियाकत अली, प्रतिभा, रामअवतार, दीपक शर्मा, संदीप और सुनील शामिल रहे। कार्यक्रम में बाल भवन स्टाफ राम मेहर, लोकेंद्र, प्रदीप सिंह, रिजवान, इकबाल, ज्योति, अंजना, हेमलता, आशा, संगीता, योगिता, एकता, दीपक, मनोज कुमार, लाखन कुमार एवं खालिद उपस्थित रहे।

उदय चंद, लेखाकार ने बताया कि 15 अक्टूबर को ग्रुप 2 के अंतर्गत सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, देशभक्ति ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, बेस्ट ड्रामेबाज, दिया-कैंडल डेकोरेशन, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, क्विज प्रतियोगिता एवं हैंडराइटिंग (अंग्रेजी व हिंदी) प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# नूंह पुलिस ने 88 लाख रुपये, माल चोरी के आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** 88 लाख 79 हजार रुपये के अमेजॉन कंपनी के माल की चोरी के मामलें में महाराष्ट्र के पारशिवनी थाने में दर्ज मुकदमें में नूंह जिले के गांव शिकरावा निवासी चालक सलमान मजीद को नूंह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आरोपी को कार्रवाई पूरी करने के बाद महाराष्ट्र पुलिस के हवाले कर दिया है।

सौम्य करियर ट्रांसपोर्ट कंपनी गुरुग्राम के कर्मचारी शुभम जितेंद्र अग्रवाल ने पारशिवनी (महाराष्ट्र) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी का ट्रक-कंटेनर अमेजॉन कंपनी का माल लेकर 26 अगस्त को बेंगलुरु से गुरुग्राम भेजा गया था। बेंगलुरु के अमेजॉन गोदाम से सील की गई गाड़ी को तीन दिन में गुरुग्राम पहुँचना था। लेकिन 28 अगस्त की रात करीब 12:30 बजे गाड़ी का जीपीएस ट्रैक नागपुर-जबलपुर रोड पर आशु ढाबा खंडाला शिवर के पास बंद हो गया। जब शुभम अग्रवाल मौके पर पहुँचे तो गाड़ी वहाँ खड़ी मिली लेकिन ड्राइवर सलमान मजीद और क्लीनर मुस्तफा अब्दुल्ला निवासी नूंह दोनों गायब थे । जांच के दौरान पाया गया कि गाड़ी के कैबिन को गैस कटर से काटा गया था और कंटेनर के अंदर का माल अस्त-व्यस्त पड़ा था। बाद में अमेजॉन अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर गिनती की तो पाया कि करीब 88 लाख 79 हजार 863 रुपये मूल्य का माल गायब था। जिसमें महंगे मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क, की-बोर्ड, बेबी प्रोडक्ट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल थे। पुलिस जांच में सामने आया कि यह वारदात ड्राइवर और क्लीनर की मिलीभगत से की गई थी। दोनों वारदात के बाद फरार हो गए थे। नूंह पुलिस को जब इस मामलें की जानकारी मिली, तो निरीक्षक सुभाष प्रबंधक अफसर थाना पिनगवां के नेतृत्व में गठित टीम ने स्थानीय नेटवर्क के जरिए आरोपी सलमान पुत्र मजीद निवासी शिकरावा को गांव से दबोच लिया और महाराष्ट्र पुलिस को सूचित कर उनके हवाले कर दिया । फिलहाल आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ लेकर गई है, जबकि उसका साथी फरार है। वहीं महाराष्ट्र पुलिस का कहना है कि चोरी किए गए मोबाइल जल्द ही प्राप्त किए जाएंगे। जिससे चोरी का पूरा नेटवर्क ट्रेस किया जा सकेगा।

# सी.पी.आर. तकनीक की जानकारी होती है काफी लाभकारी : आईटीआई प्रिंसिपल सुधीर कुमार



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन तथा भारतीय रैडक्रास सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में 13 से 17 अक्टूबर तक कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सी.पी.आर.) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी नूंह अखिल पिलानी और सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में मंगलवार को आई टी आई नूंह के परिसर में सी.पी.आर. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में सैकड़ों विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई मरोड़ा के प्रिंसिपल सुधीर कुमार ने करते हुए कहा कि आज के समय में किसी भी प्रकार की दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है और आकस्मिक समय में सी.पी.आर. तकनीक के ज्ञान से पीड़ित के बचने की उम्मीद ज्यादा हो जाती है। उन्होंने कहा कि सीपीआर संकट की घड़ी में किसी की जान बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

कार्यक्रम में जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक ने सी.पी.आर. की विधि का प्रदर्शन किया और बताया कि यदि किसी व्यक्ति की हृदय गति थम जाए या सांस रुक जाए तो तुरंत सी.पी.आर. देना प्रारंभ करें। प्राथमिक उपचारकर्ता को सबसे पहले खतरे को दूर करना, प्रतिक्रिया जांचना, सहायता बुलाना, वायुमार्ग साफ करना और श्वास की जांच करना चाहिए। यदि सांस न हो तो सी.पी.आर. सख्त सतह पर छाती के मध्य भाग में लगभग 100 से 120 बार प्रति मिनट की दर से लगभग दो इंच गहराई तक दबाव देकर किया जाना चाहिए। दबाव देते समय यह ध्यान रखें कि हर बार छाती स्वाभाविक रूप से ऊपर उठे। यह प्रक्रिया तब तक जारी रखनी चाहिए जब तक पीड़ित में सांस लेने के लक्षण दिखाई न दें या चिकित्सीय सहायता उपलब्ध न हो जाए। इस अवसर पर सभी उपस्थित को सीपीआर तकनीकी का उपयोग अभ्यास कराया गया तथा सभी को सीपीआर तकनीकी सीखने और स्वास्थ्य लाभ हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जीआई अजीत सिंह एवं आईटीआई के अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# युवाओं को मिलेगी होम स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग

**17 अक्टूबर तक आईटीआई नूंह में करें आवेदन – प्रधानाचार्य सुधीर कुमार**

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** हरियाणा सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य के युवाओं को होम स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे अपने घरों के कमरों को गेस्ट हाउस के रूप में किराए पर देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी आईटीआई नूंह के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि 15 से 29 वर्ष की आयु के इच्छुक युवा 17 अक्टूबर तक अपने संबंधित नोडल आईटीआई, नूंह में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता से जोडड़ा और उन्हें पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों के ठहराव और भोजन का पूरा खर्च विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को गृह जिले के बस स्टैंड से कुरुक्षेत्र बस स्टैंड तक की सामान्य बस यात्रा का किराया भी विभाग द्वारा दिया जाएगा। आवेदन प्रपत्र और आवश्यक नियम एवं शर्तें विभाग की वेबसाइट www.iti-haryana.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। आवेदन करने वाले युवाओं में से पात्रता मानदंडों के अनुसार छंटनी उपरांत जिला स्तर पर 03 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को होटल प्रबंधन संस्थान, कुरुक्षेत्र में 154 घंटे का होम स्टे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें होम स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में प्रेरित करना और उन्हें अपने घरों को कारोबार के रूप में गेस्ट हाउस के रूप में किराए पर देने का अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना का संचालन उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार के सहयोग से हरियाणा पर्यटन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। हालांकि इस ट्रेनिंग के लिए हरियाणा राज्य के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए विस्तारित आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 रखी गई है।

# नूंह साइबर टीम ने ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** साइबर टीम ने साइबर ठगी से जुड़े एक पुराने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी राहुल पुत्र दीपक निवासी शाहपुरा कलां थाना सदर बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद और तरुण पुत्र सुन्दर सिंह निवासी सिकरी थाना गदपुरी जिला फरीदाबाद को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया । यह कार्रवाई अगस्त माह में दर्ज एक मुकदमे के तहत की गई है।

सुखबीर सिंह प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धर्मेंद्र पुत्र गंगालाल निवासी जबा थाना छायंसा जिला फरीदाबाद को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान धर्मेंद्र के कब्जे से फर्जी बैंक खातों की किट, दो एटीएम कार्ड, दो एयरटेल सिम कार्ड और संदिग्ध मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र साइबर अपराधियों को फर्जी बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराता था, जिनका उपयोग ऑनलाइन ठगी और डिजिटल फ्रॉड में किया जाता था । तकनीकी जांच और कॉल डिटेल रिकॉर्ड विश्लेषण के दौरान राहुल और तरुण के नाम सामने आए, जिनके बैंक खाते साइबर अपराध में उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई। राहुल और तरुण के खातों से जुड़े एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए थे, जिनकी मदद से ठगी की रकम निकाली जाती थी। पुलिस द्वारा प्राप्त डिटेल के आधार पर दोनों आरोपियों को मामले में शामिल कर गिरफ्तार किया गया। इससे पहले मुख्य आरोपी धर्मेंद्र की जमानत याचिका भी अदालत द्वारा दो बार खारिज की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि यह मामला संगठित साइबर अपराध चेन से जुड़ा है और आगे की जांच में और नाम सामने आने की संभावना है।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/14/2025 8:41 PM Page 1



# महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली बड़े धूमधाम से



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा वाल्मीकि समाज द्वारा बड़े धूमधाम से निकल गई। वाल्मीकि शोभा यात्रा में संतोषी माता मंदिर पर कपिल चौधरी व गोविंद मित्तल द्वारा फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया।

इस शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार के बैंड और सनातन धर्म के भगवानों की विभिन्न प्रकार की झांकियां इन झांकियां को देखकर नगर वासी शोभा यात्रा का आनंद उठाया।

वाल्मीकि शोभायात्रा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर सरगम टॉकीज बाजार बजरिया शंकर मूर्ति ढाली बाजार मंडी कोटला होते हुए मोहल्ला शाहचन्दन में जाकर संपन्न हुई।

वाल्मीकि शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी देखने योग्य थी जिसमें महर्षि वाल्मीकि झांकी के रूप में दिखाई दे रहे थे। महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा का कई संगठन द्वारा जगह स्वागत किया गया। रामसेवक रामलीला कमेटी की ओर से भी वाल्मीकि शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। और नगर भाजपा कमेटी व भाजपा जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल व नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल द्वारा पंचवटी पर वाल्मीकि शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा में सुरेश सैलानी अमित कुमार राजेश सूद राजाराम मदान अध्यक्ष सरजू दीपक सैलानी दीपक मदान रॉकी सैलानी विकास आदेश सूद राजन हेमंत आदि समस्त वाल्मीकि समाज उपस्थित रहा।

# महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉक्टर उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत "महिला सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयास" विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रदीप कुमार तालान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि सरकार निरन्तर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराती है और साथ ही सरकार ने आपातकाल में महिलाओं की मदद के लिए, हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने महिलाओं को जागरूक होने और सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर को प्रयोग करने से संबंधित जानकारी दी द्य तथा सरकार की इन नीतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# गणित प्रतियोगिता का शानदार आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के फादरसन पब्लिक स्कूल के विद्यालय परिसर में गणितीय प्रतिभा का उत्सव मनाया गया, जहाँ कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने गणित प्रतियोगिता के अंतिम चरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 1 से 5 के लिए टेबल्स टेलिंग प्रतियोगिता और कक्षा 6 से 8 के लिए टेबल्स एवं फॉर्मूले टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी गणितीय कुशलता साबित की। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के अनुसार, कक्षा 1 से मयंक गौतम और अबूजर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में लक्ष प्रथम रहे, जबकि कक्षा 3 में लव कुश ने यह स्थान हासिल किया। कक्षा 4 में एब्राह और कक्षा 5 में रिखिल लंबा प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा 6 से 8 के वर्ग में कक्षा 6 में हिब्रा अलिया, कक्षा 7 में मोहम्मद इब्राहीम और कक्षा 8 में सुहानी एवं नाइश जाकिर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कक्षा का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में गणित का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। हमारे विद्यार्थियों ने आज जो मेहनत और लगन दिखाई, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे इसी तरह अग्रणी बने रहेंगे।

# पाकिस्तानी दोस्त से बम का मैसेज करवाने वाला साहिल गिरफ्तार

*** युवक को फंसाने के लिए रची थी साजिश**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** पाकिस्तानी से चांदपुर में बम रखवाने का मेसेज करवाने वाले साहिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट में पाकिस्तान के रहने वाले आतिफ अहमद भट्ट को भी आरोपी बनाया गया है, जिसे पकड़ने के लिए इंटरपोल की मदद ली जाएगी। उधर साहिल से एटीएस ने भी तीन घंटे तक पूछताछ की

चांदपुर पुलिस ने सोमवार को चाहसंग निवासी साहिल का चालान करते हुए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि चांदपुर निवासी मोहम्मद सफी के पास कराची के रहने वाले आतिफ मोहम्मद भट्ट ने एक मेसेज भेजा, जिसमें कहा गया कि हां भाई काम हो गया है, चांदपुर में बम रख दिया है....पाकिस्तान जिंदाबाद। सरकार को पाकिस्तानी ने व्हाट्सएप कॉल भी की थी, जिसे उसने रिसीव नहीं किया। सफी पुलिस के पास पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि साहिल और पाकिस्तानी आतिफ अहमद भट्ट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। फिलहाल साहिल का चालान कर दिया है। साहिल के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद किया है।

**दर्ज हुआ मामला**

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार साहिल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शिव मंदिर को लेकर कोई वीडियो डाला था, जिसका मोहम्मद सफी ने विरोध किया और दूसरी वीडियो अपलोड कर दिया। इसके बाद साहिल के पाकिस्तानी दोस्त आतिफ से मोहम्मद सफी को यह मेसेज कराया था। आरोप है कि साहिल ने यह साजिश पाकिस्तान से भिजवाकर उसे देश विरोधी गतिविधियों में फंसाने की साजिश रची है।

**एटीएस ने साहिल से तीन घंटे तक की पूछताछ**

एटीएस ने रात में 12 बजे से तीन बजे तक साहिल से पूछताछ की। एटीएस यह जानने का प्रयास करती रही कि साहिल का कहीं आईएसआई से तो कोई संपर्क नहीं है। छानबीन करने के बाद एटीएस आरोपी साहिल को चांदपुर पुलिस के हवाले कर गई।

# संगठन मे अलग-अलग पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां संगठन की बैठक जिला के दरियापुर बुजुर्ग गांव मे कुंदन सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित हुई! बैठक मे पहोचे मण्डल अध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया की भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) से इस्तीफा देकर चौधरी विजयवीर सिंह सेकड़ो साथियों के साथ एकता उगराहां संगठन मे शामिल हुए! पंजाब के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां के आहवान पर आज चौ. विजयवीर सिंह को प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश,कामील चौधरी अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष,विकास चौधरी को युवा जिलाध्यक्ष अमरोहा के साथ साथ सेकड़ो साथियों को संगठन मे अलग-अलग पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी! बैठक मे किसानों ने सरकार द्वारा बिजली का निजीकरण,पुराली या पत्ती जलाने पर किसानों पर मुक़दमे,सरकार द्वारा गन्ने का भाव ना बढ़ाना, एमएसपी गारंटी कानून लागु ना करना जैसे बहुत से मुद्दों पर सरकार की घोर निंदा की! किसानों द्वारा सरकार से अपने गन्ने का भाव ज़500 प्रति क्विंटल किए जाने की मांग है! रवि चौधरी ने कहा की किसान, इस देश का अन्नदाता है। हम अपनी रात-दिन की मेहनत कर खून-पसीने से सींचकर गन्ना उगाते हैं। लेकिन जब फसल तैयार होती है, तो हमें क्या मिलता है? धोखा!

गन्ने का भाव (FRP) क्या है? यह हमारी मेहनत का मुआवज़ा है। क्या सरकार ने कभी सोचा है कि गन्ने की खेती में लागत कितनी बढ़ गई है! डीजल महंगा हो गया है! खाद और बीज का भाव आसमान छू रहे हैं! मजदूरी बढ़ गई है! लेकिन, सरकार द्वारा तय किया गया गन्ने का भाव सालों से लगभग वही अटका हुआ है। क्या यह हमारे साथ मज़ाक नहीं है? क्या यह हमारे परिश्रम का अपमान नहीं है? सरकार को गन्ने का भाव ज़500 प्रति क्विंटल करना चाहिए!

याद कीजिए,चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए गए थे। कहा गया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। आज हकीकत क्या है? हमारी आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन हमारा कर्ज ज़रूर दोगुना हो गया है! सरकारें पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के मुनाफे की चिंता करती हैं। क्या हमारी चीनी मिलों पर लाखों-करोड़ों का बकाया नहीं है? सरकारें उन पर नरमी दिखाती हैं, लेकिन जब किसान अपना हक मांगता है, तो उसे लाठियां मिलती हैं, टालमटोल मिलती है। हमारा गन्ना मीठा है, पर सरकार का व्यवहार हमारे प्रति कड़वा क्यों है?

बैठक मे महेंद्र सिंह,इक़बाल सैफी,नरेश कुमार,तस्लीम सैफी,करण सिंह जाटव, वीरपाल यादव,हरेंद्र सिंह,जयंत चौधरी, शोरज सिंह,कैलाश शर्मा,सीमा चौधरी, हैप्पी,आदि किसान उपस्थित रहे!

# बिलाई चीनी मिल द्वारा यदि 15 दिन के अंदर बकाया गन्ना मूल्य का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता तो मिल के विरुद्ध आरसी जारी करें-सभापति किरण पाल कश्यप




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति श्री किरण पाल कश्यप ने बिलाई चीनी मिल बिजनौर द्वारा किसान बंधुओं को विगत पैराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य का पूर्ण भुगतान अभी तक न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि यदि 15 दिन के अंदर किसानों उनके गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत रूप से भुगतान नहीं किया जाता तो मिल के विरुद्ध आरसी की कार्यवाही जारी कर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में मानव गुलदार संघर्ष को न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास करें और यह भी प्रयास करें कि कोई जन हानि न होने पाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों का 15 दिन के भीतर लिखित जवाब देना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से उनको अनिवार्य रूप से अवगत भी कराएं।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति श्री किरण पाल कश्यप आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में दोपहर 12.00 बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला बिजनौर एवं अमरोहा के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सभापति ने जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा नियमानुसार सूचनाओं को व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराने की प्रशंसा की। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को समिति के उद्देश्यों की जानकारी देकर निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों पर जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर समय से कार्यवाही करते हुए लिखित में जानकारी देना सुनिश्चित करें। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी के उत्तरदायित्व निर्धारित है जिस पर सभी के द्वारा कार्य किया जाता है, अतः सभी अधिकारी अपने निर्धारित उत्तरदायित्वों को पूर्ण गुणवत्ता एवं ससमय से पूर्ण करें ताकि अवाम को राहत प्राप्त हो। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को वर्तमान पराई प्रक्रिय के अंतर्गत गन्ना में लेकर भुगतान शत प्रतिशत रूप से 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित कराएं ताकि आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े और वे अपनी आवश्यकताओं को समय पूर्वक पूरा कर सकें।

बैठक से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा तथा अपर जिलाधिकारी वि/रा श्रीमती वान्या सिंह द्वारा समिति के मा. सभापति एवं समिति के माननीय सदस्य गणों को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा ओडीओपी नगीना के काष्ठ कला उत्पाद घड़ी तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित विदुर ब्रांड सामग्री की किट भेंट की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमरोहा श्रीमती गरिमा सिंह भी माननीय सभापति एवं सदस्य गणों को बुके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित एवं अमरोहा में उत्पादित सामग्री पर आधारित किट भेंट की गई।

बैठक में सभापति द्वारा ग्राम्य विकास, नगर विकास, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विकास, राजस्व, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा, खाद्य एवं रसद, गृह, ऊर्जा, आबकारी, सांस्कृतिक, पर्यटन, होमगार्ड, पर्यावरण, पंचायती राज, लोक निर्माण, डूडा, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यापार कर, गन्ना, ग्रामीण अभियन्त्रण, आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक, चीनी, विद्युत सुरक्षा, कारागार, भूतत्व एवं खनिजकर्म, दुग्ध विकास, सहकारिता, समाज कल्याण, आयुष, पशुपालन विभाग से संबंधित जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, जिला स्तर पर अनुमन्य प्रोटोकाल एवं सुविधा तथा सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने माननीय सभापति को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप मा. सदस्यों के पत्रों का निस्तारण समय पूर्वक कराते हुए संबंधित सदस्य गांव को भी अवगत कराया जाएगा तथा उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः तथा गंभीरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सभी उप जिलाधिकारी सहित बिजनौर एवं अमरोहा जिलों के संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सोफतपुर में तालाब से निकला विशालकाय मगरमच्छ, विभाग ने पकड़ा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती-** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सौफतपुर में आज सुबह उसे समय हड़कंप मच गया,जब गांव के बाहरी छोर पर स्थित तालाब से निकलकर एक विशालकाय मगरमच्छ आबादी क्षेत्र में पहुंच गयाद्य अफरा तफरी के माहौल में कुछ ग्रामीणों ने सामाजिक एवं वानिकी विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने मगरमच्छ को गांव वालों की मदद से रस्सों में बांध लियाद्य उसके बाद ट्रैक्टर ट्राली की मदद से गंगा जी में छोड़ दिया गया आए दिन सोफतपुर हरचंदपुर और नांगल सोती में मगरमच्छ तालाब से बाहर निकल आते हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

# सरस्वती विद्या मंदिर मे प्रवास

*** विद्या भारती मेरठ प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता व श्रीमान उपेंद्र कुमार शर्मा (संभाग निरीक्षक-मुरादाबाद) का**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में आदरणीय प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता व संभाग निरीक्षक उपेंद्र कुमार शर्मा का आगमन हुआ। प्रथम सत्र में प्रांत संगठन मंत्री व संभाग निरीक्षक जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन किया गया। वन्दना उपरान्त विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने परिचय व स्वागत किया। इस सत्र में शिशु मन्दिर व विद्या मंदिर चांदपुर के आचार्य बन्धु - बहिनों से चर्चा वार्ता की उनसे विद्यालय विकास हेतु किये जाने वाले प्रयास पूछे तथा बाद में भाईसाहब ने विद्यालय के भैया - बहनों का सर्वांगीण विकास, विद्यालय व्यवस्थाओं का ठीक प्रकार से संचालन करना व पंचपदी शिक्षण पद्धति को विस्तार पूर्वक समझाया। द्वितीय सत्र में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व सदस्यगणों के साथ चर्चा - वार्ता की। प्रबंध समिति से प्रांत की अपेक्षायें व प्रबंध समिति को प्रांत से अपेक्षायें पूछी तथा विद्यालय के विकास के बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में अभिभावक बंधुओं के साथ अनेक विषयों पर चर्चा वार्ता हुई द्य सभी ने छात्र हित व विद्यालय हित को लेकर अपने अपने विचार रखे। माननीय संगठन मंत्री ने सभी को अच्छा प्रभावी शिक्षण करने व विद्यालय उन्नति हेतु व्यवस्थाओं को बनाने के लिए अपने सुझाव दिए द्य इसके उपरान्त में संत रविदास धर्मशाला में प्रांत संगठन मंत्री द्वारा यज्ञ कराकर संस्कार केंद्र का उद्घाटन किया तथा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया।जिसमें प्रांत सेवा प्रमुख देवेन्द्र सिंह, संस्कार केन्द्र प्रमुख संजीव कुमार, संभाग निरीक्षक उपेन्द्र शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष चमन सिंह, आचार्य विपिन, शिशु मन्दिर प्रधानाचार्य मदन सिंह, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, धर्मशाला प्रमुख चंदू सिंह व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# मदरलैंड पब्लिक स्कूल मे चला महिला सशक्तिकरण फेज 05 अभियान




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बालिकाओं की सुरक्षा को सिर्फ भाषण नहीं, व्यवहारिक शिक्षा बनाते हुए रामपुर मनिहारान पुलिस ने मदरलैंड पब्लिक स्कूल में जागरूकता की नई मिसाल पेश की।

दिल्ली रोड स्थित इस विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह नागर पूरी तत्परता से मौजूद रहे, जबकि उनके साथ उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह और महिला उप निरीक्षक नेहा चौधरी ने संयुक्त रूप से मार्गदर्शन संभाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या शालू भूर्यान के सहयोग से सैकड़ों छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की खासियत रही—गुड टच-बैड टच को भावनात्मक कहानी के माध्यम से समझाना और साइबर फ्रॉड के वास्तविक उदाहरण बताकर बच्चियों को डिजिटल दुनिया में सजग रहना सिखाना। पुलिस टीम ने 1090, 1098, 1076, 1930 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबर दोहराते हुए बेटियों से इन्हें हमेशा याद रखने का संकल्प कराया।कार्यक्रम के बाद पुलिस टीम ने विद्यालय परिसर के आसपास पैदल गश्त कर संदिग्ध युवकों को चेतावनी भी दी। सत्यम सय्यम भूर्यान ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए इस मुहिम को नियमित रूप से जारी रखने की मांग की

# वायरल वीडिओ पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर किया मुकदमा पंजीकृत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर/चिलकाना।** चिलकाना क्षेत्र मे पिछले कुछ दिनो से कुछ युवकों द्वारा एक युवक को बेरहमी से पीटे जाने का वीडिओ बड़ी तेजी से वायरल हुआ जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। आज उस सम्बन्ध मे थाना चिलकाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना चिलकाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि अभी हाल ही मे एक वीडिओ वायरल हुई थी जिसमे कुछ युवकों द्वारा एक युवक को पीटते दिखाया गया था और साथ ही गन्दी गन्दी गलियों भी दी गई थी। वीडिओ मे पीड़ित युवक मोबिन पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम धोलाहेड़ी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दबंगो द्वारा उसके साथ मारपीट कर सोशल मीडिया पर वीडिओ वायरल किया था। पीड़ित युवक मोबिन ने बताया कि उसे दबंग युवकों ने लाठी डंडे ओर बैल्ट से बुरी तरह पीट उससे जबरन झूठी गाली देने की माफ़ी मंगवाई थी युवक मोबिन द्वारा इस सम्बन्ध मे तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करा दबंग युवकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित युवक ने बताया कि उक्त वीडिओ गत पंद्रह अगस्त की है लेकिन पीड़ित के पास कोई साक्ष्य ना होने के कारण वह दबंगों के विरुद्ध कुछ नहीं कर पाए थे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रही खेल प्रतियोगिताओं में दूसरे दिन 17121 खिलाडियों ने किया प्रतिभाग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के अनुपालन में ऑपरेशन सवेरा के तहत ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति आकृषित करने एवं युवाओं में नशे की लत से बचाने के दृष्टिगत ग्रामीण स्तर पर 13 से 19 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन जनपद की 120 ग्राम पंचायतों में 17121 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। विजयी खिलाडियों एवं टीम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। खेल प्रतियोगिताओं के समय दर्शकों की काफी भीड़ रही एवं बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ खेलों में बढ-चढ कर हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बच्चों एवं युवाओं को yuvasathi.in पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए अधिकाधिक संख्या में खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले खेलों में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो में ग्रामीण क्षेत्र के युवा एवं बच्चे बढ-चढ कर हिस्सा ले रहे है।

# निहारिका बनी एक दिन की जिलाधिकारी, जनसुनवाई कर समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

*** नूतन एसएसपी एवं इशू बनी सीडीओ**

*** छात्राओं का बढ़ा मनोबल,आगे बढ़ने की मिली प्रेरणान्मनीष बंसल**

*** सांकेतिक जिलाधिकारी के सामने हुआ पूरे प्रोटोकॉल का अनुपालन, कार्मिकों से प्राप्त किया परिचय**

*** सरकार की इस तरह की पहल बहुत ही सराहनीयन्निहारिका(सांकेतिक जिलाधिकारी)**

*** रौनक ने एडीएमई, चीनू ने एडीएमएफ एवं अंशिका ने सांकेतिक रूप से डीपीओ का पदभार संभाला**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत यूपी बोर्ड में कक्षा 12वीं की जिला टॉपर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा कु0 निहारिका पुत्री संदीप कुमार, निवासी चक हरेटी ने एक दिन की जिलाधिकारी बन जिलाधिकारी के कार्यो को समझा एवं जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कु0 निहारिका को पुष्प देकर सम्मानित किया गया।

जनसुनवाई में शिकायतकर्ता द्वारा ग्राम प्रधान के संबंध में शिकायत पर जिला पंचायती राज अधिकारी को शिकायत मार्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

गोवंश के संबंध में शिकायती पत्र को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को मार्क किया। थाना क्षेत्र बडगांव से आई शिकायतकर्ता की पारिवारिक विवाद पर संबंधित थाना से वार्ता कर न्याय दिलाने की बात कही। एक बुजुर्ग महिला का मशीन में हाथ आने से चोटिल होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान भारत योजना से जुडे चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ - बेटी पढाओ अभियान के तहत एक दिन की नायिका कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अन्तर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जनपद की छात्राओं को विभिन्न पदों पर एक दिन की अधिकारी बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं का उत्साह वर्धन होता है तथा उन्हें अधिकारियों के दायित्वों एवं कार्यो को समझने का मौका मिलता है। इससे आने वाले जीवन में और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से माता-पिता को भी प्रेरणा मिलती है कि आज किसी भी क्षेत्र में लडकियां, लडकों से पीछे नहीं है।

सांकेतिक जिलाधिकारी कु0 निहारिका द्वारा कलेक्ट्रेट में कार्मिकों का परिचय लेकर उनसे उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा करते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने हेतु उनके द्वारा क्या-क्या प्रयास किये जाने के विषय में विस्तार से जानकारी ली गयी। एक दिन की सांकेतिक अधिकारी ''नायिका'' नियुक्त होने पर बालिका कु0 निहारिका द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया गया कि सरकार की इस तरह की पहल बहुत ही सराहनीय है तथा इससे महिलाओं व बालिकाओं का उत्साह वर्धन होगा तथा समाज में बालिकाओं की छवि में सकारात्मक बदलाव आयेगा, इस दौरान बालिका निहारिका काफी उत्साहित दिखी।

कार्यक्रम के तहत सरस्वती सदन, इण्टर कॉलेज, सबदलपुर, सहारनपुर की छात्रा नूतन पुत्री योगेश कुमार, निवासी ग्राम सबदलपुर, को एक दिन की सांकेतिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर नियुक्त किया गया। बालिका नूतन पुत्री योगेश कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आशीष तिवारी द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। बालिका नूतन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस लाईन में जनसुनवाई की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी के पद पर सांकेतिक अधिकारी ''नायिका'' के रूप में श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, गंगोह की छात्रा कु0 इशु पांचाल पुत्री श्री नीरज कुमार, निवासी ग्राम रादौर, सहारनपुर को नियुक्त किया गया। बालिका कु0 इशु पांचाल को मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन द्वारा पुष्प भेंट कर सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर का पदभार ग्रहण कराया गया। बालिका इशु पांचाल द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात विकास भवन सभागार में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

इसी के साथ संतोष देवी पब्लिक इण्ठर कॉलेज, बरथाकायस्थ, की छात्रा कु0 रौनक देवी को एक दिन की सांकेतिक ''नायिका'' अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहारनपुर नियुक्त किया गया तथा नारायण जनता इण्टर कॉलेज, सहारनपुर की छात्रा कु0 चीनू सैनी को एक दिन की सांकेतिक ''नायिका'' अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहारनपुर नियुक्त किया गया। नारायण जनता इण्टर कॉलेज, सहारनपुर की छात्रा कु0 अंशिका शर्मा को एक दिन की सांकेतिक ''नायिका'' जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहारनपुर नियुक्ति किया गया।

सांकेतिक अधिकारी तैनात किये जाने पर सभी बालिकाओ को धन्यवाद देते हुए इस प्रकार की गतिविधियों से बालिकाओं में आत्मनिर्भरता तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होने की बात कही गयी तथा कड़ी मेहनत कर भारतीय सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर आई0ए0एस0 बनने के बारे में कहा गया।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/14/2025 6:25 PM Page 1



# सम्पादकीय

## पाक-तालिबान जंगी टकराव

पाकिस्तान और अफगान-तालिबान के बीच जंगी टकराव के हालात बन गए हैं। शनिवार गहरी रात में तालिबान लड़ाकों ने पाक चौकियों पर हमले किए। उनका दावा है कि 58 पाक फौजी मार दिए गए और 25 चौकियों पर तालिबान ने कब्जा जमा लिया। भारी संख्या में हथियार, गोला-बारूद भी लड़ाकों के हाथ लगे हैं। पाकिस्तान का दावा है कि उसके 23 फौजी मारे गए हैं, जबकि पलटवार में ड्रोन हमले किए गए। पाकिस्तान करीब 200 अफगान लड़ाकों को मारने और 19 चौकियां कब्जाने का दावा कर रहा है। पाकिस्तान ने 9 अक्तूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर मिसाइल हमला किया था। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का मुखिया मुफ्ती नूर वली उसके निशाने पर था, लेकिन वह बच गया। टीटीपी के आत्मघाती फिदायीन ने पाकिस्तान में हमला कर कई लाशें बिछा दी थीं। यह संगठन बलूचिस्तान, खैबर में भी पाक फौजियों को हलाक करता रहा है। उनके पलटवार में पाक ने काबुल पर हमला किया था। वैसे पाक और अफगान सेनाओं का कोई मुकाबला नहीं है, क्योंकि अफगानिस्तान के पास वायुसेना या जल की ताकत पनडुब्बियां सरीखे आधुनिक हथियार नहीं हैं। जो अत्याधुनिक राइफलें, मशीन गन, रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद, टैंक आदि अमरीकी सेनाएं छोड़ गई थीं, बस तालिबान लड़ाकों की ताकत वही है। तालिबान के पास करीब 40, 000 प्रशिक्षित आत्मघाती फिदायीन की ऐसी ताकत है, जो कहीं भी जाकर मौत का विस्फोट कर सकते हैं। तालिबानी हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी भारत के प्रवास पर हैं। उन्होंने मिसाइल हमले को अफगान संप्रभुता पर हमला करार दिया था, लिहाजा 11 अक्तूबर की गहरी रात वाला हमला तालिबान का पलटबदला माना जा सकता है। यह जंगी टकराव और तनाव दो मुस्लिम देशों के दरमियान पसरा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच जो नाटो जैसा समझौता हुआ था, वह भी बेनकाब हो गया और खोखला साबित हुआ। सऊदी अरब पाकिस्तान के समर्थन में जंग में नहीं कूदा। अलबत्ता कतर की तरह अमन-चैन और संवाद का ही बयान दिया। भारत के संदर्भ में यह जंगी टकराव कई मायने रखता है। तालिबानी विदेश मंत्री आमिर खान ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत की संप्रभुता और एकता-अखंडता का समर्थन किया। भारत-अफगान विदेश मंत्रियों का जो साझा घोषणा-पत्र सार्वजनिक किया गया है, उसमें दोनों देश एक-दूसरे की संप्रभुता, एकता-अखंडता का समर्थन कर रहे हैं। जाहिर है कि पाकिस्तान की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। दरअसल भारत सरकार ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अफगानिस्तान भेजकर उनकी संसद का निर्माण कराया। योजना आयोग की तर्ज पर एक खास दफ्तर बनाया गया है। भारत ने अफगानिस्तान में बांध बनाने के अलावा, स्कूल-कॉलेज, सडकें, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र आदि का भी निर्माण कराया है। भारत वहां 400 से अधिक परियोजनाएं संचालित कर रहा है और 3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश है। दरअसल भारत-अफगान दोस्ती सदियों पुरानी है, लिहाजा भारत ने अफगान के पुनर्निर्माण के मामले में चीन-पाकिस्तान को पछाड़ दिया है। विडंबना और हास्यास्पद है कि पाक राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने तालिबानी हमले के पीछे भारत का हाथ करार दिया है। जबकि दोनों देशों के आपसी तनाव और हमले नैसर्गिक हैं। हालांकि दोनों देशों में आतंकवाद रहा है, लेकिन उस पर भी गहरे, गंभीर मतभेद हैं। जब काबुल में 2021 में तालिबानी हुकूमत बन रही थी, तब पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख काबुल में ही मौजूद थे और खूब प्रसन्न थे।

# करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है डॉ. कलाम का जीवन दर्शन

-श्वेता गोयल-

मिसाइलमैन के नाम से विख्यात डा. एपीजे अब्दुल कलाम (अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम) भारतीय इतिहास में एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति रहे हैं, जो वैज्ञानिक थे। सादगी, मितव्ययिता और ईमानदारी जैसे विलक्षण गुणों की मिसाल डा. कलाम देश के महान वैज्ञानिक होने के साथ-साथ एक अद्भुत इंसान और एक प्रेरणादायक नेता भी थे, जिन्होंने अपने इन्हीं गुणों की बदौलत समस्त देशवासियों का दिल जीत लिया था क्योंकि मौजूदा राजनीतिक परिवेश में ऐसे गुणों वाले व्यक्ति का मिलना दुर्लभ है। यही कारण है कि करोड़ों लोग आज भी उन्हें अपना प्रेरणास्रोत मानते हुए उनकी कही बातों का अनुसरण करते हैं। डा. कलाम की सबसे बड़ी विशेषता यही थी कि उन्होंने जिस भी व्यक्ति के साथ काम किया, उसी का दिल जीत लिया। देश की युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए वह कहते थे कि भारत के युवा वर्ग में हिम्मत होनी चाहिए कि वह कुछ अलग सोच सके, हिम्मत हो कि वह कुछ खोज सके, ऐसे नए रास्तों पर चलने की हिम्मत हो, जो असंभव हो, उसे खोज सके और मुसीबतों को जीतकर सफलता हासिल कर सके। वह कहते थे कि आसमान की ओर देखें, हम अकेले नहीं हैं, पूरा ब्रह्माण्ड हमारा मित्र है और जो सपना देखते हुए मेहनत कर रहे हैं, उन्हें बेहतरीन फल देने का प्रयास कर रहा है। सपना सच हो, इसके लिए जरूरी है कि आप सपना देखें।

तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक गरीब परिवार में 15 अक्तूबर 1931 को जन्मे अब्दुल कलाम गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर वैज्ञानिक बने थे, जिनके नेतृत्व में भारत कई उपग्रह तथा स्वदेशी मिसाइलें बनाने में सफल हुआ और परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र भी बना। उन्होंने डीआरडीओ तथा इसरो की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर उन्हें सफल बनाया। अपने जीवनकाल में उन्होंने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड, इंडिया 2020: ए विजन फॉर न्यू मिलेनियम इत्यादि 30 से भी ज्यादा पुस्तकें लिखी। 1999 से 2001 के बीच वे भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार रहे तथा 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद जब वे राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे तो उनके साथ सामान के रूप में केवल दो सूटकेस थे, जिनमें से एक में उनके कपड़े तथा दूसरे में उनकी प्रिय पुस्तकें थी। आज जहां नेतागण छुट्टियों पर घूमने जाने के लिए बेताब रहते हैं और संसद की कार्यवाहियों से भी गैरहाजिर रहते हैं, वहीं डा. कलाम ने राष्ट्रपति रहते अपने पूरे राजनीतिक जीवन में केवल दो छुट्टियां ली थी, एक अपने पिता के देहांत पर और दूसरी अपनी मां की मृत्यु के अवसर पर।



A. P. J. Abdul Kalam

कलाम साहब ने देश के सर्वोच्च पद पर रहते हुए अपने कार्यकाल में सादगी, मितव्ययिता और ईमानदारी की जो मिसाल पेश की, वह आज और कहीं देखने को नहीं मिलती। ऐसा ही एक वाकया स्मरण आता है, जब एक बार उनका कुल 52 सदस्यों भरा-पूरा परिवार उनसे मिलने दिल्ली आया। स्टेशन से सभी को राष्ट्रपति भवन लाया गया, जहां सभी आठ दिनों तक ठहरे। उन पर खर्च हुई एक-एक पाई कलाम साहब ने अपनी जेब से खर्च की। बताया जाता है कि उन्होंने अपने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि उनके इन अतिथियों के लिए राष्ट्रपति भवन की कारें इस्तेमाल नहीं की जाएंगी और उनके खाने-पीने के सारे खर्च का विवरण भी अलग से रखा गया। आठ दिन बाद सभी के दिल्ली से वापस चले जाने पर कलाम साहब ने अपने निजी बैंक खाते से 3.52 लाख रुपये का चेक काटकर राष्ट्रपति कार्यालय को भेज दिया। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उन्होंने कभी किसी का कोई उपहार अपने पास नहीं रखा। दरअसल उनका कहना था कि उनके पिता ने उन्हें यही शिक्षा दी है कि कभी किसी का कोई उपहार स्वीकार मत करो। किसी ने एक बार उन्हें दो पैन उपहारस्वरूप दिए थे लेकिन वे भी उन्होंने राष्ट्रपति पद से विदाई के समय लौटा दिए थे।

भारत के बच्चों के भविष्य को लेकर वे चिंतित स्वर में कहते थे कि देश में प्रतिवर्ष दो करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं, उन सभी बच्चों का क्या भविष्य होगा और जीवन में उनका क्या लक्ष्य होगा? क्या हमें उनके भविष्य के लिए कुछ कदम उठाने चाहिएं या हमें उन्हें उनके नसीब के सहारे छोड़ अभिजात्य वर्ग के फायदे के लिए ही काम करना चाहिए? डा. कलाम का मानना था कि यदि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त और सुंदर मस्तिष्क वालों का देश बनाना है तो इसमें समाज के तीन लोग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, पिता, माता और गुरु। भारत के भविष्य को लेकर उनके पास एक विजन था, जिस पर इंडिया 2020: ए विजन फॉर न्यू मिलेनियम नामक पुस्तक प्रकाशित हुई थी। दरअसल टेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन, फोरकास्टिंग एंड एसेसमेंट काउंसिल नामक एक सरकारी संगठन देश की प्रगति से जुड़ा विजन डॉक्यूमेंट तैयार करता है और 1996 में कलाम साहब इसके अध्यक्ष थे। उन्हीं की अध्यक्षता में 1996-97 में विजन 2020 डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। उस रिपोर्ट में सरकार को कुछ सुझाव देते हुए बताया गया था कि 2020 तक भारत को क्या कुछ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। रिपोर्ट के आधार पर कलाम साहब ने सरकार को सलाह दी थी कि देश के विकास के लिए तकनीक, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में सरकार को क्या करना चाहिए और आम नागरिक को इसमें क्या भूमिका निभानी चाहिए। उनका मानना था कि भारत 2020 तक युवाओं के योगदान की बदौलत एक विकसित देश बन जाएगा लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर उनके इस विजन को पूरा होने में अभी बहुत लंबा समय लग सकता है।

कलाम साहब कहा करते थे कि दुनिया हमें तभी याद रखेगी, जब हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और विकसित भारत देंगे, जो आर्थिक सम्पन्नता और सांस्कृतिक विरासत से मिला हो। उनका कहना था कि जो लोग अपने दिल से कार्य नहीं करते, वे जिंदगी में भले ही कुछ भी हासिल कर लें लेकिन वह खोखला होता है, जो उनके दिल में कड़वाहट भरता है। कलाम साहब के अनुसार जिंदगी कठिन है और आप तभी जीत सकते हैं, जब आप मनुष्य होने के अपने जन्मसिद्ध अधिकार के प्रति सजग हों। किसी व्यक्ति के जीवन में कठिनाई नहीं होगी तो उसे सफलता की खुशी का अहसास ही नहीं होगा। 27 जुलाई 2015 को यह महान शिलांग में विभूति भारतीय प्रबंधन संस्थान एक कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्बोधित करते हुए अचानक दिल का दौरा पड़ने पर सदा के लिए चिरनिद्रा में लीन हो गई।

# दिवाली और छठ पूजा के लिए घर जाने के लिए ट्रेन में बढ़ती भीड़ से यात्री परेशान

-कांतिलाल मांडोत-

गुजरात में सूरत उधोग और डायमंड उधोग में रोजगार के लिए उतर भारत के लोगो की संख्या करीब 15 लाख तक पहुंच गई है। दिपाली, छठ पूजा और बिहार चुनाव तीनो अवसर एक साथ आ जाने से सूरत सहित सूरत के उधना स्टेशन पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। दिवाली और छठ पूजा में गिनती के दिन बाकी है। उसी तरह मुम्बई से उदयपुर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़ वाया अहमदाबाद से जाने वाली ट्रेन की कमी का खामियाजा सात लाख प्रवासी भोग रहे है। रोजगार ढूंढने आने वाले व्यापारी वर्ग, उधोगपतियों और श्रमिको को घर जाने पर आवागमन की सुविधा नही मिलती है। सूरत शहर में कपड़ा, डायमंड उधोग से जुड़े मजदूर वर्ग को दिवाली वैकेशन का इंतजार रहता है। सिल्क सिटी और डायमंड नगरी के नाम से प्रख्यात सूरत में लाखों प्रवासी श्रमिक हर साल त्योहारों में अपने वतन परिवारों के पास पहुंचते है। खासकर, बिहार चुनाव के मद्देनजर रवानगी लेने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है। स्टेशन पर जगह जगह पर अफरातफरी का माहौल है। ट्रेनों में सीट पाने के लिए धक्का-मुक्की की नौबत आ रही है। कई लोग शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है। रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए इन्तजाम किये गए है। स्टेशन पर हर कोने पर सीसीटीवी की निगरानी है। लेकिन आलम यह है कि हर बार की तरह यात्री इस बार भी बहुत परेशान हो रहे है। भीड़ वाले हिस्सो में सर्विलांस भी किये गए है। दिवाली अवकाश को लेकर उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिसा सहित राजस्थान रवाने होने वाले यात्रियों की उधना रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ देखने को मिली है। देश भर में 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। जो 15 नवम्बर तक जारी रहेगी। स्पेशल ट्रेन का सफर फेस्टिवल तक सुविधा उपलब्ध की जा सकती है। लेकिन मुम्बई उदयपुर के लिए प्रतिदिन एक भी ट्रेन उपलब्ध नही है। उदयपुर के लिए साप्ताहिक तीन दिन ट्रेन चलती है। इसके लिए उधोग जगत से जुड़े हुए उधोगपतियों ने रेलवे मंत्री से भी गुहार लगाई है। लेकिन रेल सेवा उपलब्ध नही हुई। मेवाड़ प्रवासियों की संख्या 8 लाख है। मुम्बई और सूरत में कपड़ा उधोग और डायमंड उधोग से जुड़े व्यापारियों और श्रमिको को हररोज बतौर आवागमन करना पड़ता है। सूरत से मेवाड़ के लिए सीधी निजी बसों की सुविधा है। सरकार की एक भी बस सूरत से उदयपुर के लिए नही है। ऐसे हालात में प्रवासियों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। उतर भारत का भी यही आलम है। अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेन 1 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक, सप्ताह में दो बार चलेगी। सूरत दरभंगा हर तीन दिन में एक ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। बांद्रा टर्मिनल गोरखपुर स्पेशल छठ की पूर्व संध्या पर विशेष ट्रेन, वापसी की व्यवस्था सहित चलाई जा रही है। लेकिन इसके बावजूद सूरत से जाने वालों की संख्या इस बार लाखो है। तब सवाल उठता है कि बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। विशेष ट्रेनों के बजाय नियमित अनरिजर्व्ड ट्रेनों की व्यवस्था की घोषणा की है। फिर भी यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है कि अतिरिक्त ट्रेनें भी कम पड़ रही है। यात्रियों से अपील की जा रही है कि शांति बनाए रखे। टेक्सटाइल उधोग और डायमंड उधोग का प्रमुख केंद्र है। जहाँ बड़ी संख्या में उत्तरभारतीयों और राजस्थान सहित मेवाड़ उदयपुर के प्रवासी है। ये प्रवासी कपड़े की मिलो में काम करते है। जहां से अरबो रुपये का राजस्व रेलवे और केंद्र सरकार को जाता है। लेकिन परिवहन सेवा के लिए आज भी लाखों प्रवासी झुंझ रहे है। सरकार सुनती नही है। कई बार उदयपुर के लिए मेवाड़ रेल चलाओ अभियान की मुहिम चला कर ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है। लेकिन इन प्रवासियों की मांगे मंजूर नही की जा रहीं है। सूरत पर सरकार को आवागमन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उदयपुर मेवाड़ के लिए मुम्बई और सूरत से वाया अहमदाबाद होकर गुजरने वाली एक भी प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन की सुविधा नही है। प्रवासी यात्रियों की पीड़ा काश कोई अनुभव कर सकता तो निश्चित ही ट्रेन सुविधा उपलब्ध करा दी गई होती। उत्तरभारत के दिवाली, छठ और बिहार चुनाव के इस संगम को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय विशेष ट्रेन की सुविधा दिवाली के पूर्व उपलबन्ध करानी होगी, तभी लोगो का आवागमन सुलभ हो सकता है। उधना में होर्डिंग एरिया में सैकड़ो श्रमिक एकट्ठा हुए हैं। जबकि लाइन लगाकर ट्रेन में बैठने के लिए जान पड़ता है। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थाई समाधान कराया जाए। क्योंकि छठ, पूजा और बिहार चुनाव में सुविधा उपलब्ध हो सकती है। लेकिन उदयपुर मेवाड़ के लिए कई बार ट्रेन उपलबन्ध कराने की मांग स्वीकृत नही हुई है। सूरत से उदयपुर के लिए सप्ताह में तीन दिन यात्रियों को सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वह नाकाफी है। सूरत से निजी बसों का संचालन है। वे मनमाफिक किराया वसूल कर रहे है। सीजन में डबल स्लीपर की रेट उदयपुर के लिए तीन हजार तक मुकर्रर की जाती है। लेकिन उसके बाद भी प्रवासियों को परेशान होना पड़ता है। प्रवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर ट्रेन सुविधाओं पर रेल मंत्रालय ध्यान आकृष्ट कर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। देश में 12 हजार स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। लेकिन सूरत में तो ऊंट के मुह में जीरा वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। उदयपुर, चितौड़गढ़ के बीच सूरत से दूरिया कम होने के कारण यात्रियों का आवागमन होता ही रहता है। जबकि उतर भारतीय तो सालभर में एक बार घर लौटते है। भीड़ की वजह से परिवार बच्चों के साथ यात्रा करने पर अधिक तकलीफ होती है। धक्का-मुक्की से परेशान बच्चे और मेरारु के लिए पीड़ादायक है। सूरत में होर्डिंग एरिया में पैर रखने की जगह नही है। हालात काबू में करने के लिए रेलवे पुलिस ने मैनेजमेंट की व्यवस्था की है। चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती है। होर्डिंग एरिया में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से खड़े रहने और बैठने की व्यवस्था की गई है। अस्थाई सुविधा के लिए बिहार विकास परिषद और सामाजिक संगठनों ने रेलवे सुविधा देने के लिए अपील की गई है। उधर मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के कार्यकताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से गुहार लगाई है। मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के अध्यक्ष सुरेश लौढा ने बताया कि उदयपुर के लिए हररोज दो ट्रेन की आवश्यकता है। जिसको प्रतिदिन मुम्बई से वाया अहमदाबाद होकर उदयपुर और मावली तक सेवा दी जानी चाहिए, जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा। मुम्बई से 750 की दूरी है। जबकि उदयपुर सूरत की 450 किमी की दुरी है। यहां से हर रोज लोगो का आवागमन होता है। दरअसल, उत्तरभारत के लिएभी ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराई जानीही चाहिए। लेकिन उनके लिए फेस्टिवल ट्रेन का बहुत महत्व है। क्योंकि उनको हररोज उत्तरभारतीयों को नही जाना होता है। ट्रेन में इस वक्त सवार होना किसी जंग से कम नही है। धक्का मुक्की कर ट्रेन में प्रवेश भी कर दिया तो अंदर जाकर खड़ा ही रहना पड़ता है। जिससे किसी अनहोनी को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। दिवाली महापर्व और उसके बाद बिहार-उत्तर प्रदेश में छठ के त्योहार पर कंफर्म रेल टिकट की मारामारी के चलते प्रवासियों के लिए घर जाना मुश्किल हो रहा है। मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ और गुजरात से बिहार-उत्तर प्रदेश जाने तथा दक्षिण भारत से इन प्रदेशों में आने वाली प्रमुख ट्रेनों में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। सूरत में उधोग से जुड़े श्रमिकों के लिए उत्तरप्रदेश, बिहार, छतीसगढ़, राजस्थान, एमपी आदि राज्यों के लिए ट्रेन सुविधाए उपलब्ध कराए, जिससे श्रमिको को आवाजाही में परेशानी नही हो सके।

# विशेष

## पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता

-प्रतापराव जाधव-

जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों-194 देशों में से 170-में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है। व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत-20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है। यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है-प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92, 000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21, 697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। भारत अब 150 से ज्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है-ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है। भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं। आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में अपने ही गढ़ में अपनों को चुनौती

-कांतिलाल मांडोत-

बिहार के विधानसभा चुनाव का पारा चढ़ने लगा है ।बिहार में 365 दिन राजनीति होती रहती है ।2020 में राजद ने बिहार में 75 सीटे प्राप्त कर सरकार तो नही बना पाए, लेकिन विपक्ष को एक बार सोचने के लिए मजबूर कर दिया। इन दिनों भाजपा को एक तरफा सफलता मिलने की अटकलें लगाई जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव से देश में हलचल बढ़ गई है। हर एक के मुह पर एक ही बात है, कौन जीतेगा चुनाव? बिहार में माहौल पूरी तरह से बदला हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि कांग्रेस भी राजद के सहयोग से हाथ को मजबूत करने में लगी है। लालू को हाशिये में डाले जा चुके है। बिहार में तारीख का ऐलान होने के बाद लालू भी मीडिया के समक्ष अपने बयान में नीतीश पर तंज कसते हुए कह रहे है कि छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह मतलब डबल इंजन सरकार की विदाई ।राजद में ताकतवर नेता की जरूरत है ।लालू ने बिहार में 15 साल तक शासन किया लेकिन जनता इस पर क्या सोचती है, यह जनता की सोच का आधार है ।वैसे भी लालू का राजनीति में अब कोई औचित्य नही है। क्योंकि उनकी तबियत खराब रहती है। तेजस्वी यादव और तेजप्रताप की दूरिया से घर में दीवार खड़ी हो चुकी है। फिलहाल, लालू तेजस्वी के लिए प्रचार के लिए सड़क पर भले नही उतरते नजर आए, लेकिन बिहार चुनाव में तेजस्वी के लिए वोट मांगना और तेजस्वी को जीत का आशीर्वाद देना लालू की नैतिक जवाबदेही है। भले वे तेजप्रताप के लिए कुछ नही कहे, पर तेजस्वी को राजनीति के गुर सिखाने राजनिति के मंच पर जरूर खड़े नजर आएंगे। समाजवादी ड्रामा की तरह ही तेजस्वी और तेजप्रताप का विद्रोह कई महीनों तक यू ही चलता रहा ।लालू के मार्गदर्शन में तैयार किये नेता तेजस्वी के लिए कितने तैयार है, यह परखा जाना बाकी है ।भाजपा की तैयारी से इतना तो साफ है कि लड़ाई इस बार बिहार में बहुत तेज होगी।

कांग्रेस और राजद के गठबंधन में बिहार में दोनो दल रोड शो में नजर आ सकते है। लेकिन बिहार में जो ताकत गठबंधन की मिलनी चाहिए थी, वह नही मिल पा रही है। उधर, बिहार चुनाव की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी ने नया 25 से 30, हमारे दो भाई नरेंद्र और नीतीश। यानी 2025 से 2030 तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे ।भाजपा ने सोशल मीडिया में कुछ ऐसे ही नारे लिखे। जैसे, बिहार में जारी रहेगी विकास की तेज रफ्तार, 14 नवम्बर को फिर एक बार एनडीए सरकार। जनता का विश्वास, फिर से एनडीए की सरकार ।बस 38 दिन का इंतजार, थमेगी नही विकास की रफ्तार ।बिहार की जनता का मूड, मन मिजाज सिर्फ एनडीए के साथ। और 160 से अधिक सीटो पर जीतकर14 नम्बर को आ रही प्रचंड बहुमत की सरकार।

बिहार में तेजस्वी की साख अपने पिता लालू की सरकार की राजनीतिक कुशलता से आंकी जाएगी ।लालू की दोहरी पटरी को जनता आज दिन नही भूल पाई है। कथनी और करनी में भेदरेखा के चलते जनता का भरोसा टिक नही पाता है। उनके पिता लालू ने अपने विरासत में लड़कों को क्या दिया है। उस जड़ो के आधार से वर्तमान राजनीति सुनिश्चित की जाती है। बिहार विधानसभा में कई नेताओं को कसौटी पर कसा जाएगा। वैसे तो कांग्रेस की प्रतिष्ठा इस बार दांव पर है क्योंकि कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी ने तेजस्वी के साथ राजनीतिक दोस्ती का हाथ बढाकर अपने ही पैरो पर कुलाड़ी मारी है। यूपी में समाजवादी के साथ गठबंधन में कांग्रेस और समाजवादी दोनो की लुटिया डूब गई थी। फिर महागठबंधन में ये दल शामिल हो गए। लेकिन इस बार इन दलों की सफलता के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। क्योकि एनडीए की गठबंधन सरकार ने दोनों हाथों से जनता को मदद की है। राजद मुसलमानों को अपने पाले में लाने की कोई कसर नही छोड़ेगी। उनका प्रयास है कि भाजपा और नीतीश को हराने के दमखम राजद में ही है। हाल के दिनों में मुस्लिम उलेमाओं का खुलकर रजद के पक्ष में आना भी कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकती है। वैसे भी तुष्टिकरण की राजनिति करने वाली कांग्रेस ने मुसलमानों के साथ अन्याय ही किया है। उनको लालच देकर वोट हासिल करने वाली कांग्रेस का असली चेहरा भाजपा की सरकार बनने के बाद पता चला। क्योकि कांग्रेस के शासनकाल में किसी को बोलने नही दिया जाता था। अब कांग्रेस बोल रही है तो देश में उसकी कोई भी सुन नही रहा है। समय बीत चुका है। मुसलमानों को सहेजना कांग्रेस, राजद के लिए और कठिन हो गया है। क्योंकि एनडीए के शासनकाल में मुस्लिम आवाम सुरक्षित और सुखी है। राजद ओबिसी और बीईसी पर नजर गाढ़े हुए है। भाजपा अतिपिछड़ों और अति दलितो को साथ लेकर मोदी और नीतीश के नेतृत्व में मैदान में है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए और सरकार की मदद ले रही जनता के लिए नीतीश के सिवा दूसरा विकल्प नजर नही आ रहा है। इन परिस्थितियों में बिहार में चुनाव त्रिकोणात्मक होगा ।केंद्र की सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। सबसे अच्छी बात तो यह है कि नीतीश कुमार की छवि साफ और निखरी हुई है। बिहार में इतने वर्षो में कोई भ्रष्टाचार सामने नही आया है। विकास और साफ छवि वाली सरकार के मद्देनजर जनता फिर से नीतीश की झोली भर दे तो कोई अतिश्योक्ति नही होंगी। राजनीतिक दलों की सोच से आम लोगो की सोच अलग है। लोगो के मन को भांप लेना बड़ा मुश्किल है। बिहार से घुसपैठ का मुद्दा उठाना और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने जैसे महत्वपूर्ण कार्यो के लिए एनडीए सरकार का हाथ मजबूत करने के लिए मतदाता तैयार है। उनका कहना है कि मोदी ने देशहित में लिए गए निर्णय काबिलेतारीफ है। इस बार नीतीश की सरकार बनने की उम्मीद लगा रहे है ।लालू कहते है कि हम नीतीश और मोदी की हवा निकाल देंगे और छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह का नारा दे रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता नीतियों से मतदाता प्रभावित है। इस बार मौका देने की चर्चा पटना में जोरो पर है। राजद के सुप्रीमो और लालू यादव होते हुए भी यादवों के लिए कुछ भी नही किया। नीतीश आज भी हर जाति के लोगो के साथ है। नीतीश यदुवंशियों का सम्मान करते है। बिहार में विधानसभा के लिए मतदान का क्रम शुरू होने से पहले प्रचार में लालू का घास चारा और कांग्रेस का भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा जरुर बनेगा। साफ है कि बिहार में साम्प्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति का खेल शुरू हो गया है। हालांकि बिहार में मोदी और नीतीश पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान पर ही केंद्रित करना चाहते है। हालांकि, इन दलों के पास सतारूढ़ पार्टी को घेरने के ऐसे कठोर कोई मुद्दे नही है, जिस पर ये दल वोट बटोर सके। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति हर मंच से शुरू होगी। राहुल ने वोट चोरी पर आरोप लगाकर दिवालियेपन का ही उदाहरण दिया है। राहुल को कांग्रेस का इतिहास पढ़ना चाहिए क्योंकि हररोज अखबार खोलते ही पाठकों को कांग्रेस के कारनामो का ही समाचार पढ़ने को मिलता था।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान- पुलिस ने चलाया जनजागरूकता अभियान

*** बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, महिला सुरक्षा व आत्म निर्भरता की दी जानकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के क्रम में जनपद अमरोहा पुलिस ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमें स्कूल-कॉलेज, गाँव, कस्बों, बाजारों व बस स्टैंडों पर पहुंचीं। इस दौरान छात्राओं व महिलाओं को बाल विवाह, महिला शिक्षा, लैंगिक समानता, आत्मनिर्भरता, तथा महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई और



आपात स्थिति में प्रयोग होने वाले हेल्पलाइन नंबर – 1090, 1098, 112 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 – से अवगत कराया गया। महिला थाना अमरोहा- महिला कांस्टेबल प्रिया, बबली आदि ने एन.के. पब्लिक स्कूल गुलरिया में जागरूकता अभियान चलाया।थाना अमरोहा देहात- लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में छात्राओं को सुरक्षा जागरूकता दी गई। थाना सैदनगली- कस्बा सैदनगली व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चौपाल लगाई गई। थाना नौगावां सादात- ग्राम हाफिजपुर व बाजार क्षेत्र में महिलाओं को पैम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गई। महिला थाना गजरौला- अवंतिका नगर व चौधरी चरण सिंह कॉलोनी में अभियान चलाया गया। थाना हसनपुर, रहरा, रजबपुर, बछरायूं और मंडी धनौरा में भी मिशन शक्ति टीमों ने विद्यालयों व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। PRV-112 की महिला पुलिसकर्मियों ने भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया।

# सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क की अध्यक्षता मे हुई 101 बिन्धुओं को लेकर दिशा की बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में मा. सांसद लोकसभा क्षेत्र सम्भल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत 101 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में मा. जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

बैठक के अन्तर्गत सर्व प्रथम मनरेगा पर चर्चा की गयी जिसमें जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह सितम्बर 2025 तक 7.69344 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 7.71186 लाख मानव दिवस सृजित किये गये जोकि क्रमिक लक्ष्य का 100.24 प्रतिशत है तथा इस योजना के अन्तर्गत 3244.72 लाख व्यय किये गये। मा. विधायक असमोली द्वारा श्रमिकों के लंबित भुगतान को लेकर




भी जानकारी प्राप्त की गयी जबकि मा. सांसद सम्भल द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत कितने रोजगार सृजित हुए उसको चेक कराने के लिए कहा तथा जियो टैगिंग पर भी जानकारी प्राप्त की गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क सम्भल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि केन्द्र की जो भी योजनाएं जनपद स्तर पर चल रही हैं उनकी मॉनिटरिंग की जा सके तथा अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि जो भी योजनाएं शासन की हैं वह धरातल पर पहुंचे तथा पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने को भी कहा। इस अवसर पर सांसद लोकसभा क्षेत्र सम्भल जियाउर्रहमान बर्क, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, सांसद बदायूं आदित्य यादव, राज्यसभा सांसद जावेद अली खान तथा विधायक सम्भल इकबाल महमूद, विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी यादव, विधायक असमोली पिंकी यादव, विधायक बिलारी मो. फहीम, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में गोष्ठी आयोजित

*** महिला सशक्तिकरण व अटल जी के योगदान पर हुआ विचार-विमर्श**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष (25 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2025) के अवसर पर मंगलवार को नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने की, जबकि संचालन चीफ प्रॉक्टर डा. महताब अमरोहवी ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. एम. अथर कमाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से नारी सम्मान और सुरक्षा के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों में




मोबाइल की बढ़ती लत को रोकने के लिए चीन जैसा कानून बनाया जाना चाहिए, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए मोबाइल उपयोग प्रतिबंधित है। डा. महताब अमरोहवी ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने न केवल देश को एकजुट और समृद्ध बनाने का कार्य किया, बल्कि साहित्य जगत में भी अमूल्य योगदान दिया। उनकी कविताओं में देशभक्ति और जीवन के प्रति नई ऊर्जा झलकती है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डा. लुबना हामिद ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर निष्पक्ष राजनीति की, सभी धर्मों का सम्मान किया और देश को परमाणु शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कार्यक्रम में डा. नसीम अहमद, डा. रेशमा ज़ैदी, अरमान सिद्दीकी, डा. निकहत नक़वी, डा. मुबारक अली, डा. रूचि अग्रवाल, अर्चना शर्मा, अतुल कुमार सोनी, दुर्दाना अकरम फ़ारूकी, डा. महताब आलम, जुनैद आलम, उज़्मा सैफी, इज्जत अली, शिवानी सागर सहित छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और अटल जी को नमन किया।

# मीट कारोबारी के निवास और फैक्ट्री मे दूसरे दिन भी रही जांच



*** ईडी और आईटी के बताये जा रहे हैं अफ्सर, छापामारी वाले स्थानो पर जमाये रहे डेरा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मीट कारोबारी के यहां हुई छापामार कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। कई रिश्तेदारों और फैक्ट्री मे काम करने वाले कर्मचारियों के यहां भी जांच टीम का डेरा रहा। रात गुज़री तो दिन निकलते ही निरंतर दस्तावेज़ों और फैक्ट्री से जुड़ी एक एक चीज़ को नोट किया गया।

दरअसल सरायतरीन के मौहल्ला भूड़ा निवासी मीट कारोबारी के निवास और उनकी फैक्ट्री तथा फैक्ट्री से जुड़े कर्मचारियों एवं कुछ रिश्तेदारों के सोमवार की सुबह 06 बजे करीब छापामार कार्यवाही हुई। बताया गया कि आईटी और ईडी के अधिकारियों ने यह छापामार कार्यवाही की है। कुछ देर के बाद जांच बड़ी और जांच ने ऐसी रफ्तार पकड़ी गई अधिकारियों की संख्या बड़ती गई। देर रात तक तमाम फैक्ट्री और होने वाली इनकम से जुड़े दस्तावेज़ों को खंगालते हुए जानकारियां एकत्र की गई। यह क्रम अगले दिन मंगलवार सुबह और देर रात तक चलता रहा। सरायतरीन के मौहल्ला भूड़ा, पीलाखदाना, चौधरी सराय, चमन सराय और चन्दौसी व बरेली एवं मुरादाबाद जैसे अन्य स्थानों पर भी जांच अधिकारियों का डेरा जमा रहा। राते भी इसी तरह गुज़री और दस्तावेज़ों खंगाला गया। 24 घण्टे के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आखिर यह छापामार कार्यवाही किस लिए की गई है। वित्त मंत्रालय मे शिकायत थी या फिर एकाउंटों मे ट्रांजेक्शन का होना। या फिर माजरा ही कुछ है कुछ कहा नहीं जा सकता। क्योंकि जांच करने आयी टीमों के अधिकारियों ने अभी भी मीडिया से दूरी बनाये रखी और कुछ भी बताना मुनासिब नहीं समझा। कर्मचारियों के एकाउंट मे हुई ट्रांजेक्शन और लग्ज़री कारो को लेकर तरह तरह की चर्चायें हो रही हैं। जांच के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। उधर चन्दौसी मे गैस एजेंसी संचालक के यहां भी पर भी छापामार कार्यवाही की गई।

# पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर आईरा ने सौंपा डिप्टी कलक्टर को ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल/बहजोई।** उत्तर प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी, संभल के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय पर एक पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। यह मांग पत्र पत्रकारों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग करता है, जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आईरा के प्रांतीय आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर सौंपे गए ज्ञापन में पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और उत्पीड़न को देखते हुए तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है। यह कानून समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को



कानूनी संरक्षण और हमले की स्थिति में त्वरित न्याय की गारंटी देगा। पत्रकारों को मन्यता प्राप्त करने के लिए ऑन लाईन प्रक्रिया चालू करने, त्रकारों और उनके परिवारों के लिए आकस्मिक दुर्घटना, बीमारी या मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता के लिए स्थायी पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना करने की मांग रखी गई। पत्रकारों पर समाचार छापने को लेकर मुकदमे दर्ज करने के मामलों को संज्ञान मे लेकर विशेष कदम उठाने की मांग रखी गई। इस दौरान आईरा के जिलाध्यक्ष, वीरेश कुमार ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, एस के सक्सेना, महेश राघव, विनय राठौर, योगेश राघव,जरीफअहमद, रिंकू चौहान, राजकुमार दिवाकर, गौरव कुमार, महानन्दन गौतम, फरजंद अली वारसी, सलीम अंसारी, दिनेश कुमार शर्मा, नेत्रपाल सिंह, अफसर अली, बब्लू सैफी, मुजफ्फर हुसैन, इस्लाम अली,बॉबी कुमार, मुजफ्फर हुसैन,अफसर अली,आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# विदेशी कंपनियों के राक्षस को जलाकर विदेशी उत्पादो का किया समिति ने विरोध

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने विदेशी कंपनियों के उत्पादों का पुतला जलाकर विदेशी कंपनियां के उत्पादन का विरोध जोरदार ढंग से किया।

असमोली के मिल रोड चौराहे पर भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने विदेशी कंपनियों के उत्पादों का पुतला बनाकर भीमकाय पुतले का रूप दिया उसके हाथों में शरीर पर विदेशी कंपनियों के उत्पाद जैसे जूता चप्पल बिस्कुट मोबाइल खिलौने आदि लटकाए गए उसके बाद विदेशी कंपनी भारत छोड़ो स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करो भारत माता की जय के नारे लगे गए और विदेशी कंपनियां के रक्षा नुमा पुतले को आग के हवाले किया गया इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने कहा की विदेशी



कंपनियों से आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक नुकसान हो रहा है देश के पैसे को लूटकर विदेश में जा रहा है इससे निजात पाने के लिए जरूरी है कि देशवासी विदेशी सामान ना खरीद कर देश में बने हुए सामान की खरीदारी करें। जिला उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने कहा कि देसी कंपनियों का बना हुआ सामान खरीदना उपयोग में लाना देशभक्ति के समान है और विदेशी सामान खरीदना देश के साथ गद्दारी के समान है उन्होंने स्वर का लोकल की बात कहते हुए सभी देशवासियों से अपने निकट बने हुए समान को उपयोग में लाने का आह्वान किया। समस्त कार्यक्रम भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। पुनीत त्यागी, कमर पाल, वैभव गुप्ता, अनुज कुमार, अमन कुमार, कपिल कुमार, विंटू, जितेन्द्र, कृष्णा, छत्रपाल आदि दर्जन कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# अवैध पनीर फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, 4.5 क्विंटल पनीर नष्ट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम मौहरका पट्टी स्थित जंगलों में अवैध रूप से संचालित एक पनीर फैक्ट्री पर छापा मारा। यह फैक्ट्री बिना किसी लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के चल रही थी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी मौके से फरार हो गए। निरीक्षण में लगभग 4.5 क्विंटल पनीर अस्वास्थ्यकर दशा में रखा मिला। पनीर सीमेंट की वादियों में गंदे पानी में रखा गया था, जिससे वह दूषित पाया गया।टीम को मौके से एक सफेद रंग का रासायनिक पदार्थ (केमिकल)



भी प्लास्टिक बैग में मिला। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि फैक्ट्री का संचालन इरफान पुत्र यूसुफ निवासी ग्राम मौहरका थाना गजरौला द्वारा किया जा रहा था। इरफान का नाम पूर्व में भी नकली दूध एवं पनीर बनाने के प्रकरण में सामने आ चुका है, जब उसके मोहल्ला चमन बाग स्थित कारखाने से बरामद पनीर में मैग्नीशियम सिलीकेट पाया गया था, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर मिले दूषित पनीर को पास के तालाब में नष्ट कराया। नष्ट किए गए पनीर की अनुमानित कीमत लगभग ज़1.26 लाख आंकी गई है। विभागीय टीम द्वारा जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी छापामार कार्रवाई की गई। जिनमें पनीर व मिठाई के नमूने एकत्र कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# कादरी नौशाही टीम सम्भल द्वारा किया गया जश्ने गौस पाक का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** गौसे पाक रहमतुल्ला अलेह के 11 वीं शरीफ के मुबारक महीने मे जश्ने गौसे आज़म का आयोजन किया गया।

नातो मनकबत की महफिल सजाई गई और गौसे पाक की खिदमात पर वक्ताओं ने रौशनी डाली।

नगर के दीपा सराय मे कादरी नौशाही टीम द्वारा गौसे पाक रहमतुल्ला अलेह के मुबारक महीने 11 वीं शरीफ के मौके पर जश्ने गौसे आज़म का आयोजन किया किया। मौलाना हसीबुरर्हमान, सैफुल्लाह सुल्तानी, मौलाना गुल हसन अजमली ने नाते पाक पेश की। इस मौके पर सय्यद सुबहानी मियां, सय्यद अबूज़र अशरफी अल जिलानी किछौछवी, सय्यद फैसल मियां सज्जादानशींन दरगाह मुवाहिदी शाहीदी हयातनगर, सय्यद जमन मियां जनेटा शरीफ, सय्यद इस्लाम मिया, मौलाना अदील हबीब साबरी लतीफी दरगाह साबरी बुलबुल सीकरी, सय्यद अमान मियां, शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन, ख्वाजा कलीम अशरफ, मौलाना हसीबुरर्हमान, मौलाना गुल हसन, मौलाना कारी राशिद अली, सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना कारी युसूफरज़ा ने किया।

# निर्माणाधीन श्रीकल्किधाम के निकट बनी मस्जिद पर चला बुलडोज़र

*** पार्क की भूमि पर बनी होना बताई जाती है मस्जिद, ध्वस्तीकरण के दौरान तैनात रही पुलिस**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** वर्षो पुरानी मस्जिद पर प्रशासन का बुलडोज़र गरज पड़ा। यह मस्जिद एचौड़ा कम्बोह गांव मे बनाई गई थी। बुलडोज़र चलने के बाद एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।



जनपद सम्भल के गांव एचौड़ा कम्बोह मे बन रहे श्रीकल्कि धाम मंदिर से सटी करीब 30 वर्ष पुरानी मस्जिद पर मंगलवार को प्रशासन का बुलडोज़र गरज पड़ा। इस दौरान 2 थानों की पुलिस एहतियात के तौरा पर तैनात रही। बुलडोज़र की मदद से घण्टेभर के बीच ही मस्जिद को ध्वस्त किया गया। जानकारी के अनुसार बताते चलें कि तहसीलदार द्वारा इसको लेकर बेदखली का आदेश जारी किया था। उक्त मस्जिद के पार्क की जमीन पर बने होने की शिकायत की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने नोटिस भी जारी किए। कुछ लोगों ने स्वंय भी अपने हाथों से एक हिस्से को हटाने का काम किया लेकिन अब बाकी की इमारत को बुलडोज़र ने ध्वस्त कर दिया। 262 वर्गमीटर पर यह मस्जिद बनाई गई थी जिसको तोड़ा गया है। इसमे ग्राम सभा बनाम जमील अहमद के नाम से वाद दायर किया था। मस्जिद को 11 जून को पहला नोटिस मिला। जबकि 24 सितंबर को बेदखली का आदेश दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार दीपक जुरैल, राजस्व निरीक्षक अवनीश यादव, चंद्रपाल सिंह समेत कई लेखपाल भी टीम में शामिल थे। जबकि सीओ असमोली कुलदीप सिंह, ऐंचौड़ा कम्बोह थानाध्यक्ष मोहित काजला और असमोली इंस्पेक्टर राजीव कुमार बालियान भी मौके पर मौजूद रहे।

# सिंगल यूज़ प्रतिबंधित प्लाटिक के खिलाफ चला अभियान 24 क्विंटल पॉलीथीन जब्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** प्रतिबंधित पॉलीथीन की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अधिकारियों ने सूचना मिलते ही तुरन्त पॉलीथीन से भरे वाहन को तुरन्त मौके पर पहुंचकर पकड़ा लिया।

मंगलवार की सुबह नगर मजिस्टेऊट सुधीर कुमार व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ0 मणिभूषण तिवारी पालिका के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नगर के हसनपुर मार्ग स्थित नवीन मण्डी समिति पहुंचे। यहां पर दोनो ही अधिकारियो ने सूचना मिलने पर एक वाहन को चैंक किया तो उसमे भारी मांत्रा मे प्रतिबंधित पॉलीथीन भरी हुई थी। ट्रक से 24 क्विंटल 93 बोरे




प्रतिबंधित पॉलीथीन बरामद की गई। पकड़ी गई प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करके एमआरएफसेन्टर के लिए भेजा गया।

# थाना रायसत्ती पुलिस ने लगाई चौपाल अपराधों के प्रति किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर मोहम्दाबाद, थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना अध्यक्ष रायसत्ती बोबिंदर शर्मा, हे.का.सोमपाल सिंह, हे.का. विकास गिरी, हे.का.हरिराम सिंह, का.अमित कुमार, का.गौरव शर्मा, हे.का. सोमपाल, हे. का. सुखवेंद्र सिंह, म.का.प्रियंका थाना रायसत्ती जनपद संभल मौजूद रही।

# लंदन से मेयर पहुंचे सम्भल के कल्किधाम आचार्य प्रमोद ने किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन की टाउन कार्उसिल वैलिंगबोरो के मेयर राज मिश्रा श्री कल्कि धाम में आकर शिला पूजन किया। श्री मिश्रा सायं 4.00 बजे श्री कल्कि धाम पहुंचे। श्री कल्कि धाम पहुंचने पर श्री कल्कि धाम सेवा समिति ने तिलक लगाकर श्री मिश्रा का स्वागत किया। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें आशीर्वाद दिया। राज मिश्रा ने निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित शिला का दर्शन किया। शिला दर्शन से पूर्व श्री मिश्रा



श्री ने श्री कल्कि धाम निर्माणार्थ शिला पूजन भी किया। शिला पूजन के पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए वैलिंगबोरो मेयर राज मिश्रा ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है जब मैं श्री कल्कि धाम में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में बैठा हूं। श्री कल्कि धाम से विदाई देते समय श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मेयर राज मिश्रा को रामलला का स्वरूप भेंट किया।

# हातिम सराय के 80 मकानों से टला बुलडोज़र का खतरा हाईकोर्ट से सटे

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** हातिम सराय के 80 मकानो पर मण्डरा रहा बुलडोज़र का खतरा टल गया है। हाईकोर्ट मे मामला पहुंचने के बाद अब सटे हुआ हैं जिसके बाद माना जा रहा है कि मकानो को नहीं तोड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार बताते चलें कि नगर के हातिम सराय मे तालाब मे मकान बने होने को लेकर प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए गए। करीब 80 मकानों और एक मस्जिद इसमे शामिल थी जिसको लेकर नोटिस जारी करते हुए 15 दिन का समय दिया गया और लाल निशाने लगाये गये। मकान स्वामियों ने राम सुनीती देवी से बैयनामे कराने और नक्शा पास कराकर मकान का निर्माण करने की बात कही। इस मामले को लेकर शहर विधायक इकबाल महमूद ने



जिलाधिकारी से भी मुलाकात करते हुए अवगत कराया। मकान स्वामियों ने हाईकोर्ट का रूख किया तो मंगलवार को सुनाई के बाद सटे हुआ तो राहत की सास ली।

## पेड़ों की शाखों के तराशी का कार्य

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 13.10.2025 व 14.10.2025 को प्रातः 09ः00रू बजे से 13ः00 तक 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम रामपुर से पोषित 11 kv के अजीतपुर 1 ×2 व ज्वालानगर 1×2 फीडर पर पेड़ो की शाख ताराशी और लाइनों के मरम्मत व pwd द्वारा लाइन शिफ्टिंग का कार्य होना प्रस्तावित है जिसकेअंतर्गत अजीतपुर बिजलीघर से पोषित क्षेत्र जैसे विष्णु विहार, साई विहार,ज्वालानगर , रफत कॉलोनी मायादेवी धर्मशाला, बजरंग बिहार, राम विहार , लक्ष्मी नगर , विकास नगर , आगापुर , मंसूरपुर , राजा टेक्सटाइल , अजीतपुर ,सैनी बस्ती, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, आदि की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

## बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे पर आयी खुशी




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** थाना बिलासपुर रामपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी कि एक बच्चा नाम पता अज्ञात अहरो तिराहा के पास खडा है उक्त सूचना पर म0उ0नि0 सृष्टि चौधरी मय हमराह मौके पर पहुँची तथा उक्त बच्चे से सान्त्वना देकर उससे उसका नाम व पता पूछते हुए परिजनो के सम्बन्ध में जानकारी की तो उक्त बच्चे ने अपना नाम , पिता का नाम, थाना रुद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) उम्र 12 वर्ष लगभग बताया तथा घर से बिछड़ना बताया ।

जिसके परिजनो की जानकारी की गयी तो उसकी माता से दूरभाष सम्पर्क हुआ जिन्होने उक्त बच्चे के सम्बन्ध मे बताया कि यह मेरा बेटा है घर से किसी बात पर नाराज होकर घर से निकल गया था जिसको हम तभी से तलाश कर रहे थे । तत्पश्चात परिजनो को थाना आने की सूचना देकर उक्त बच्चे को थाना बिलासपुर पर लाकर सहानुभूति पूर्वक मिशन शक्ति केन्द्र मे बैठाया गया कुछ समय पश्चात उक्त बच्चे के परिजन आये । तत्पश्चात बच्चे को उसके परिजन के सुपुर्द किया गया । अपने बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर आ गयी एवं रामपुर पुलिस का आभार प्रकट किया

## थाना स्वार का किया गया आकस्मिक निरीक्षण




**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना स्वाक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तदोपरान्त अगामी त्यौहार, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5(सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी, स्वार मौजूद रहे ।

## भाजपा की नीतियों से किसान परेशान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र के नसीमगंज चौराहे पर जन्नत इलेक्ट्रॉनिक हाउस का शुभारम्भ करते हुए रामपुर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय में किसान भाजपा की नीतियों से परेशान हैं, लोगों को खाद तक नहीं मिल रहा है। किसान अपने बच्चों को कारोबार से लगाए। सैदनगर क्षेत्र के नसीमगंज चौराहे पर इमरान पाशा के प्रतिष्ठान जन्नत इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रतिष्ठान के स्वामी इमरान पाशा ने बताया कि हमारे यहां पर शादी के समान तोहफे मुनासिब रेट पर दिए जा रहे हैं। गरीबों के लिए विषय छूट दी जा रही।

## छात्राओं को मिशन शक्ति की जानकारी दी गई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में आज दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे रंगोली, पोस्टर, नाटक, सेल्फी प्वाइंट आदि की गई। इसमें रंगोली प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में इलमा फिरासत शिफा नाज, रिंकी और सोफिया की टोली प्रथम रही ।पोस्टर प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में निधि कक्षा 11 प्रथम, अदीबा खान कक्षा 9 द्वितीय और रहमत फातिमा कक्षा 9 तृतीय रही। जूनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में सिदरा कक्षा 7 प्रथम, अमरीन कक्षा 8 द्वितीय और काशिफ हसनत कक्षा 8 तृतीय रही। सेल्फी प्वाइंट साज सज्जा में कक्षा 10 की अलीशा फरमूद असरा, सकीना, सईदा उनेजा, सैयदा मुनज्जा और कक्षा 11 की मनसा बी की टीम ने प्रथम स्थान पाया ।नुक्कड़ नाटक में कक्षा 8 की रहीमा बी सोबीन साबरी, रूफा, असफिया, फलक आरिफ, कशिश कश्यप, दिव्यांशी जोशी, हिफजा सोहेल और खुशी फिरोज के नाटक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

## रास्ते में रोककर युवक के साथ की मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** मंगलवार को पटवाई थाना क्षेत्र के रजोड़ा गांव के रहने वाले पप्पू ने थाना पटवाई पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया हैं की प्रार्थी अपने घर से दुकान पर सामान लेने जा रहा था तभी गांव के ही रहने वाले छत्रपाल व बब्लु ने पीड़ित को रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की जिससे प्रार्थी के गंभीर चोंट आयी है पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## प्रसाव पीड़ा होने के तीन दिन बाद नवजात कि मौत

*** महिला ने अपने पति पर लगाया मारने पीटने का आरोप।**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के निस्बा गांव गुड्डी कि शादी पांच महीने पहले थाना भोट के रामपुरा गांव के रहने बाले मोंटी के साथ प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी आरोप है कि शादी के कुछ समय तक ठीक चला के लेकिन उसके बाद मोंटी व उसके परिवार बाले युवती को आये दिन दहेज को लेकर परेशान करते रहते थे युवती सात महीने कि गर्भवती हुई तो आठ दिन पहले युवती के पति ने महिला के साथ मारपीट की जिससे युवती के शरीर पर गंभीर चोट आयीं उसके बाद युवती ने अपने मायके बालो को सुचना दी तो मायके वाले युवती को अपने घर ले आए इसी बीच युवती को प्रसव पीड़ा हुई तो महिला के परिजनों धमोरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवती ने बच्चे को जन्म दिया बच्चे के जन्म के बाद महिला के पति ने बच्चा और अपनी पत्नी को रखने से साफ इंकार कार दिया रविवार को नवजात की मौत हो गई।

## भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली जायेगी




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस )के तत्वावधान में भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा दिनांक 15,10,2025 को नगर स्वार में निकाली जायेगी जिसका शुभारंभ स्वार टांडा विधायक माननीय भाई शफीक अहमद अंसारी जी करेंगे शोभा यात्रा का नेतृत्व भावाधस राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही करेंगे उक्त जानकारी भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी के अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि ने दी

## 02 नफर वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण थाना स्वार पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 02 नफर वारन्टी अभियुक्त गण 1. इन्तेजार अह0 पुत्र निसार अह0 नि0 सडक का मझरा थाना स्वार जनपद रामपुर को इनके मसकनो से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा नफर वारन्टी अभियुक्तगण को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## प्रतिभागियों को किया सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र के साथ रामपुर शहर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, समूह केंद्र पहुंचकर गोल्फ कोर्स में आयोजित मन्थली मेडेल राउण्ड-2025 गोल्फ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल खेल एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आपसी सहयोग, टीम भावना एवं अनुशासन के गुणों को भी सुदृढ़ करती हैं।

## गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र ने पहाड़ी गेट स्थित हस्तशिल्प कला केन्द्र, आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) एवं जिला उद्योग केन्द्र के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका जैन को निर्देशित किया कि परिसर की बाउंड्रीवाल के सौन्दर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, साथ ही परिसर में इण्टरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और सुरक्षा की दृष्टि से तार लगवाने का कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र प्रशिक्षणार्थियों एवं हस्तशिल्प से जुड़े उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है, इसकी सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र के खाली आवासों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यालय स्टाफ को आवंटित किया जाए।

## विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा बमनपुरी स्टेडियम, रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्टेडियम परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया । कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहवर्धन हेतु सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं गयी ।

## छात्र- छात्राओं को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम द्वारा थाना भोट रामपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से इंपैक्ट कॉलेज थाना भोट में एवं थाना गंज रामपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, रामपुर साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर थाना साइबर क्राइम से मुख्यआरक्षी नितिन कुमार, आरक्षी शील रतन गौतम, महिला आरक्षी स्वाति, महिला आरक्षी मालती एवं थाना भोट से, उ0नि0 चंद्र विक्रम सिंह , कंप्यूटर आपरेटर अमरजीत मुख्य आरक्षी अमित कुमार, महिला कांस्टेबल निक्की द्वारा थाना भोट अंतर्गत इंपैक्ट कॉलेज व थाना गंज से प्र0 नि0 पवन कुमार शर्मा, नि0 रामवीर, उ0नि0 पुनीतकांत, कंप्यूटर आपरेटर संदीप कुमार मुख्य आरक्षी विकास कुमार थाना गंज अंतर्गत जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज में छात्र -छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 14.10.2025 को क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना स्वार के साथ थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत जमुना देवी इंटर कालेज, रायपुर चुन्ना वाला में छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## अभियान के अंतर्गत आयोजित की गयी प्रतियोगितायें



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला गंगा समिति द्वारा 2 से 31 अक्टूबर, 2025 तक विशेष गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति रामपुर की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी पॉइंट प्रतियोगिता, चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में इलमा फिरासत शिफा नाज, रिंकी और सोफिया की टोली प्रथम रही । पोस्टर प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में निधि कक्षा 11 प्रथम, अदीबा खान कक्षा 9 द्वितीय और रहमत फातिमा कक्षा 9 तृतीय रही। जूनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में सिदरा कक्षा 7 प्रथम, अमरीन कक्षा 8 द्वितीय और काशिफ हसनत कक्षा 8 तृतीय रही।

## महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 14.10. 2025 को क्षेत्राधिकारी, टाण्डा व थाना प्रभारी, अजीमनगर द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत ढक्का हाजी नगर में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया।

जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## पागल कुत्ते ने कई को काटा किया लहूलुहान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद ।** नगर के मोहल्ला कस्सावान में उस समय हड़कंप मच गया जब बेसुध हुए आवारा कुत्ते ने कई बच्चों को काटकर लहू लूहान कर दिया बताते चलें कि जिससे नगर के मोहल्ले में बच्चों में दहशत फैल गई परिजनों के द्वारा बच्चों को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार देते हुए स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## 30 हेक्टरे भूमि कराई कब्जा मुक्त



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मतवाली मे न्यायलय अपर जिलाधिकारी द्वारा पारित पट्टा निरस्ती करण आदेश 23.09.25 के अनुपालन मे तहसीलदार अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम के 96 पट्टेदारो से भूमि कुल 30 हेक्टरे से अधिक भूमि कब्जे मे लेकर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी मे दी गई। इस दौरान तहसीलदार के साथ कानूनगो रामस्वरूप सिंह ,कानूनगो चौधरी राजेंद्र सिंह ,लेखपाल रमन कुमार ,लेखपाल सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहे अनुज



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** तहसील शाहबाद ग्राम घारमपुर निवासी अनुज पाण्डेय ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क सुधारात्मक पाठशाला संचालित कर रहे हैं । बह बहुत सी ऐसी प्रतियोगिता जैसे की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कला प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क कर रहे हैं पाठशाला के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षा और खेल के प्रति जागरुक करने का काम कर रहे हैं अनुज के बताया कि वह ऐसे बच्चों के लिए काम कर रहे हैं जो बकाई शिक्षा और खेल के माध्यम से अपनी समाज में पहचान बनाना चाहते हैं।

## पेड़ से टकराकर कार चालक की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** जनपद रामपुर के थाना पटवाई निवासी चंद्रपाल सिंह अपने पौत्र कृष्णा यादव, पुत्री काव्या और पुत्र वधु आराधना के साथ कार में सवार होकर मंगलवार को बदायूं जनपद के गुरगांव स्थित रिश्तेदारी से अपने गांव पटवाई लौट रहे थे, रास्ते में शाहबाद आंवला रोड पर टांडा गांव के पास बुलेरो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चालक साठ वर्षीय चंद्रपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस के द्वारा सभी को शाहबाद सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने चंद्रपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि तीनों घायलों को इलाज देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका मिला



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।**घर से लापता युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिलने से सनसनी फ़ैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उधर फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मौका-मुआयना किया है।वही मृतक परिवार ने युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने की आशंका जताई है।मंगलवार सवेरे अहरो रोड स्थित मुहल्ला साहूकारा के रहने वाले एक व्यक्ति के आम के बाग में पेड़ से लटके मिले युवक के शव से इलाके में सनसनी फ़ैल गई।घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा होने लगी और सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बलवान पुलिस दलबल के साथ मौकें पर पहुंचें मृतक युवक की पहचान मुहल्ला टांडा हुरमतनगर की चांद के पार बस्ती निवासी टेम्पो चालक अब्दुल कदीर के 21 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फाजिल के रूप में हुई।

## जिलाधिकारी से स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर, के ब्लॉक सैंदनगर के ग्राम दर्शनपुर मैं बने राम रहीम डिग्री कॉलेज के सामने सड़क पर तेज गति से वाहनों का आता खबर रहता है जब विद्यालय की छुट्टी होती है तो विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की भीड़ सड़क की तोड़ पड़ती है तेज गति से आ रहा है वाहनों से छात्रों के साथ कोई भी घटना घटित ना हो जाए इसके लिए राम रहीम कॉलेज के प्रबंधक वाशिद अली ने रामपुर जिलाधिकारी को सेट पोस्ट के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजा है और मांग की है कि विद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बनवा जाए जिससे कि तेज गति से आ रहे बहनों की गति धीमी हो जाए और कोई भी घटना घटित होने से बच जाए

## ट्राली पलटी ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना भोट क्षेत्र के लाला वाले बाग के पास बस चालक ओवरटेक कर रहा था इसी दौरान धान से भरी टैक्टर ट्रॉली को बस चालक ने साइड मार दी साइड लगने से टैक्टर ट्रॉली पलट गई ओर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया है बहा मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रॉली में धान भरे हुए हैं टैक्टर ट्रॉली विलासपुर मंडी की ओर जा रही थी इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टैक्टर ट्रॉली में साइड मार दी जिससे टैक्टर पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिया अस्पताल भेज दिया

## थामा भीम आर्मी भारत एकता मिशन का दामन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के मंडल प्रभारी राजेश खन्ना द्वारा महिलाल सागर को भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन जनपद रामपुर का जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। तथा संगठन को आपसे आशा और उम्मीद है कि आप निस्वार्थ होकर बहुजन समाज की आवाज उठाएंगे और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, मान्यवर काशीराम साहब तथा बहन कुमारी मायावती की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का काम करेंगे तथा समाज के बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं बेरोजगारी दूर करने के प्रति आप समाज के नौजवानों को समझने का प्रयास एवं बहुजन समाज के सम्मान के लिए मिशन मोमेंट को ध्यान में रखते हुए सभी का सम्मान करेंगे।

## ह्रदयगति रूकने से हुआ देहान्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।**वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार एसोसिएशन की सरक्षक डॉ कोतवाल वर्मा उम्र 75 का ह्रदयगति रुकने से देहान्त हो गया डॉक्टर के एस वर्मा सरल, सौम्य एवं हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे । उन्होंने लगभग अर्ध शताब्दी तक मसवासी के सामाजिक व राजनैतिक जीवन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया अपने मसवासी आगमन के पश्चात ही वे यहां की समस्याओं के प्रति चिंतित रहते थे सन 1980 के आसपास ही उन्होंने ÷जन कल्याण समिति÷ नाम से एक संगठन बनाया था जिसके माध्यम से वे मसवासी के युवाओं को स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित करते थे । उसके पश्चात वे लगातार यहां के सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में सक्रिय रहे ।

# संक्षिप्त समाचार

## अध्यक्ष फैज़ान खान ने उठाई आवाज़



**सैफनी।** नगर पंचायत अध्यक्ष फैज़ान खान ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग रामपुर को पत्र लिखकर अकबरपुर-सैफनी मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है। अध्यक्ष खान ने बताया कि यह मार्ग वर्षों से अत्यधिक जर्जर अवस्था में है और सैफनी को लगभग 30-35 बड़े गांवों और चंदौसी शहर से जोड़ता है। मार्ग पर आवागमन बहुत अधिक है, लेकिन इसकी खराब स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और बरसात में जलभराव की समस्या भी बनी रहती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रामपुर के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग के लिए पूर्व में की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जनहित में, अध्यक्ष ने तुरंत मार्ग का निर्माण शुरू कराने का आग्रह किया है।

## जर्जर सड़क के शीघ्र मरम्मत का मुद्दा उठाया



**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े कई दर्जन कार्यकर्ता गांव के अड्डे पर इकट्ठा हुए पंचायत और प्रदर्शन के दौरान जर्जर सड़क के शीघ्र मरम्मत का मुद्दा उठाया गया पंचायत और प्रदर्शन में शासन प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया गया पंचायत और प्रदर्शन के दौरान प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि की जर्जर सड़क वर्षों से पड़ी है आधा दर्जन गांव इस सड़क से जुड़े हुए हैं नेशनल हाईवे एनएच 87 के मार्ग से होते हुए आधा दर्जन गांवों को जाती है और सबसे बड़ी बात यह है कि सरकारी पेट हर बृहस्पतिवार को रोड के किनारे हाईवे के किनारे लगती है।

## आयोजित की गयी प्रतियोगितायें



**रामपुर।** जिला गंगा समिति द्वारा 2 से 31 अक्टूबर, 2025 तक विशेष गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति रामपुर की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी पॉइंट प्रतियोगिता, चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में इलमा फिरासत शिफा नाज, रिंकी और सोफिया की टोली प्रथम रही ।

## दो बाइकों के भिड़त ,एक की हालत गंभीर

**दढ़ियाल।** दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर दो बाइकों सवारों की आपस में भिड़त हो गई । चीख पुकार की आवाज सुनकर खेतों पर काम कर रहे लोगो की भीड़ लग गई।दोनो बाईकों की भिड़त में दो लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन गंभीर घायल बाइक सवार को उत्तराखंड के काशीपुर ले गए। जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ।

## वाल्मीकि समाज ने किया चौकी पर प्रदर्शन




**मसवासी।** एक दैनिक समाचार पत्र में भगवान वाल्मीकि जी शोभायात्रा निकालने के प्रति अपशब्द लिखने के विरोध में भावाधस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चौकी मसबासी पर धरना प्रदर्शन कर समाचार पत्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कि भगवान वाल्मीकि के प्रति अपशब्द लिखकर बाल्मीकि समाज की आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। जिसे वाल्मीकि समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। इस समाचार के प्रति जल्द कानूनी कार्रवाई की जाये अन्यथा भावाधस आन्दोलन करने को बाध्य होना धरना प्रदर्शन में नितिन वाल्मीकि,करन वाल्मीकि, सोमपाल, विजय, राकेश, पप्पू भगत, कुंवर पाल, राजीव, मुकेश, विवेक,भागमल, गौरव, कुनाल, अरुण,अजय, अमित आदि शामिल रहे।

## नये ऑफिस का उद्घाटन किया



**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह दिल्ली से लखनऊ जाते समय अपने मसरूफ़ प्रोग्राम से वक़्त निकालकर रामपुर नगर पालिका वार्ड 29 से पार्टी के वरिष्ठ सभासद यासीन उर्फ़ गुड्डू के घर पहुँचे, पिछले दिनों यासीन गुड्डू का रोड एक्सीडेंट में पैर फ्रैक्चर हो गया था संजय सिंह ने उनकी सेहत के बारे में तफ़सील से मालूमात ली और उनकी जल्द सेहत्याबी की कामना करते हुए कहा कि ÷पार्टी अपने हर पदाधिकारी-कार्यकर्ता और नुमाइंदे के साथ मज़बूती से खड़ी है। यासीन गुड्डू हमारी पार्टी की मज़बूत आवाज़ हैं, और हम सब उनकी जल्द सेहतमंदी के लिए दुआगो हैं।

## हटाए गए थे शाहाबाद ओर पटवाई के थाना प्रभारी



**रामपुर।** मिलक विधायक की शिकायत पर हटाए गए थे शहबाद और पटवाई के थाना प्रभारी विधायक राजबाला ने डीजीपी से की थी थानाध्यक्षों की शिकायत शिकायत होने के बाद डीजीपी ने रामपुर एसपी विद्यासागर मिश्र को लिखा था पत्र दोनों थाना प्रभारियों को हटाने के बाद रामपुर एसपी विद्यासागर मिश्र ने विधायक को पत्र लिखकर अवगत कराया कि दोनों ही थाना प्रभारियों का स्थानांतरण कर दिया गया।

## आजम खान ने सिक्योरिटी लेने से किया इनकार



**रामपुर।** रामपुर से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान बीते सितम्बर महीने में जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आए हैं. जिसके बाद उन्हें सरकार ने उनकी वाई श्रेणी की सुरक्षा बहाल कर दी है. वहीं अब सपा नेता आजम खान ने बिना लिखित आश्वासन के सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है पूर्व मंत्री आजम खान ने तंज कसते हुए कहा कि मैं मुर्गी चोर- बकरी चोर हूं, मुझे 21 साल की सजा है तो मुझे कैसे सुरक्षा मिल रही है. मुझे भरोसा नहीं है।

## विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास



**रामपुर।** सांसद श्री मोहिबुल्लाह नदवी, मा0 शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी में कराये गये विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

## विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनें प्रयोगशाला भेजे गये



**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-11/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान में पीपलगांव, भोट स्थित आलिम स्वीटस मोहम्द आलिम पुत्र श्री रईस अहमद से छेना रसगुल्ला तथा बूंदी का लड्डू का 01-01 नमूना लिया गया और लगभग 15 कि0ग्रा0 दूषित छेना रसगुल्ला (अनुमानित कीमत 2100 रुपये) को नष्ट कराया गया।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/14/2025 7:10 PM Page 1



# राजकीय कन्या महाविद्यालय में पोषण माह शिविर आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के होम साइंसविभाग एवं आयुष विभाग, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के अंतर्गत पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जितेंद्र मालिक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मिली द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ मंजू कुमारी के दिशा निर्देशन में आयोजित शिविर का उद्देश्य छात्राओं एवं शिक्षकों में संतुलित आहार, स्वास्थ्य तथा आयुर्वेदिक पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। लगभग 320 छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक परामर्श, पोषण संबंधी जानकारी तथा हर्बल घरेलू उपचारों की जानकारी प्रदान की गई। आयुष विभाग की टीम ने आहार, दिनचर्या और जीवनशैली जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु उपयोगी सुझाव दिए। योग विशेषज्ञ डॉ. भूदेव द्वारा विद्यार्थियों के लिए योग एवं शारीरिक स्वास्थ्य सत्र भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के सेवन, संतुलित आहार, सरल जीवनशैली अपनाने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# बाल महोत्सव के पहले दिन ग्रुप डांस, पोस्टर मेकिंग, सोलो सॉन्ग, रंगोली में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- गुरुग्राम में जिला स्तरीय बाल महोत्सव–2025 का शुभारंभ
- 14 से 18 अक्टूबर तक होगा महोत्सव, बच्चों को मिलेगा अपनी प्रतिभा निखारने का मंच




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला बाल कल्याण परिषद गुरुग्राम के तत्वाधान में पांच दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव–2025 का मंगलवार को सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मानद महासचिव हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ सुषमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस महोत्सव की अध्यक्षता मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने की।

यह महोत्सव 14 से 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे विविध प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डांस, सोलो क्लासिकल डांस, सोलो सॉन्ग और रंगोली प्रतियोगिता में बढ़–चढकर भाग लिया। मुख्य अतिथि सुषमा गुप्ता ने प्रतिभागी बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने निर्णायक मंडल के सदस्यों सराबनी, नरेंद्र, मोंटी शर्मा, उमा, सैलेंद्र, डॉ. संदीप मेहरा, दीपक, महिमा, प्रीती सैनी और सुनीता रानी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका एकता ने किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हूड्डा ने बताया कि आगामी दिनों में चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन, सांस्कृतिक नृत्य, नाटक और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर बाल गृह के बच्चे, जिला बाल कल्याण परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में हरियाणा युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, केरल के आनंद को न्याय दिलाने की मांग तेज

- आरएसएस की अमानवीय हरकतों के खिलाफ फूटा गुस्सा, कहा — यह संविधान और इंसानियत की लड़ाई है



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के आह्वान पर मंगलवार को दिल्ली में हरियाणा युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केरल के आनंद को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजधानी की सड़कों पर उतरकर आरएसएस की कथित अमानवीय और शर्मनाक हरकतों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने किया। भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि आज देश में नफरत की राजनीति अपने चरम पर है। केरल के आनंद के साथ हुई अमानवीय घटना न केवल एक व्यक्ति के खिलाफ हिंसा है, बल्कि यह हमारे संवैधानिक मूल्यों पर हमला है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस हर अन्याय के खिलाफ सड़क से संसद तक आवाज उठाएगी। जब तक आनंद को न्याय नहीं मिलता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हरियाणा युवा के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर संविधान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। हम संविधान के अनुच्छेदों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। केरल के आनंद के साथ हुआ अन्याय पूरे देश के युवाओं को झकझोरने वाला है। हम इस मुद्दे को हर मंच पर उठाएंगे ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रभारी सत्यवान गहलोत ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा के लिए है। अएरएसएस और उससे जुड़े संगठनों द्वारा फैलाए जा रहे नफरत के जहर को अब रोकना होगा। युवा वर्ग देश की एकता, भाईचारे और इंसानियत के लिए सड़कों पर उतरा है। यह लड़ाई न्याय और समानता के लिए है। इस मौके पर हरियाणा युवा कांग्रेस की सह प्रभारी प्रियंका चांडीलिया, दिनेश पोसवाल, विनीत खर्ब,प्रदीप यादव,सागर कौशिक, कृष्ण अत्रि,रजत लाठर, विकास दायमा, सोवीन, विकास ढांडा, मुबीन खान, अभिषेक राव,धर्मेंद्र राणा, हरदीप राणा, सुशील हुड्डा, जगमिंन्द्र व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तख्तियाँ और बैनर लेकर न्याय की पुकार लगाई।

# बेल्ट परीक्षण कार्यक्रम में युवा कराटेकास ने किया शानदार प्रदर्शन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सैक्टर 15 पार्ट 2 स्थित साईं कराटे एकेडमी परिसर में स्पोर्ट्स शिटोकाई कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत बेल्ट परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और बेल्ट के लिए शानदार प्रदर्शन भी किया। एकेडमी के सुनील सैनी का कहना है कि युवा कराटेकास ने अपनी अद्भुत मार्शल आर्ट्स कला का प्रदर्शन करते हुए बेल्ट टेस्ट में किक, पंच और अद्भुत मुद्राओं का जोरदार प्रदर्शन किया। नन्हे खिलाड़ी भी पीछे नहीं रहे। वेदिका ठाकुर, प्रद्युत सिंह व तपसी सिंह ने येलो बेल्ट, रक्षित सुहाग, युवन ठाकुर, अलेख्या राव व कृशा शर्मा ने ऑरेंज बेल्ट, शान्वी चंदेल ने ग्रीन बेल्ट तथा अन्वेषा खंडेलवाल, जतिन नूनच, गौरी गुप्ता और मनविक पी सिंह ने सीनियर ग्रीन बेल्ट प्राप्त की। तक्षदित्य गोडारा ने सीनियर ब्राउन बेल्ट हासिल कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

उनका कहना है कि यह आयोजन अकादमी की छात्रों में प्रतिभा को निखारने और अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण था। सैनी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि कराटे न केवल एक शारीरिक व्यायाम है, बल्कि यह आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाता है। कोच बंटी का कहना है कि बच्चों ने अपने मेहनत और समर्पण से अपने कराटे सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक सोमबीर हुड्डा, वंद्रा सिंह, रविंदर कुमार सिंह, अमित गोदारा, वंदना ठाकुर, और शरद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गुरुग्राम की ईडन हाइट्स सोसायटी में ठोस कचरा प्रबंधन की ओर बढ़ाया कदम

- सोसायटी परिसर में ही किया जाने लगा है कचरे का निस्तारण



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियम–2016 की प्रभावी पालना सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर की जा रही कार्रवाई के अब सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। निगम की बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल द्वारा रोजाना विभिन्न क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया जा रहा है और बल्क वेस्ट जनरेटर्स को कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में जोन–1 क्षेत्र में कार्यरत बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह व उनकी टीम द्वारा सेक्टर–70 स्थित जीपीएल ईडन हाइट्स सोसायटी का कई बार निरीक्षण किया गया। टीम ने सोसायटी प्रबंधन को बार–बार दिशा–निर्देश जारी करते हुए प्रेरित किया कि वे अपने परिसर में ही कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करें। लगातार निरीक्षण व मार्गदर्शन का सकारात्मक असर यह रहा कि अब सोसायटी ने अपने परिसर के भीतर ही कचरा प्रबंधन की व्यवस्था शुरू कर दी है। सोसायटी प्रबंधन द्वारा अब कचरे को गीले और सूखे कचरे को अलग–अलग किया जा रहा है। साथ ही गीले कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह कदम नगर निगम के स्वच्छ गुरुग्राम के लक्ष्य की दिशा में एक सराहनीय उदाहरण बनकर उभरा है। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों के अनुसार, ठोस कचरा प्रबंधन नियम–2016 के तहत निगम सीमा में स्थित सभी रिहायशी सोसायटियों, गेटेड कॉलोनियों, होटलों, औद्योगिक व वाणिज्यिक इकाइयों, ढाबों और रेस्टोरेंट्स को अपने परिसर में ही कचरे का निस्तारण करना अनिवार्य है। ऐसे प्रतिष्ठानों को बीडब्ल्यूजी की श्रेणी में रखा गया है, जिनके यहां प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक कचरा उत्पन्न होता है अथवा जिनका क्षेत्रफल 5000 वर्ग मीटर या उससे अधिक है। नगर निगम द्वारा इन सभी इकाइयों को स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने स्तर पर कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान एवं अन्य कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य है कि गुरुग्राम को ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में स्वावलंबी शहर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी सोसायटियां और संस्थान अपने परिसर में ही कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण करें, जिससे न केवल शहर की स्वच्छता सुधरेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। निगमायुक्त ने यह भी कहा कि बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल की नियमित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जो इकाइयां अभी तक कचरा प्रबंधन नियमों का पालन नहीं कर रही हैं, उन्हें नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

- नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आयोजित विशेष जागरुकता कार्यक्रम




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सोहना रोड स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा।

नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक मुख्य अतिथि तथा वार्ड–19 के पार्षद राज सिंह अमित भड़ाना, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी तथा बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्ष प्रियंका यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह बताया कि साफ–सुथरा वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज की प्रगति और सभ्यता का भी प्रतीक है।

अपने संबोधन में संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से करनी चाहिए। हमें गीले और सूखे कचरे के लिए दो अलग–अलग डस्टबिन का उपयोग करना चाहिए, ताकि कचरे का सही प्रबंधन हो सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी को 3आर सिद्धांत अर्थात रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल को अपनाना चाहिए, जिससे कचरे की मात्रा को कम किया जा सके और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। पार्षद राज सिंह अमित भड़ाना ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़–पौधे लगाना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रियंका यादव ने सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और उसके विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम प्लास्टिक का उपयोग कम करें, तो धरती अधिक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बन सकती है। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने आस–पास के क्षेत्रों में भी सफाई के प्रति जिम्मेदारी निभाएं।

विद्यालय की प्रिंसिपल सजिता अय्यर, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़–चढकर कार्यक्रम में भाग लिया और स्वच्छ गुरुग्राम के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। सभी उपस्थित लोगों में यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन शैली का हिस्सा है, जिसे हर नागरिक को अपनाना चाहिए। वहीं, जीडी गोयनका स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने जागरुकता संदेश दिया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने शहर गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उनके साथ वरिष्ठ सफाई निरीक्षक संदीप कुमार, प्रोग्राम कोर्डिनेटर प्रियंका यादव, सफाई निरीक्षक बलजीत व फील्ड ऑफिसर हरकेश भी उपस्थित थे।

# मित्र सभा ने मनाया दीपावली मिलन समारोह




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था मित्र सभा द्वारा सैक्टर 4 स्थित सामुदायिक भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संस्था के संरक्षक धर्मसागर, विशिष्ठ अतिथि के रुप में समाजसेवी एचएस चावला शामिल हुए, जिनका संस्था के सदस्यों ने शॉल व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। संस्था के महासचिव बीके बजाज ने गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने दीपावली के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। प्रधान राजन चड्ढा ने नए सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गायक संजय मानव व राज मानव से गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को दिलचस्प बना दिया। सदस्यों के सामूहिक जन्मदिन भी मनाए गए। कार्यक्रम में प्यारेलाल वर्मा, वेद आर्य, सुधीर सेवक, अनिल ग्रोवर, आशीष सरदाना, किशोर पाहुजा, विजय भगत, राज कुमार खुराना, प्रेम शर्मा आदि सदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया।

# त्यौहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती जा रही है रौनक



- ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदार दे रहे हैं उत्पादों पर डिस्काउंट

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** त्यौहारों का सीजन शुरू हो गया है। शहर के विभिन्न बाजारों और मॉल्स में रौनक बढ़ती ही जा रही है। शहर के मुख्य सदर बाजार व एमजी रोड स्थित विभिन्न शॉपिंग मॉल्स में ग्राहकों की संख्या निरंतर बढ़ती दिखाई दे रही है।

मिष्ठान की दुकानों पर भी ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दुकानदार भी बड़े उत्साहित हैं। उनका कहना है कि उनका कारोबार अच्छा चलेगा और दीपावली तक ऐसा ही माहौल बना रहेगा। त्यौहारों को लेकर सभी दुकानदारों ने विभिन्न आइटम भी ग्राहकों की रुचि व मांग के अनुसार स्टॉक किए हुए हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए विभिन्न आइटमों पर डिस्काउंट भी देने की घोषणा दुकानदारों ने की हुई है, ताकि ग्राहक अधिक से अधिक खरीददारी करने के लिए आएं। आमजन का मानना है कि दुकानदारों ने यह डिस्काउंट ऑनलाईन मार्किट में दिए जा रहे डिस्काउंट को देखकर ही किया है। विभिन्न प्रकार के परिधानों व इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम पर अच्छा–खासा डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य आइटमों मोबाईल, लैपटॉप, घरेलू साज–सज्जा के सामानों की भी लोग खरीददारी कर रहे हैं।

चाइनीज उत्पाद बाजारों में देखने को भी नहीं मिल रहे हैं। आमजन स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर ही जोर दे रहे हैं। चाइनीज उत्पादों के प्रति नकारात्मक वातावरण बाजारों में देखने को मिल रहा है।

## समाचार

# केवल मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा खाद

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार अब खाद (यूरिया, डी.ए.पी, एन.पी.के इत्यादि) सिर्फ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन किसानों ने अपनी फसल का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण किया हुआ है। उन्होंने कहा की मेरी फसल मेरा ब्यौरा का पोर्टल दिनांक नौ अक्टूबर 2025 से खुला हुआ है। जिन भी किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं किया है वह अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर करवा सकते हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. अनिल तंवर ने किसानों से अपील की कि जिन भी किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं किया है वह अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर करवा सकते है। बिना पंजीकरण वाले किसानों को खाद सहकारी व गैर सहकारी संस्थाओं के द्वारा नहीं दिया जायेगा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होगा। किसान इस पोर्टल पर स्वयं या नजदीकी अटल सेवा केन्द्र पर जाकर अपनी फसल का पंजीकरण करा सकते है। किसी भी किसान को पंजीकरण संबंधित समस्या आती है तो वह कृषि विभाग के ब्लॉक अथवा जिला कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर संपर्क कर सकते है।

# खाद्य पदार्थों की सैंपल की रिपोर्ट आए समय पर

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** त्यौहारों का सीजन शुरू हो चुका है। दशहरा का समापन हो गया है और अब दीपावली व अन्य त्यौहारों की तैयारियां चल रही हैं। दीपावली पर मिष्ठान की मांग जबरदस्त बढ़ जाती है। मिष्ठान यानि कि मिठाई का इस्तेमाल जहां घरों में होता है, वहीं बतौर उपहार भी भेंट की जाती हैं। त्यौहार के दिनों में मिठाई की मांग जबरदस्त बढ़ जाती है और बड़े–बड़े प्रतिष्ठान मिठाई की खरीद के लिए एडवांस बुकिंग भी कराते हैं, ताकि उन्हें समय पर मिठाई उपलब्ध हो सके। त्यौहारी सीजन में दूध, घी, पनीर, मसाले, तेल आदि की मांग अधिक बढ़ जाती हैं। मिठाईयों व घी दूध तथा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट होने की खबरें भी आती रही हैं। आमजन को शुद्ध मिठाई व खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों, इसके लिए जिला प्रशासन का फूड सेफ्टी विभाग समय समय पर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर देता है और सैंपल जांच के लिए भेज दिए जाते हैं, लेकिन इन सैंपल की जांच की रिपोर्ट में समय लग जाता है। शहर के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि फूड सेफ्टी विभाग खाद्य पदार्थों के जो सैंपल लेता है और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज देता है, उसकी रिपोर्ट काफी देरी से आती है। जब तक रिपोर्ट आएगी, तब तक त्यौहारी सीजन भी समाप्त हो जाता है और इसी त्यौहारी सीजन के दौरान मिठाईयों व खाद्य पदार्थों की जबरदस्त बिक्री हो जाती है। उनका कहना है कि यदि सैंपल जांच में फैल पाए जाते हैं तो आम आदमी स्वयं को ठगा सा महसूस करेगा। उनका कहना है कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि सैंपल की जांच रिपोर्ट जल्दी ही आए, ताकि आमजन मिलावटी खाद्य पदार्थ खरीदने से बच सकें। उधर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भी खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। त्यौहारों के दिनों में विभाग खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही करता है। विभाग का उद्देश्य है कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न होने दी जाए। विभाग का यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पंजाबी धर्मशाला सोहना में सेंटीस फाउंडेशन की तरफ से आयोजित किया गया. महीने के दूसरे मंगलवार को नेत्र जांच शिविर. इसी स्थान पर आयोजित किया जाता है . इसमें 134 लोगों ने नेत्र जाँच का लाभ उठाया. इसमे 43 मरीज आँखों की कमजोरी से पीड़ित पाए गए और 12 मरीज मोतियाबिन्द से ग्रसित पाए गए उन्हें आहूजा हॉस्पिटल ले जाया गया और मुफ्त में ऑपरेशन कराए जाएंगे. 51 मरीजों की पिछले महीने आँखों की नजरे कमजोर पायी गयी थी उन सभी मरीजों को इस महीने मुफ्त में चश्मे दिए गए। और आज 43 मरीजों की नजरे कमजोर पायी गयी उनको अगले महीने के दूसरे मंगलवार को दिए जाएंगे। पंजाबी धर्मशाला की तरफ से चंद्र प्रकाश पठान, लवली जुनेजा, तिलक राज डुडेजा, राजेन्द्र अरोरा, विपिन मल्होत्रा, विनीत रातोरा, गोपाल गेरा, चंद्रभान रोटरा, अंकुर पठान, सहयोग से यह नेत्र जाँच शिविर संपन्न हुआ और निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट की तरफ से डॉ टी.एन आहूजा, डॉ मिष्ठी जैन, डॉ देवेन्द्र कुमार आहूजा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# तावडू स्कूल में सिग्नेचर ग्लोबल फाउंडेशन संस्था द्वारा वितरित की गई स्टेशनरी सामग्री

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर के रेवाड़ी रोड पर स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ग्लोबल सिग्नेचर फाउंडेशन द्वारा स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। जिसमें स्कूल बैग, रजिस्टर, लंच बॉक्स, पानी की बोतल व पैन वितरित किए गए। संस्था की संरक्षक गीता अग्रवाल व संस्था की डायरेक्टर वेदांशी अग्रवाल ने इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यह सामग्री



● इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई और सेनेटरी नैपकिन वितरित की गई। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। विद्यालय के प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़ ने संस्था का धन्यवाद प्रकट किया और उन्होंने कहा कि परोपकार सबसे बड़ा धर्म है और हमें इन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संस्कार देने चाहिए। इस अवसर विद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद रहा

वितरित की। विद्यालय के प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़ व खंड शिक्षा अधिकारी दीप्ति बोकन द्वारा शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर संस्था की संरक्षक गीता अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को यह सामग्री वितरित की गई। सभी को विद्यालय में शिक्षा को सुचारु रूप से चलाने के लिए इस सामग्री का वितरण किया गया। कुमारी वेदांशी ने अपने जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सभी विद्यार्थी गण को अभिप्रेरित किया ताकि उनमें अच्छे संस्कार विकसित किए जा सके। प्रवक्ता जयवंद जोशी द्वारा भी विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई और सेनेटरी नैपकिन वितरित की गई। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। विद्यालय के प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़ ने संस्था का धन्यवाद प्रकट किया और उन्होंने कहा कि परोपकार सबसे बड़ा धर्म है और हमें इन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संस्कार देने चाहिए। इस अवसर विद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से पटाखे बेचने के मामलें में आरोपी गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता, राजेंद्र सिंह फरीदाबाद। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखे की बिक्री प्रतिबंधित है। जिस संबंध में फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में थाना ओल्ड फरीदाबाद की टीम ने अवैध पटाखे बेचने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 64 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को थाना ओल्ड फरीदाबाद की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर अवैध रूप से पटाखे बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए शिवम शर्मा निवासी सैक्टर-18ए ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी की बसेलवा कॉलोनी स्थित दुकान से करीब 64 किलोग्राम पटाखे बरामद किये गये हैं। पूछताछ में सामने आया कि शिवम शर्मा ने अपनी दुकान में दिवाली पर बेचने के लिए पटाखे रखे हुये थे।

### युवक 13.98 ग्राम हेरोईन के साथ काबू, मामला दर्ज



उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव बावला के समीप से पुलिस ने नशीले पदार्थ हेरोईन बेचने वाले एक युवक को 13.98 ग्राम हेरोईन के साथ काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सीआईए पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए बावला रोड पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि जावेद उर्फ लुप्पा नशीला पदार्थ हैरोईन बेचने का काम करता है। जो आज भी बाबला रेलवे पुल के नीचे नशीला पदार्थ हैरोईन बेचने के लिए खडा है। पुलिस ने सूचना पर रेड मारी जहां एक युवक पुलिस की गाडी को अपनी तरफ आता देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। जिसने अपनी पहचान गांव बावला निवासी जावेद उर्फ लुप्पा के रूप में कराई। पुलिस ने युवक से 13.98 ग्राम हेरोईन बरामद कर युवक के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तेजरफ्तार ट्रक ने बाइक चालक को मारी टक्कर, मामला दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव सीलखो पहाड़ में एक हादसे में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल का उपचार के दौरान बायां पैर काटना पड़ा। यह हादसा गत 30 सितंबर का बताया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार फरीदाबाद के गांव मादलपुर थाना धौज निवासी सलमान बाइक से अपने मामा के साथ तावडू से नूंह जा रह था। जब वह गांव सीलखो पहाड़ी के पास पहुंचा और बाइक रोक कर साईड में खडा हो गया। उसी समय तावडू की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक व उसे टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में ट्रक को टायर उसके पैर पर चढ गया। जिसे उपचार के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया।

# युवा मोर्चा का दायित्व स्वदेशी के नारे को बुलंद करना है : विपुल गोयल

## स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में युवा शक्ति का संकल्प

उत्तम भारत, फरीदाबाद। भारतीय जनता युवा मोर्चा, हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मंगलवार भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यालय अटल कमल, फरीदाबाद में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा योगी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा हरियाणा के प्रदेश संगठन महामंत्री फानिन्द्र नाथ सरमा, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाध्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स तथा भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, फरीदाबाद महानगर जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र चौधरी एवं योगेश जठेडी व इस कार्यक्रम के संयोजक संदीप यादव, युवा जिला अध्यक्ष सचिन ठाकुर, कार्तिक वशिष्ठ सहित युवा मोर्चा के अनेक वरिष्ठ प्रदेश एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान सभी वक्ताओं ने संगठन सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व के विकास तथा केंद्र सरकार की लोक हितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक का संचालन कुशलतापूर्वक प्रदेश युवा मोर्चा टीम द्वारा किया गया तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ सरमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ है और आज के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। युव मोर्चा का यह दायित्व है कि मोदी जी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड$कर स्वदेशी का नारा बुलंद करना है और विकसित भारत अभियान में आगे बढ$कर कार्य करना है।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है। जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की नींव है और स्वदेशी अपनाकर 2047 तक हम विकसित राष्ट्र बनेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए और आज मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक हर पहल का लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएं। हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर और हरियाणा के खेल एवं युवा मंत्री और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री गौरव गौतम ने भी युवाओं को वोकल फॉर लोकल आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा योगी ने कहा कि युवा मोर्चा हर घर में स्वदेशी का मंत्र गूँजाने और प्रधानमंत्री मोदी जी के वोकल फॉर लोकल अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। योगेंद्र शर्मा जी ने उपस्थित कार्यकताओं को वोकल फॉर लोकल अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और हर घर स्वदेशी - घर घर स्वदेशी के मंत्र को सशक्त बनाने का संकल्प करवाया तथा यह निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा द्वारा स्वदेशी अभियान, रोजगार जागरूकता शिविर, और आत्मनिर्भरता पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। । इस अवसर पर युवा मोर्चा संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# लड़ाई झगडे के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता, नवीन शाह फरीदाबाद। पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने एक लड़ाई झगड़े के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आशु निवासी पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गली के कुछ लडके रोजाना गली के नुक्कड पर खडे हो जाते है और आपस में गली गलौच करते। 1 अक्टूबर को उसके छोटे भाई अमित ने उनको गाली गलौच करने पर टोक दिया। जिसके कुछ देर बाद वो लडके उनके घर पर आये और अमित को गली में खींच कर ले गये और उसके साथ लाठी डंडो से मारपीट की। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए भरत सिंह, नरेन्द्र कुमार व पवन कुमार निवासी पर्वतीय कालोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी गली में खडे थे और आपस में गाली गलौच कर रहे थे जिस पर अमित ने उनको टोक दिया। इस पर आवेश में आकर ये पीड़ित के घर गये और उसको घर से बाहर निकालकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 1,35,300 की ठगी



उत्तम भारत संवाददाता, राजेंद्र सिंह फरीदाबाद। टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 1,35,300 की ठगी के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। न्यू बसेलवा कॉलोनी वासी एक महिला ने शिकायत बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखा। जिस पर उसने अपनी सारी डिटेल भरी और उसको 200 रूपए वेलकम बोनस दिया गया। फिर उसे टेलिग्राम के माध्यम से होटल को रेटिंग करने काम दिया गया। पहले उसे 6 टास्क के लिए 1000 रूपए देने के लिए कहा गया जिसके बाद उसे 1500 रूपए वापिस दिया गया, फिर उसे 3000 का टास्क दिया गया जिसके बदले उसे 4200 रूपए दिए गये। जिसके बाद उससे 7000 रूपए का टास्क दिया गया जिसके बदले उसे 15,600 रूपए मिलने थे। जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो वह पैसे नहीं निकाल पायी। जिसके बाद उसे अंकाउट फ्रिज को करने का डर दिखा कर खाता चालू रखने के नाम पर विभिन्न ट्रांजेक्सन के माध्यम से कुल 1,35,300 रूपए ऐठ लिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए कमलेश कुमार निवासी गांव भिन्चारी जिला सीकर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुछताछ मे सामने आया कि कमलेश कुमार ने पूर्ण सिंह का खाता आगे ठगों को दिया था। आरोपी 11वीं पास तथा बेरोजगार है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में पूर्ण सिंह खाताधारक सहित चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# बेटी रिद्धिमा कौशिक ने लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप पर जमाया अपना कब्जा



उत्तम भारत, फरीदाबाद (नवीन शाह)। अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाडी रिद्धिमा कौशिक ने उज्जबेकिस्तान में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर वर्ल्ड कप पर अपना कब्जा जमाते हुए भारत के लिए एक गोल्ड, 2 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारतीय टीम में शामिल रिद्धिमा कौशिक 25 सदस्यीय हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।

जिसने 7 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक उज्जबेकिस्तान में आयोजित किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के फाइनल राउंड में दूसरे देशों के खिलाडियों को पटकनी देते हुए भारत की धाक जमाई। भारतीय खिलाडियों के कडे मुकाबले व बेहतर प्रदर्शन के चलते इस प्रतियोगिता में भारत छठवें स्थान पर रहा हैं। प्रतियोगिता जीतकर लौटी फरीदाबाद के सेक्टर 19 स्थित डीपीएस स्कूल की छात्रा रिद्धिमा कौशिक का फरीदाबाद लौटने पर भव्य स्वागत किया गया।ड्रैगन मार्शल लॉ एकेडमी के कोच दिव्या व संतोष थापा ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए कहा कि किकबॉक्सिंग वर्ल्ड कप में 46 देशों के खिलाडियों ने भाग लिया था। इनमें भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे करीब 25 खिलाडियोंने प्रतियोगिता जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। बांगर में जींद जिले के गांव भौंगरा में जन्मी रिद्धिमा कौशिक का यह लगातार वर्ल्ड कप पर तीसरा कब्जा है। इससे पहले भी रिद्धिमा कौशिक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में और दो साल पहले उज्जबेकिस्तान में आयोजित की गई वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश का नाम रोशन कर चुकी है। रिद्धिमा कौशिक के गोल्ड मेडल जीतने की खुशी में जींद व फरीदाबाद के लोग खुशी से झूम उठे। कोच संतोष थापा ने बताया कि रिद्धिमा कौशिक ने इस बार उज्जबेकिस्तान में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 60 किलोग्राम से कम वजन भार की लाइट कॉन्टेक्ट किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एक गोल्ड मेडल व किक लाइट प्रतियोगियों में सिल्वर मेडल जीत भारत का नाम रोशन किया।

# लड़ाई झगड़ा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। लडाई झगडा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में 3 आरोपियों को पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआईटी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका भाई 27 सितंबर को रात के समय कंपनी से घर आ रहा था। जब वह चाचा चौक के पास पहुंचा तो मोटरसाईकिल सवार तीन लडकों व उनके अन्य साथियों ने उसके भाई को रोककर मारपीट की व जातिसूचक शब्द कहे तथा केस वापस लेने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए विजय, अजय व महेश निवासी संजय इन्कलेव फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि



आरोपियान व शिकायतकर्ता पडोसी है। शिकायतकर्ता व उसकी माता ने आरोपियान विजय, अजय व महेश के खिलाफ पूर्व में मारपीट व धमकी के मामले दर्ज कराये हुए है जिनको वापस लेने का दवाब बनाने के लिए 27 सितंबर को उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के भाई हेमंत से मारपीट की थी। जिनको माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। अपराधिक रिकार्ड अनुसार शिकायतकर्ता व उसके परिवार ने आरोपियों के विरुद्ध पहले भी दो मामले दर्ज किए गये थे। जिनमें आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जो अब जमानत पर बाहर आये हुए थे।

## रेलवे स्टेशन पर चला सर्च ऑपरेशन, संदिग्ध लोगों से पूछताछ और ली तलाशी

उत्तम भारत, फरीदाबाद (दीपक जैन)। त्यौहारों के सीजन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से सतर्क दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को फरीदाबाद के ओल्ड रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने सर्च आपरेशन चलाकर यात्रियों के सामान की जांच की। यह अभियान त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया। ओल्ड रेलवे स्टेशन थाना प्रभारी राजपाल ने अपनी टीम के साथ प्लेटफार्म पर पहुंचकर यात्रियों के बैग, सूटकेस और अन्य सामानों की गहन जांच की। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने यात्रियों को समझाया कि वे यात्रा के दौरान किसी भी तरह का हथियार, ज्वलनशील पदार्थ या संदिग्ध सामान साथ लेकर न चलें। चेकिंग के दौरान किसी भी यात्री के पास कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि यह चेकिंग अभियान दिवाली, छठ पूजा और बिहार में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है, क्योंकि इन अवसरों पर यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है और भीड़भाड़ के चलते सुरक्षा जोखिम भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर पुलिस कर्मी दिनभर सक्रिय रहेंगे और सुबह, दोपहर व शाम के समय नियमित रूप से जांच की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए स्टेशन परिसर में गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस टीम हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर पैनी नजर रख रही है। थाना प्रभारी ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत रेलवे पुलिस को दें, ताकि किसी भी तरह की घटना को समय रहते रोका जा सकेगा।



# क्राईम ब्रांच भूपानी ने वाहन चोर को किया काबू, मोटरसाईकिल बरामद



उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। वाहन चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच भूपानी ने एक चोर को काबू कर मोटरसाईकिल को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आकाश निवासी डबुआ कालोनी फरीदाबाद ने थाना कोतवाली में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 11 सितंबर को उसने उसकी मोटरसाईकिल नीलम बाटा रोड के सामने खड़ी थी। जहां से किसी नामपता नामालुम व्यक्ति ने मोटरसाईकिल को चोरी कर लिया। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच भूपानी की टीम ने आकिब हकला निवासी वासी धौज फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। जिसको माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गिरफ्तार का डर दिखा कर ठगी करने के मामले में खाता ऑपरेट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने धोखाधड़ी के एक मामले में खाता ऑपरेट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सैनिक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 जून 2024 को उसके फोन पर 43,565 रूपए कटने बारे मैसेज आया, साथ दो मोबाईल नम्बर भी दिये गये थे। जब उसने मैसेज में दिये गये नम्बर पर कॉल किया तो ठगों ने कहा कि उसके कार्ड से सामान खरीदा गया है जिसकी 43565 रूपए पेमेंट हुई है और 1,46,554 रूपएबकाया है। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा कोई सामान ना खरीदने बारे बताने पर कथित बैंक कर्मी ने उसकी कॉल को साइबर अपराध शाखा मुंबई को स्थानांतरित कर दियाए फिर कथित साइबर अपराध



शाखा ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसका खाता मनी लॉन्ड्रिंग और अंग तस्करी जैसी गतिविधियों के लेन देन में प्रयोग हुआ है, अगर वह गिरफ्तारी से बचना चाहता है तो खाता में सारी जमा राशी को बताये खाता में भेज दे। जांच पूरी होने के बाद सारी राशि वापिस भेज दी जायेगी। फिर शिकायतकर्ता ने गिरफ्तारी के डर से 15,00,000 रूपए ठगों के बताये खाता में भेज दिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए जावेद अख्तर निवासी गांव बगाह जिला महाराजगंज उत्तरप्रदेश हाल भिवंडी थाणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि जावेद के पास खाता से संबंधित जानकारी टेलिग्राम के माध्यम से आती थी। वह ठगी के खाता को ऑपरेट करता और खाता में आये पैसों को आगे ठगों के पास भेज देता था। आरोपी का भिवंडी में बुर्के बनाने का कारखाना है। जिसको माननीय अदालत में पेशकर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

# महिला थाना बल्लभगढ फरीदाबाद में मेट्रो हॉस्पिटल की टीम द्वारा मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता, सुमित गोयल फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निदेर्शानुसार 14 अक्टूबर को महिला थाना बल्लभगढ फरीदाबाद में मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद की टीम द्वारा किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. स्वाति हॉस्पिटल स्टाफ पुनीत शर्मा एवं अनुज तोमर ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ. स्वाति ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही जरूरी है। तनाव, चिंता या अवसाद जैसी स्थितियों में खुलकर बात करना और विशेषज्ञ की सलाह लेना आवश्यक है। मेट्रो हॉस्पिटल टीम ने



विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और समय का सही प्रबंधन व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। इस अवसर पर महिला थाना बल्लभगढ की प्रभारी निरीक्षक सुनीता एवं स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उपस्थित सभी कर्मियों को तनाव प्रबंधन एवं कार्यस्थल पर मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए गये। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना थाए ताकि वे स्वयं तथा अपने परिवार के मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें। कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग की ओर से मेट्रो हॉस्पिटल की टीम का धन्यवाद किया गया और भविष्य में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही गई।

# 17 पेंटाजोसाइन लैक्टेट इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार, क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की कार्रवाई

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। 17 पेंटाजोसाइन लैक्टेट इंजेक्शन सहित क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सुत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कपिल निवासी मोलडबन्द दिल्ली को तिगांव से 17 पेंटाजोसाइन लैक्टेट इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक इंजेक्शन को 400 रुपये का खरीद कर लाया था, जिसको वह 1000 रुपये में बेचता था। जिसको मानीनय न्यायालय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।



P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/14/2025 8:46 PM Page 1



## अच्छे विचारों से ही जीवन का उद्धार होता है : आचार्य अमृतानंद



**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के दूसरे दिन मनुष्य के जीवन पर आचार्य द्वारा विचार रखे गए। 13 अक्टूबर 2025 से तहसील क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कथा वाचक आचार्य अमृतानंद द्वारा मनुष्य के जीवन के संदर्भ में विस्तार से वर्णन किया गया कि जितना जीवन सादगी के साथ जिया जाता है। उसका आनंद अलग ही है। यह कथा 19 अक्टूबर तक चलेगी यहां पर क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। इस कथा का आयोजन चौकीदार परिवार, समस्त ग्राम वासियों की तरफ से चल रहा है जिसमें लखनऊ से पहुंचे रविंद्र पाल सिंह, योगेश कुमार, हरिओम सिंह, सिद्धार्थ सिंह गुड़गांव, प्रदीप कुमार मुरादाबाद, श्रीओम सिंह, संजय कुमार, मास्टर ऋषिराज सिंह आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सिंचाई खंड की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की बैठक में कांठ क्षेत्र के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा निवासी मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सिंचाई खंड मुरादाबाद की एक अति आवश्यक बैठक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई जिसमें लंबित कार्यों पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। शहीद राम, प्रकाश सिंह महाविद्यालय शिवपुरी मुंडा पांडे के पुल की फाइल नक्शा नहीं लगा होने के कारण वापस कर दी गई। फाइल पूर्ण होते ही पुल का निर्माण किया जाएगा। छजलैट माइनर पर नींगु नंगला में पुल की बाउंड्री वॉल का टेंडर पास हो गया है, शीघ्र ही निर्माण कर दिया जाएगा। ग्राम फसियापुरा में नहर से रामेश्वर सिंह देवल के खेत तक



पक्की नाली का प्रस्ताव पास कर दिया है। नलकूप संख्या 244 । का री बोरिंग सामग्री उपलब्ध होते ही कर दिया जाएगा। नहर की सिल्ट सफाई 25 नवम्बर तक पूर्ण कर 30 नवंबर को पानी छोड़ दिया जाएगा जिसमें किसानों को अर्ली गेहूं बोने का सुअवसर प्राप्त होगा। लघु सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और भविष्य में ऐसी गलती करने पर एक दिन का वेतन काटने का प्रस्ताव रखा। वर्तमान में नहर कटिंग, कुलाबे और सिंचाई शुल्क की कोई समस्या नहीं है। 4 नलकूप यांत्रिक दोष एवं एक नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिसे एक सप्ताह के अंदर अंदर ठीक करा कर चालू करने का निर्देश अध्यक्ष ने दिया। देहात में डायरेक्ट लाइन पर विद्युत आपूर्ति 10 घंटे , ग्रामीण लाइन पर 18 घंटे और नगर तहसील से जुड़ी लाइन पर 21 घंटा 30 मिनट विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने की तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम, राकेश कुमार ए.ई नलकूप, कुलदीप सिंह ए.ई सिंचाई खंड, कु. पूजा ए.ई नलकूप खंड 4, श्रद्धा भट्ट पी.ई नलकूप खंड, अंबरीश कुमार एजुकेटिव इंजीनियर विद्युत विभाग, गोपाल सिंह जेई सिंचाई खंड, मलखान सिंह ए.ई अफजलगढ़ खंड, अमित कुमार डीएचओ एग्रीकल्चर , सुशील यादव टी डब्लू डी , और मुकेश उपाध्याय जेई बाढ़ खंड आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार

## नवजात शिशु का शव नाली में मिलने पर मचा हड़कंप

**उत्तम भारत संवाददाता /पाकबड़ा।** मंगलवार को पाकबड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम समाथल उस समय हड़कंप मच गया जब समा थल गांव जाने वाले मेन रास्ते पर कूड़ा घर बना हुआ हैं सुबह को जब महिलाएं घर से बाहर साफ सफाई करने को निकली तो ! कूड़ा घर के पास बने नाले में एक नवजात शिशु का शव देखा गया ! धीरे-धीरे ग्रामीण इकट्ठा होने लगे ! शव पहचान की गई ! जिसकी पहचान एक बच्ची के रूप मे हुई ! आस पास के सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए ! मगर कोई अहम सुराग नहीं मिला । सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि घटना देर रात्रि की बताई जा रही है ! जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी !मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ! पंचनामा भर कर ! पोस्टमार्टम के लिए भेज, !शव की जांच पड़ताल में जुट गई।

## दहेज उत्पीड़न एवं तीन तलाक के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसका गर्भपात करा कर तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी फरहीन की शादी जनपद अमरोहा के थाना बछराइयों के घंटाघर के पास नाजिम पुत्र इब्राहिम से 3 जनवरी 2025 को हुई थी। शादी में विवाहिता की मां ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार 3 लाख रुपए का दान दहेज भी दिया था परंतु दिए हुए दहेज से विवाहिता के ससुराल वाले खुश नहीं थे। इसी बात को लेकर विवाहिता के पति नाजिम, सास फातमा, ससुर इब्राहिम एवं अन्य परिवार के लोगों ने कम दहेज लाने पर उसके साथ मारपीट की। जब उसने अपनी मां से यह बात बताई तो उसकी मां ने दहेज देने में असमर्थता जताई। इसी बात को लेकर 20 जून को नाजिम व उसके परिजनों ने विवाहिता के साथ मारपीट की, जिससे उसका 6 माह का बच्चा मृत पैदा हुआ। विवाहिता के पति ने उसे फोन पर तीन बार तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया। इसके बाद वह अपने स्वजनों के साथ थाना कांठ पहुंची और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## निलंबित लिपिक को किया बहाल

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के निलंबित लिपिक को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बहाल कर दिया है। पिछले वर्ष 2024 में 1 सितंबर को बिहार आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के लिपिक सुनील कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार ने निलंबित कर दिया था। इसके बाद लिपिक सुनील कुमार ने जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद के कार्यालय में प्रतिवेदन देकर बहाल करने की मांग की थी जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने लिपिक के प्रति आवेदन को स्वीकार करते हुए उसकी जांच करने के बाद 10 अक्टूबर को निलंबित लिपिक सुनील कुमार को बहाल कर दिया है और बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर अंजना शर्मा ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद ने लिपिक की बहाली के आदेश कर दिए हैं।

## भोजपुर में सात गोवंशीय पशुवध तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने जिलाधिकारी की संस्तुति पर उत्तराखंड, मूंढापांडे एवं भोजपुर के सात गोवंशीय पशुवध तस्करों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि काफी दिनों से क्षेत्र में थाना क्षेत्र के गांव गोधी निवासी गैंग लीडर जाबुल हसन के अपने साथियों गांव अटरिया निवासी खुर्शीद व अनवार, थाना मूंढापांडे के गांव सिरसखेड़ा निवासी वसीम व छोटे,गोधी निवासी नाजिम और उत्तराखंड के काशीपुर के मोहल्ला खत्रियान काली बस्ती निवासी मुजफ्फर के साथ मिलकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने के उद्देश्य से गैंग बनाकर गोवंशीय पशुओं का वध करके मांस की तस्करी करने की सूचनाएं मिल रहीं थीं। बीट के सिपाहियों ने भी उनके गोवंशीय पशुओं का कटान करने के धंधे में संलिप्त होने का तस्करा थाने की जीडी में दर्ज किया है। शिकायतों को गंभीरता लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर जांच की तो आरोप सही पाए गए। इस पर आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला तो उनके उपर गोवंशीय पशुवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे भिन्न अदालतों में विचाराधीन मिले। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम का चार्ट बनाकर अनुमति के लिए जिलाधिकारी को भेजा गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार की संस्तुति मिलने पर गैंग लीडर जाबुल हसन, नाजिम,वसीम, छोटे, खुर्शीद,अनवर और मुजफ्फर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी आरोपी जमानत पर जेल से बाहर बताएं जा रहे हैं।

## छह महिलाओं के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला धर्मपुर आंगा में बच्चों को खेलने के दौरान दो पक्षों की महिलाओं में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने प्रीति की तहरीर पर सुनीता, कविता, विनीता,बोबी,तौसी और भूरी के खिलाफ वादी के भाई किशन को स्कूल जाते हुए रास्ते में रोककर पीटने एवं बीच-बचाव करने आई बहन सविता को सड़क में घेरकर मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में केस दर्ज कर घायल भाई बहन को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। केस की विवेचना उप निरीक्षक राहुल गोयल कर रहे हैं।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का एडीएम प्रशासन ने किया शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया। डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ विकास सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित करना है तथा जो युवा तंबाकू का सेवन कर रहे हैं उन्हें इसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए तंबाकू की लत से छुटकारा दिलाना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस अभियान के अंतर्गत 1100 विद्यालयों और 100 गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रत्येक जिले को दिया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेसिक शिक्षा, पंचायती राज और पुलिस विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।

# स्वदेशी मेला स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम है: मंडलायुक्त

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रहे स्वदेशी मेला,2025 के षष्ठम दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने स्वदेशी मेला परिसर में ही लगाए गए मंडलीय सरस मेले का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर श्रृंखला भी प्रस्तुत की गई। मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को आनंद और उल्लास से भर दिया। मंडलायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी मेला स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करने का एक



सशक्त माध्यम है। यह मेला न केवल व्यापार का मंच है, बल्कि हमारी परंपरा, संस्कृति और स्वदेशी भावना का उत्सव भी है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन युवा उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और नवाचार को बढ़ावा देते हैं, जिससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद मिलती है। मुरादाबाद अपने पीतल उद्योग के लिए विश्वविख्यात है, आज इस स्वदेशी मंच के माध्यम से अन्य हस्तकलाओं और उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वदेशी उत्पादों को खरीद कर देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भागीदार बनें। यह मेला केवल वस्तुओं का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की सामूहिक प्रतिज्ञा भी है। मेले में सरस मेले के अंतर्गत 30 अतिरिक्त स्टॉल लगाए गए, जहाँ विशेष रूप से हस्तनिर्मित दीपावली उत्पाद, दीये, लैंप, लाइट्स, चीनी मिट्टी के बर्तन (चीनी के पॉट्स) और सजावटी सामान प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखने और खरीदने में आगंतुकों ने विशेष रुचि दिखाई। स्वदेशी मेला 2025 में स्थानीय उद्यमियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों ने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रेणु रानी जी ने विदुर ब्रांड नाम से एक स्टॉल लगाया, जहाँ उन्होंने स्वयं द्वारा तैयार किए गए मसाले, सरसों का तेल, मल्टी ग्रेन आटा, साबुन, सर्फ, सेनेटरी नैपकिन और शहद जैसे अनेक स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए। उनका यह प्रयास महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण है। अनिल चौधरी जी द्वारा बीज ऑर्गेनिक के नाम से लगाए गए स्टॉल पर ऑर्गेनिक गुड़, ऑर्गेनिक शक्कर, ऑर्गेनिक गन्ना सिरका और ऑर्गेनिक आंवला सत्व जैसे प्राकृतिक उत्पादों की श्रृंखला ने लोगों का दिल जीता। इन उत्पादों ने स्वस्थ और जैविक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। सुलताना जरीन जी ने अपने स्टॉल पर ग्लास बीड्स (काँच की मनियों) से बने आकर्षक पिलो कवर, प्लेसमेंट्स और रनर्स प्रदर्शित किए।

## मूंढापांडे फर्जी निकली महिला पर बदमाशों द्वारा गोली चलाने की घटना

**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे।** थाना मूंढापांडे क्षेत्र से महिला जात को शर्मशार कर देनें वाली घटना सामने आई है। आप को बतादें कि,नसरीन नामक महिला निवासी पैपटपुरा और उसके दूसरे पति अफजल निवासी वीरपुर वरियार उर्फ खरक व उसके दोस्त इसरार ने मिलकर महिला के पहले पति हबीब को फंसानें के लिएं खुद पर बदमाशों द्वारा गोली चलाने की झूठी घटना रच डाली। और स्थानीय मीडिया ने भी गला फाड़ फाड़ कर महिला पर हमला करने की लंबी लंबी स्किप्टें लिख डालीं। लेकिन दैनिक समाचार के रिपोर्टर इस झूठी घटना पर सवाल खड़े कर रहे थे जिसमें महिला ने बताया कि, उसके पहले पति और यासीन नामक एक व्यक्ति ने उनपर जान लेवा हमला कर दिया और पुलिस को भी झूठी सूचना दे डाली महिला की सूचना पर पुलिस व फौरेंसिक टीम आननफानन में घटना स्थल पर पहुंचीं तो महिला नसरीन घायल अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने उसको अस्पताल भेज दिया और हर पहलू पर गहराई से जांच की तो जांच में यह बात सामने आई कि यह सारी घटना महिला और उसके पति और इसरार ने पहले पति को फसाने के लिएं यह साजिश रची थी। जिसके चलते पुलिस ने इसरार और अफजल को जेल भेज दिया। और उपचार के बाद महिला को भी जेल की हवा खानी पड़ेगी। इतना ही नहीं 420 महिला की नन्द नु लिखित में नामजद तहरीर देकर निदोर्षों पर कार्रवाई करने की मांग कर डाली थी जो सारा मामला उल्टा पड़ गया।

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण पर प्रवर्तन कार्रवाई

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा चलाया जा रहा सघन प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के निर्देशन में मंगलवार को प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा गुरेठा रोड, थाना पकवाड़ा, जोन-1, सब-जोन-



1ए में कार्रवाई की गई। क्रम वाद संख्या विपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवा में एमयूडीए/1/ एएनआई/2025/0002653 मोहम्मद इसराइल गुरेठा रोड, थाना पकवाड़ा, जोन-1 सब-जोन-1ए लगभग 120 वर्ग मीटर अवैध निर्माण सील किया गया। साथ ही चेतवानी दी कि प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना कोई भी व्यक्ति भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग या निर्माण कार्य न करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण, सीलिंग एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन 2025 के अनुरूप ही भूमि विकास एवं निर्माण कार्य करें। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान आगे भी सख्ती, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

## हर्षोल्लास से मनाया 541 वा स्थापना दिवस

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर स्थित भूड़ टीबा विश्नोई मंदिर में 541 वे विश्नोई स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर स्थित भूड़ टीबा विश्नोई मंदिर में 541 वे विश्नोई स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रातःकाल समस्त पर्यावरण प्रेमियों ने यज्ञ में आहुति देकर कार्यक्रम आरंभ किया। विचार गोष्ठी में सकारात्मक विषय को बढ़ावा दिया गया जिसमें जीव रक्षा , प्रतिभाओं को उभारना , गौ सेवा , युवाओं को शिक्षित बनाना समाज को सशक्त को बनाना आदि विषयों पर समाज को संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्वात्मानंद जी महाराज , श्रणवानंद जी महाराज , कमेटी के अध्यक्ष कुंवर सुरेन्द्र सिंह बिश्नोई , डॉ ओमराज सिंह , सी पी सिंह , श्रीओम बिश्नोई , भाजपा मंडल मंत्री दिव्यांश बिश्नोई , भानु बिश्नोई , शानू बिश्नोई , राजन बिश्नोई , अंकित बिश्नोई , अक्षत विश्नोई आदि रहे ।

## बिजलेंस की टीम ने नगर में की छापेमारी 35 बकायदारों के कनेक्शन काटे

**उत्तम भारत संवाददाता/ अगवानपुर।** मंगलवार को नगर में विद्युत विभाग बिजलेंस टीम द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें 35 बकायदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। जिन लोगों की दुकान में मीटर नहीं लगे थे। वो लोग दुकानें बंद करके भाग गए। इस दौरान बिजलेंस टीम मुरादाबाद प्रभारी राज गौतम बिजलेंस अवर अभियंता एवं अवर अभियंता अगवानपुर तथा अन्य स्टाफ द्वारा विद्युत विच्छेदन अभियान चलाकर लगभग 35 लाइन विच्छेदित की गई। जिन पर 5 लाख का बकाया था। जिसमें लगभग 1 लाख बकाया की वसूली कर जमा कराया गया अगवानपुर अवर अभियंता ने बताया कि दशहरे के बाद से ही मौसम बदलता जा रहा हैं। कुछ लोगों ने ऐसी कूलर भी बंद कर दिए हैं। लेकिन फिर भी बिजली की खपत बरकरार है। इस मतलब कही न कही नगर में बिजली चोरी की जा रही हैं। मंगलवार को नगर में छापेमारी की गई है। साथ ही बिजली बिल जमा न करने वाले 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। बिजली बिल का समय से भुगतान न करने वालों के घर ओर दुकान पर यह कनेक्शन काटने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एंकर अंजना ओम कश्यप के खिलाफ वाल्मीकि समाज का प्रदर्शन पोती कालक

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने न्यूज एंकर अंजना ओम कश्यप के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर एंकर अंजना ओम कश्यप की फोटो जलाई और भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने उसकी फोटो पर कालिक पोतते हुए न्यूज चौनल और अंजना ओम कश्यप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन के दौरान वाल्मीकि समाज का कहना है कि अंजना ओम कश्यप ने वाल्मीकि भगवान के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में हमारी भावनाओं को आहत किया है, जिससे पूरे वाल्मीकि समाज में रोशुरू उत्पन्न है मामले की जानकारी देते हुए भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड ने बताया कि न्यूज एंकर अंजना ओम कश्यप के द्वारा भगवान वाल्मीकि को अपशब्दों का प्रयोग किया गया है।

# नवजात शिशु को इनक्यूबेटर मशीन में रखने के 24 घंटे उपरांत मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मौढ़ी मार्ग पर एक अस्पताल में एक नवजात शिशु को इनक्यूबेटर मशीन में रखने के 24 घंटे उपरांत शिशु की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर एवं परिसर के बाहर हंगामा करते हुए न्याय की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक समीपवर्ती ग्राम के निकट एक दंपति का मुरादाबाद एक अस्पताल में एक नवजात शिशु बड़े ऑपरेशन से हुआ था। जहां चिकित्सकों ने परिजनों को अपने गांव के समीप ही आईसीयू में इनक्यूबेटर मशीन में रखने की



सलाह दी थी। रविवार की शाम शिशु को परिजनों ने ग्राम मौढ़ी मार्ग पर एक ईंट भट्टे के समीप अस्पताल में कंपाउंडर ने भर्ती कर शिशु को इनक्यूबेटर मशीन में रखकर समस्त जांच कराई। शिशु की सभी जांच भी नॉर्मल आईं। रात्रि 9.30 बजे चिकित्सक ने शिशु की समस्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए बताया कि मशीन में 24 घंटे रखने के बाद शिशु नॉर्मल हो जाएगा। इसके उपरांत अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं रहा। कंपाउंडर ने 24 घंटे पूर्ण हो जाने के उपरांत मंगलवार की सुबह 9.30 बजे तक बच्चा नॉर्मल हो गया। इसके उपरांत शिशु की मौत हो गई। शिशु की मौत के उपरांत बच्चों के परिजन व अन्य लोग भी अस्पताल परिसर में पहुंच गए, जहां परिजनों ने परिसर एवं उसके उपरांत अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा करते हुए अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जबरदस्त हंगामा करते हुए न्याय की मांग की है। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से शिशु की मौत हुई है। इस मौके पर मौजूद एकत्रित लोगों ने परिजनों की वीडियो भी बनाई जिसके वायरल होने पर अस्पताल के चिकित्सक सहमे हुए हैं।

# दीया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में दीया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को नगर कांठ में स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में कक्षा एक से पांच तक के छात्र - छात्राओं के लिए दिया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ऐसे आयोजन छात्रों को सीखने के नए तरीके प्रदान करता है और उनकी समग्र विकास में मदद करता है। दीया डेकोरेशन एंड



कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता एक रचनात्मक और कलात्मक आयोजन था जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक और सुंदर दीयों को सजाया और आकर्षक कैंडल बनाए , जिन्होंने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने द्वारा सजाए गए दीए और कैंडल में विविधता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र छात्राओं को अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता को विकसित करने का अवसर मिला और उन्हें अपने कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला। स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई एवं प्रबंधक सचिन विश्नोई ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं सराहना और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**● ब्लॉक स्तर पर भी ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की मॉनिटरिंग के लिए बीडीओ को निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) के अंतर्गत जनपद में संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर प्रभावी ढंग से रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के साथ समन्वय करके प्रत्येक सप्ताह विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायतवार साफ



सफाई, एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव और आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालयों के आसपास झाड़ियां के कटान की स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालयों के आसपास गंदगी और झाड़ियों की वजह से बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है इसलिए खंड शिक्षा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास गंभीरता पूर्वक सफाई कार्य कराना सुनिश्चित करें। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के स्तर से मिलने वाली गंदगी और जल भराव जैसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी ग्राम पंचायतों में नियमित तौर पर बेहतर साफ सफाई और एंटी लारवा दवाओं के छिड़काव के साथ ही गांव के बाहरी क्षेत्रों में कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर भी प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि गांव के बाहरी क्षेत्रों में स्थित कूड़े के ढेर को गड्ढे में भरवाकर निस्तारित कराया जाए। आमजन को साफ सफाई के महत्व और गंदगी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं तथा दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक करने पर जोर दिया जाए ताकि वे अपने आसपास साफ सफाई को लेकर गंभीर बने। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशः देवरिया पुलिस महकमें में बड़ा बदलाव, 25 निरीक्षक-उपनिरीक्षकों का तबादला

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया के पुलिस महकमे में एक बार फिर अधिकारियों का तबादला देखने को मिला है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने जिले के 25 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल कर दिया है। कई थानों की कमान बदली गई है तो कई अनुभवी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उपनिरीक्षक दिनेश मिश्रा को




खुखुंदू थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं अब तक खुखुंदू थानाध्यक्ष रहे निरीक्षक कल्याण सिंह सागर को रुद्रपुर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक संतोष कुमार सिंह (जो अब तक मीडिया सेल प्रभारी के पद पर कार्यरत थे) को लार थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महेंद्र चतुर्वेदी, जो पहले

**● पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने जिले के 25 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल कर दिया है। कई थानों की कमान बदली गई है तो कई अनुभवी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई**

लार थाने के प्रभारी थे, अब सलेमपुर कोतवाली की कमान संभालेंगे। बरहज थाने के प्रभारी राहुल सिंह को अब गौरी बाजार थाना सौंपा गया है, जबकि गौरी बाजार थाने के वर्तमान थानाध्यक्ष रंजीत भदौरिया को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं निरीक्षक गोरखनाथ सरोज को बनकटा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी पीआरओ डॉ. महेंद्र कुमार को अब श्रीरामपुर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि उनकी जगह उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह (जो अब तक गरुड़ पार चौकी प्रभारी थे) को नया एसपी पीआरओ नियुक्त किया गया है। पूनम यादव को एसएसआई महिला थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश सिंह को मइल थाना का प्रभारी निदेशक बनाया गया है। दिग्विजय सिंह को महुआडीह थाना में एसएसआई की जिम्मेदारी मिली है। गोरखनाथ सरोज को बनकटा थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इन तबादलों के बाद पूरे जिले में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। पुलिस विभाग में इसे एक बड़ी प्रशासनिक कवायद माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह फेरबदल जिले में पुलिसिंग को और मजबूत बनाने तथा कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से किया गया है। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि जिले में पारदर्शी और जिम्मेदार पुलिस व्यवस्था ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी अच्छा काम करेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

मॉस्को। रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है। उन्होंने कहा, ऐसे सभी प्राकृतिक हीरों की तादाद दो प्रतिशत से अधिक नहीं हैं। वी. ग्रिब भंडार का विकास रूसी हीरा खनन कंपनी एजीडी डायमंड्स द्वारा किया गया है। रूस मात्रा के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा हीरा उत्पादक देश है, जबकि इसका आर्कान्जेस्क क्षेत्र देश का एक प्रमुख हीरा खनन क्षेत्र है। उल्लेखनीय है कोहिनूर हीरा करीब 190 कैरेट का था पर बाद में तराशे जाने के बाद इसका कैरेट कम होता चला गया। दुनिया का सबसे अधिक कैरेट के हीरों में कलिनन (3106 कैरेट) और सर्जियो (3167 कैरेट) को माना जाता है। कैरेट का रत्नों में उनके वजन से और सोने में शुद्धता से होता है। वजन में देखें तो एक कैरेट का वजन 200 मिलीग्राम होता है।

### तख्तापलट की कोशिश, राष्ट्रपति राजोइलिना सुरक्षित

एंटानानारिवो। मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना ने कहा है कि उन पर हुए एक जानलेवा हमले के बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक 'सुरक्षित स्थान' पर शरण ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में श्री राजोइलिना ने दावा किया कि उन पर 'राजनेताओं द्वारा प्रेरित सैन्य कर्मियों' ने हत्या का प्रयास किया गया था। उन्होंने अपनी जगह का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता संविधान का सम्मान करना है। गौरतलब है कि गत 25 सितंबर को, युवा प्रदर्शनकारियों ने पानी और बिजली की कमी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। कुछ प्रदर्शन हिंसक हो गए और जल्द ही राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग तक पहुंच गए। छह अक्टूबर को देश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार को भंग करने के एक सप्ताह बाद श्री राजोइलिना ने रुफिन फोटुर्नैट डिम्बिसोआ जाफि सम्बो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

### स्पेसएक्स ने स्टारशिप का किया 11वां उड़ान परीक्षण

लॉस एंजिल्स। स्पेसएक्स ने अपने विशाल स्टारशिप रॉकेट का 11वां उड़ान परीक्षण किया। स्टारशिप ने अमेरिकी राज्य टेक्सास में कंपनी के स्टारबेस केंद्र से लगभग 6:23 बजे उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद, स्टारशिप के रैप्टर इंजन हॉट-स्टेजिंग अलग होने के दौरान प्रज्वलित हो गये। सुपर हैवी बूस्टर ने मेक्सिको की खाड़ी में निर्धारित स्पलैशडाउन किया और एक नियोजित तटवर्ती चरण में प्रवेश किया। स्पेसएक्स के अनुसार, उड़ान परीक्षण का उद्देश्य अगली पीढ़ी के सुपर हैवी बूस्टर के लिए डेटा एकत्रित करना, स्टारशिप के हीट शील्ड का स्ट्रेस टेस्ट करना तथा प्रक्षेपण स्थल पर भविष्य में वापसी के लिए ऊपरी चरण के अंतिम दृष्टिकोण का अनुकरण करने वाले युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करना है।

### डेविड एडियांग नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

सिडनी। नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान श्री एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं। उबेनिडे, नाउरू का सबसे अधिक आबादी वाला निर्वाचन क्षेत्र है। जिसका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए चार सांसदों में से एडियांग को सबसे ज्यादा वोट प्राप्त हुए। मार्कस स्टीफन आज फिर से संसद के अध्यक्ष चुने गए। वह 2007 से 2011 के बीच नाउरू के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 लोगों की मौत

काराकस। दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालिका के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमजोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं। रोसियो के मेयर वुइहेल्म टोरेलास ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। जल निकासी और बचाव कार्यों के समन्वय के लिए घटनास्थल के पास एक कमांड पोस्ट स्थापित किया गया है।

# गाजा युद्धविराम समझौते के समर्थन में दस्तावेज पर किए गए साइन

शेख। हाल ही में गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर एक अहम दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस दस्तावेज पर चार देशों के मध्यस्थों ने साइन किए। इनमें मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल शामिल थे। हालांकि, इसमें न तो इजरायल और न ही हमास के प्रतिनिधि मौजूद थे। यह समझौता मिस्र और अमेरिका की संयुक्त अध्यक्षता में शर्म अल-शेख में हुए शांति सम्मेलन में हुआ, जिसमें 20 से अधिक देशों के नेता और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हुए।
शिखर सम्मेलन में अपने भाषण में सीसी ने कहा, 'मैं इस महत्वपूर्ण और निर्णायक ऐतिहासिक मोड़ पर शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन में आप सभी का स्वागत करता हूं, जहां हम सब मिलकर गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए शर्म अल-शेख समझौते पर हस्ताक्षर



होते हुए देखे हैं।' सीसी ने कहा कि इस युद्धविराम योजना को पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए ताकि दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में ठोस कदम बढ़ सकें। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गाजा युद्ध समाप्त करने के लिए हुए शर्म अल-शेख समझौते को मजबूती देना था। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, यह समझौता 9 अक्टूबर को मिस्र, अमेरिका, कतर और तुर्की की मध्यस्थता से हुआ था। इसमें सभी देशों ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि युद्धविराम कायम रखा जा सके, बंधकों की अदला-बदली पूरी हो, इजरायली सेनाएं पीछे हटें और मानवीय सहायता गाजा पट्टी तक पहुंच सके। योजना के पहले चरण में इजरायली सैनिकों का गाजा सिटी, रफा, खान यूनुस और उत्तर

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल शामिल थे। हालांकि, इसमें न तो इजरायल और न ही हमास के प्रतिनिधि मौजूद थे। यह समझौता मिस्र और अमेरिका की संयुक्त अध्यक्षता में शर्म अल-शेख में हुए शांति सम्मेलन में हुआ, जिसमें 20 से अधिक देशों के नेता और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हुए। शिखर सम्मेलन में अपने भाषण में सीसी ने कहा, 'मैं इस महत्वपूर्ण और निर्णायक ऐतिहासिक मोड़ पर शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन में आप सभी का स्वागत करता हूं,**

क्षेत्र से हटना, कैदियों और बंधकों की अदला-बदली और पांच राहत चौकियों का खुलना शामिल है। हमास ने जानकारी दी कि उसने बचे हुए 20 जीवित बंधकों को रिहा कर दिया है, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिण इजरायल पर हमले के दौरान पकड़ा गया था। इस बीच, इजरायली अधिकारियों ने अदला-बदली समझौते के तहत लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों और खाद्य विशेषज्ञों के अनुसार, दो साल से ज्यादा समय से चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों ने गाजा को तबाह कर दिया है, जिसमें 67,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और अकाल की स्थिति पैदा हो गई है।

## राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मिस्र के राष्ट्रपति सिसी से की मुलाकात




शर्म अल शेख (मिस्र)। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का शर्म अल शेख में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने स्वागत किया। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'शर्म अल-शेख में गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान मिस्र के महामहिम राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मिलना सौभाग्य की बात थी। मिस्र और भारत के बीच एक महत्वपूर्ण और जीवंत रणनीतिक साझेदारी है। शिखर सम्मेलन ने शांति और संवाद के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। भारत मध्य पूर्व में शांति, स्थिरता और स्थायी सुरक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।' मंत्री इस शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचे थे। 'शर्म अल-शेख में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में ऐतिहासिक शहर काहिरा पहुंचे।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इजरायली बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'अटूट शांति प्रयासों' और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के 'दृढ़ संकल्प' की सराहना की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक रहने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आजादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रंप के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हम क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करते हैं।' इससे पहले, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गाजा में दो साल से ज्यादा समय तक बंधक रहने के बाद, शेष सभी 20 जीवित इजरायली बंधकों को हमास ने रिहा कर दिया है और इजरायली अधिकारियों को सौंप दिया है।

## अगले साल टीचर्स के लिए आयोजित की जाएंगी तीन टीईटी परीक्षाएं

चेन्नई। टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) पास नहीं कर पाए सैकड़ों शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए तमिलनाडु सरकार ने एक आदेश जारी किया, जिसमें बताया गया कि साल 2026 में तीन खास टीईटी परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षाएं उन सभी शिक्षकों के लिए होंगी, जो अभी राज्य के प्राथमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में काम कर रहे हैं, लेकिन जिन्होंने अब तक यह जरूरी परीक्षा पास नहीं की है।
बता दें कि प्राथमिक शिक्षा विभाग उन स्कूलों को नियंत्रित करता है जो पंचायत यूनियन, नगरपालिका, कॉरपोरेशन और सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में काम करने वाले ज्यादातर शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें टीईटी सिस्टम शुरू होने से पहले ही नौकरी मिल गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह जरूरी हो गया है कि हर सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के शिक्षक टीईटी पास करें। यह नियम इसलिए

**● तमिलनाडु सरकार का बड़ा फैसलाः स्कूलों में काम करने वाले ज्यादातर शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें टीईटी सिस्टम शुरू होने से पहले ही नौकरी मिल गई थी**

बनाया गया है ताकि सभी शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यता के साथ बच्चों को पढ़ा सकें। अब जो शिक्षक टीईटी लागू होने से पहले भर्ती हुए हैं, उन्हें भी यह परीक्षा पास करनी होगी। इस कदम के बाद शिक्षक बिना टीईटी पास किए अपनी नौकरी तो जारी रख सकते है, लेकिन वे भविष्य में पदोन्नति और अन्य लाभ तभी प्राप्त कर सकेंगे जब वे यह परीक्षा पास कर लेंगे। सरकार ने साल में तीन बार खास टीईटी परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। ये परीक्षाएं जनवरी, जुलाई और दिसंबर में होंगी। इससे उन शिक्षकों को कई बार मौका मिलेगा जो अब तक टीईटी पास नहीं कर पाए हैं, ताकि वे बार-बार कोशिश कर अपनी योग्यता साबित कर सकें। इन परीक्षाओं का आयोजन राज्य का टीचर्स रिक्रूटमेंट बोर्ड (टीआरबी) करेगा। इसके अलावा, सरकार उन शिक्षकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग सत्र भी रखेगी। ये ट्रेनिंग सत्र सप्ताहांत पर आयोजित होंगे और जिला या राजस्व क्षेत्र स्तर पर होंगे। ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को उनके विषय की जानकारी और पढ़ाने के तरीकों को बेहतर बनाने में मदद करना है ताकि वे परीक्षा में अच्छे नंबर प्राप्त कर सकें। इन ट्रेनिंग सत्रों का समन्वय स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी) करेगा। यह संस्था शिक्षकों की पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए काम करती है। सरकार का मानना है कि परीक्षा से पहले यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए बेहद मददगार होगा और उनकी तैयारी को बेहतर बनाएगा।

## दिवाली तोहफा, अब किसी भी स्टाम्प कार्यालय में करा सकेंगे दस्तावेज पंजीकरण

मुंबई। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मुंबई और मुंबई उपनगरों के नागरिकों, व्यवसायियों और कंपनी मालिकों को बड़ी राहत देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब मुंबईवासी अपने क्षेत्र की सीमा के बिना शहर के किसी भी स्टाम्प कार्यालय में दस्तावेज पंजीकरण करा सकेंगे। इस फैसले से पंजीकरण प्रक्रिया आसान और तेज होगी, जिससे लोगों का समय और परेशानी बचेगी। पहले नागरिकों को अपने क्षेत्र के स्टाम्प कार्यालय में ही दस्तावेज पंजीकृत कराने पड़ते थे, लेकिन अब इस शर्त को हटा दिया गया है। मुंबई शहर और उपनगरों के निवासी अब संपत्ति समझौते, किराया समझौते, उत्तराधिकार से संबंधित दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का पंजीकरण मुंबई के छह स्टाम्प कार्यालयों बोरीवली, कुर्ला, अंधेरी, मुंबई शहर, स्टाम्प कलेक्टर कार्यालय (कार्यान्वयन एक और दो), और पुराने कस्टम हाउस के पास स्थित प्रधान स्टाम्प कार्यालय में से किसी में भी करा सकेंगे। इस सुधार से न केवल पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि कार्यालयों में भीड़ और अनावश्यक देरी कम होगी। नागरिकों को अब अपने क्षेत्र के कार्यालय तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उनकी सुविधा बढ़ेगी। इस निर्णय को लागू करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एक सरकारी राजपत्र भी जारी किया है, जो इस बदलाव को औपचारिक रूप देता है। राजस्व विभाग का यह कदम मुंबईवासियों के लिए दिवाली के मौके पर एक बड़ा तोहफा है। विभाग ने कहा कि यह सुधार प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग ने कहा कि इससे लोगों को जटिल प्रक्रियाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे उनके समय और संसाधन दोनों की बचत होगी।

**दोनों के बीच पिछली मुलाकातों का हवाला देते हुए पूछा कि ट्रंप और मोदी के बीच यह कैसी दोस्ती है**

# मोदी और ट्रंप के बीच यह कैसी दोस्ती हैः कांग्रेस का निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की प्रशंसा किए जाने को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ट्रंप के साथ दोस्ती बढ़ाने की 'हताशापूर्ण कोशिशों' के बावजूद, अमेरिकी नेता भारत को किस तरह का संकेत दे रहे हैं। विपक्षी दल ने ट्रंप द्वारा मुनीर की प्रशंसा और दोनों के बीच पिछली मुलाकातों का हवाला देते हुए पूछा कि ट्रंप और मोदी के बीच यह कैसी दोस्ती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप को अपना अच्छा दोस्त बताते रहते हैं और सच कहें



तो अमेरिकी नेता भी मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते रहते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'लेकिन यह कैसी दोस्ती है ? राष्ट्रपति ट्रंप ने 18 जून, 2025 को व्हाइट हाउस में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए एक अभूतपूर्व भोज की मेजबानी की। यह वही फील्ड मार्शल हैं जिनके भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से जहरीले बयानों ने 22 अप्रैल, 2025 को पाकिस्तान द्वारा किए गए पहलगाम आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की। उन्होंने कहा कि इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 1 अक्टूबर, 2025 को व्हाइट हाउस में फील्ड मार्शल से दूसरी बार मुलाकात की, जब फील्ड मार्शल ने राष्ट्रपति ट्रंप को दुर्लभ मृदा तत्वों से भरा एक डिब्बा भेंट किया। रमेश ने कहा, अब कल मिस्र में, राष्ट्रपति ट्रंप ने आसिम मुनीर को 'मेरा पसंदीदा फील्ड मार्शल' कहा और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को विशेष स्थान दिया। मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी दोस्ती बढ़ाने की बेताब कोशिशों के बावजूद, राष्ट्रपति ट्रंप भारत को किस तरह का संकेत दे रहे हैं ? रमेश ने कहा कि यह कैसी दोस्ती है। शरीफ और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर की प्रशंसा करते हुए, ट्रंप ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद इजराइल-हमास युद्ध थम गया। ट्रंप ने मुनीर को, जो इस अवसर पर उपस्थित नहीं थे, पाकिस्तान के मेरे पसंदीदा फील्ड मार्शल कहा। ट्रंप ने सोमवार को भारत और प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उनकी भी प्रशंसा की और कहा कि भारत एक महान देश है जहां शीर्ष पद पर मेरे अच्छे दोस्त हैं।

## राजनीतिक तनाव के बीच तमिलनाडु विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र की शुरूआत मंगलवार को हो गई। अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कार्यवाही की अध्यक्षता में पारंपरिक तिरुक्कुरल गायन से सत्र की शुरूआत हुई। सत्र में दिवंगत आठ पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद 27 सितंबर को एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई करूर भगदड़ में मारे गए 41 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। विधानसभा ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंद, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, नागालैंड के पूर्व राज्यपाल एल. गणेशन, भाकपा महासचिव सुधाकर रेड्डी और आईएएस अधिकारी डॉ. बीला वेंकटेशन सहित कई प्रमुख हस्तियों के लिए शोक प्रस्ताव भी पारित किए। उपस्थित सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में उनके प्रत्येक योगदान को गहरे सम्मान के साथ याद किया। वालपराई विधायक डी.के. एआईएडीएमके के अमूल कंदसामी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। सभी दलों के सदस्यों ने श्रद्धांजलि स्वरूप मौन धारण किया। शोक सभा की कार्यवाही पूरी करने के बाद, अध्यक्ष अप्पावु ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी और घोषणा की कि सत्र बुधवार को फिर से शुरू होगा। कार्यसूची के अनुसार, वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसू 15 अक्टूबर को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए अनुपूरक अनुमान प्रस्तुत करेंगे। अनुदानों पर चर्चा 16 अक्टूबर को होगी, और मंत्री 17 अक्टूबर को बहस का उत्तर देंगे, जिसके साथ ही यह अल्पकालिक सत्र समाप्त हो जाएगा। प्रत्येक दिन की बैठक सुबह 9.30 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी, जिसके बाद विधायी कार्य होंगे। शीतकालीन सत्र, हालांकि संक्षिप्त है, लेकिन इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की उम्मीद है, खासकर करूर त्रासदी और हाल के हफ्तों में राज्य में कानून-व्यवस्था से जुड़े अन्य विवादों के मद्देनजर। अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि कार्यवाही गरिमापूर्ण और रचनात्मक रहेगी तथा राजनीतिक मतभेदों के बावजूद जन कल्याण पर केंद्रित रहेगी।

## तस्करी कर गोवा ले जाए जा रहे 13 बच्चों को झारखंड में एक ट्रेन से बचाया

रांची। झारखंड में एक ट्रेन से एक लड़की सहित 13 बच्चों को बचाया गया, जिन्हें कथित तौर पर तस्करी कर गोवा ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'वास्को डि गामा (वीएसजी) वीकली एक्सप्रेस ट्रेन' के जरिए कुछ बच्चों की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान मुरी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़े। आरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'ट्रेन के रांची स्टेशन पर पहुंचने तक सुरक्षाकर्मियों ने बच्चों पर नजर रखी, जहां से उन्हें बचा लिया गया। बच्चों की उम्र 12 से 17 साल के बीच थी और उनमें से ज्यादातर जसीडीह जंक्शन से ट्रेन में चढ़े थे।' उन्होंने कहा, 'जब हमने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं और उनके साथ कौन है, तो उन्होंने ठीक से जवाब नहीं दिया। उन्हें पता नहीं था कि वे गोवा क्यों जा रहे हैं। उन्होंने बस इतना कहा कि उन्हें गोवा पहुंचना है, जहां उन्हें कुछ काम मिल जाएगा।' उन्होंने बताया कि इसके बाद बच्चों को 'चाइल्ड लाइन' के अधिकारियों को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जीआरपी रांची में मामला दर्ज कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक अन्य अभियान में रांची स्टेशन पर तीन आदिवासी लड़कों को बचाया गया। उन्हें तस्करी करके अगरतला ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि असुर जनजाति के इन लड़कों को अगरतला में एक मिल में काम करने के लिए भेजा जा रहा था। मामले में आरोपी जगतपाल उरांव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस को बताया कि बच्चों को गुमला से रांची लाने के लिए उसे 5,000 रुपये दिए गए थे।

## 2.15 करोड़ रु मूल्य के मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक में दो विदेशी नागरिकों को 2.15 करोड़ रुपये मूल्य के एमडीएमए और कोकीन बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में एक पुरुष और एक महिला है। पुलिस ने उनके कब्जे से 490 ग्राम एमडीएमए और 43 ग्राम कोकीन जब्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये गिरफ्तारियां इलेक्ट्रॉनिक सिटी थाने के एक निरीक्षक को आठ अक्टूबर को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर की गईं। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक सिटी के फेज 1 स्थित महालक्ष्मी लेआउट के खुले क्षेत्र में मादक पदार्थ बेच रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वह अधिक पैसा कमाने के लिए (क्रिस्टल रूप में) एमडीएमए और कोकीन बेच रहा था। उन्होंने बताया कि दो अन्य विदेशी नागरिक भी इस अवैध व्यापार में उनकी सहायता कर रहे थे, जिनमें से एक महिला है। पुलिस ने बताया कि दूसरे विदेशी नागरिक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं, जो फिलहाल फरार है।

## जम्मू पर्यटन विभाग अगले साल तक वाणिज्यिक पैराग्लाइडिंग शुरू करने की तैयारी में

ऐथम (जम्मू कश्मीर)। जम्मू पर्यटन विभाग अगले वर्ष की शुरुआत तक यहां वाणिज्यिक पैराग्लाइडिंग शुरू करने जा रहा है। यह परियोजना साहस और सशक्तिकरण की मिसाल भी है जिसका नेतृत्व 20 प्रशिक्षुओं में एकमात्र महिला पायलट डॉली शर्मा कर रही हैं। जम्मू से 19 किलोमीटर दूर स्थित ऐथम को पैराग्लाइडिंग स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। विभाग के संयुक्त निदेशक एजाज कैसर ने बताया कि प्रशिक्षु हिमाचल के बिलासपुर और बीर-बिलिंग में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षित पायलटों को आगे नियमित उड़ानें संचालित करने का अवसर मिलेगा।


